दैनिक लोकमित्र सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :83
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 24 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# एप्पल, ओला और उबर को जारी हुआ नोटिस

## ▶▶ आईफोन और एंड्रॉयड फोन पर अलग-अलग किराया चार्ज करने का मामला




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को कैब एग्रीगेटर्स ओला और उबर को अलग-अलग मूल्य निर्धारण को लेकर नोटिस जारी किया। मंत्रालय ने सवारी बुक करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल डिवाइस के प्रकार के आधार पर कथित अंतर मूल्य निर्धारण की रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण मांगा। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उन रिपोर्टों के बाद कार्रवाई की, जिनमें कहा गया था कि दोनों कंपनियां एक ही सेवा के लिए अलग-अलग किराया वसूलती हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि ग्राहक आईफोन या एंड्रॉइड डिवाइस का उपयोग कर रहा है या नहीं।अपने नोटिस में सीसीपीए ने कंपनियों से अपने मूल्य निर्धारण के तरीकों को समझाने और संभावित भेदभाव की चिंताओं को दूर करने के लिए कहा। मंत्रालय ने इस प्रथा को स्पष्ट अंतर मूल्य निर्धारण के रूप में वर्णित किया और किराया गणना में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत प्रतिक्रिया मांगी। यह कदम दिल्ली स्थित एक उद्यमी द्वारा विभिन्न उपकरणों और बैटरी स्तरों पर किराए की तुलना करने के बाद एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला में दो राइड-हेलिंग ऐप्स द्वारा अंतर मूल्य निर्धारण पर अपने निष्कर्ष साझा करने के कुछ दिनों बाद आया है।दिसंबर में मामला तब तूल पकड़ गया जब एक एक्स यूजर ने उबर ऐप पर दो फोन की तस्वीर साझा की, जिसमें कथित तौर पर एक विशेष स्थान के लिए अलग-अलग किराए दिख रहे थे। जैसे ही उनकी पोस्ट वायरल हुई, उबर ने आरोपों का जवाब देते हुए इस बात से इनकार किया कि कीमत इस्तेमाल किए गए फोन के प्रकार पर आधारित है। कंपनी ने किराए में किसी भी अंतर के लिए पिक-अप पॉइंट, आगमन के अनुमानित समय (ईटीए) और ड्रॉप-ऑफ पॉइंट में भिन्नता को जिम्मेदार ठहराया, यह बताते हुए कि वह राइडर के मोबाइल फोन निर्माता के आधार पर यात्रा मूल्य निर्धारण को वैयक्तिकृत नहीं करती है।

## लॉस एंजिल्स के उत्तर में आग लगने से दहशत

**लॉस एंजिल्स, (हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत का प्रमुख शहर लॉस एंजिल्स आग की विभीषिका से उबर नहीं पा रहा। लॉस एंजिल्स में कैस्टेइक के उत्तर में बुधवार को आग लगने से दहशत फैल गई। यह 10,000 एकड़ से अधिक में फैल गई। इस वजह से दक्षिणी कैलिफोर्निया में पिछले एक माह में हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है।लॉस एंजिल्स टाइम्स के अनुसार, सांता क्लैरिटा के उत्तर में कैस्टेइक झील के पास रह रहे लोगों को तत्काल घर छोड़ने को कहा गया है। इस बीच दक्षिणी कैलिफोर्निया में शनिवार से सोमवार तक लगभग आधा इंच तक बारिश होने की उम्मीद जताई गई है। लॉस एंजिल्स शहर और काउंटी के अधिकारियों ने कहा है कि नालियों की सफाई शुरू कर दी गई है जिससे बारिश के पानी का प्रवाह न रुके।

# नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे, विकसित भारत के लिए हमें भी कंफर्ट जोन छोड़ना होगा-प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती %पराक्रम दिवस% पर कटक में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे इसी प्रकार हमें भी विकसित भारत के लिए अपना कंफर्ट जोन छोड़ना होगा।प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के लिए जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य %आजाद हिंद% था। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए




अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा %आजाद हिंद%। नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्में। उन्होंने सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश-विदेश में भटकना पसंद किया।उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना है, उत्कृष्टता को चुनना ही है, क्षमता पर फोकस करना है। नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई। इसमें देश के हर क्षेत्र, हर वर्ग के वीर-वीरांगनाएं शामिल थे। सबकी भाषाएं अलग-अलग थी, लेकिन भावना एक थी-देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेताजी की जन्मभूमि पर हो रहा है। कटक में नेताजी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

# सांसद इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट का एनआईए को नोटिस




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में सांसद इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 30 जनवरी को करने का आदेश दिया।

इंजीनियर रशीद ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर जमानत की मांग की है। इंजीनियर रशीद ने याचिका दायर कर पटियाला हाउस कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें पटियाला हाउस कोर्ट ने 24 दिसंबर, 2024 को जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। याचिका में हाई कोर्ट से मांग की गई है कि उसकी जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए। इसके पहले इंजीनियर रशीद ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर संसद के शीतकालीन सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी।

पटियाला हाउस कोर्ट ने 10 सितंबर, 2024 को रशीद इंजीनियर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के लिए 2 अक्टूबर, 2024 तक अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद कोर्ट ने रशीद इंजीनियर की दो बार अंतरिम जमानत बढ़ाई थी। रशीद इंजीनियर ने 28 अक्टूबर, 2024 को तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था। राशिद इंजीनियर ने लोकसभा चुनाव 2024 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की है। रशीद इंजीनियर को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था।

एनआईए के मुताबिक हाफिज सईद ने हुर्रियत कांफ्रेंस के नेताओं के साथ मिलकर हवाला और दूसरे चैनलों के जरिये आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन का लेन-देन किया। इस धन का उपयोग घाटी में अशांति फैलाने, सुरक्षा बलों पर हमला करने, स्कूलों को जलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया। इसकी सूचना गृह मंत्रालय को मिलने के बाद एनआईए ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 121, 121ए और यूएपीए की धारा 13, 16, 17, 18, 20, 38, 39 और 40 के तहत केस दर्ज किया था।

## फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के आवास पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई गई

**मुंबई,(हि.स.)।** मुंबई पुलिस ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि, सैफ अली खान ने हमले के बाद निजी सुरक्षा भी तैनात की है। सैफ के आवास पर जाली लगाने, सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम भी शुरू किया गया है।दरअसल, सैफ अली खान के घर में घुसकर 16 जनवरी की रात को एक शख्स ने हमला कर दिया था। इसके बाद सैफ अली खान का परिवार अभी तक सदमे में है। इस मामले में पुलिस ने एक बांग्लादेशी शख्स को गिरफ्तार किया है। इस हमले के बाद पुलिस ने सैफ अली खान व उनके परिवार को मामले की छानबीन तक फिलहाल सुरक्षा देने का निर्णय किया है। हालांकि, इस बारे में पुलिस की ओर से अधिकृत जानकारी भी नहीं दी गई है। हमले की जांच कर रही पुलिस को पता चला है कि सैफ अली खान के आवास पर सुरक्षा का कोई खास इंतजाम नहीं था। उनके बांद्रा स्थित आवास की बिल्डिंग पर तैनात सुरक्षा कर्मचारी घटना के समय सो रहे थे।

# रक्षा मंत्रालय ने रद्द किया एलएंडटी का टेंडर

- अब जर्मनी की कंपनी बनाएगी छह पनडुब्बियां
- चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने की क्षमताएं विकसित कर रहा है भारत



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** रक्षा मंत्रालय ने छह पनडुब्बियों के लिए भारतीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर रद्द कर दिया है। स्पेनिश कंपनी नवांतिया के साथ साझेदारी में एलएंडटी का प्रस्ताव खारिज होने के बाद अब जर्मनी की कंपनी के सहयोग से मुंबई की मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत यह पनडुब्बियां बनाएगी। चीनी नौसेना के तेजी से आधुनिकीकरण की पृष्ठभूमि में भारत अपने समुद्री क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने को वांछित क्षमताएं विकसित कर रहा है। इसीलिए सरकार ने परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह की कई पनडुब्बी परियोजनाओं को मंजूरी दी है।दरअसल, भारतीय नौसेना प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत तीन सप्ताह तक पानी के नीचे रहने की क्षमता वाली छह उन्नत पनडुब्बियां खरीदना चाहती है। इसके लिए एलएंडटी और उसकी साझेदार कंपनी ने एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) की कार्यप्रणाली को भारतीय नौसेना की टीम के सामने प्रदर्शित किया था, लेकिन नौसेना ने निविदा दस्तावेज में अपनी आवश्यकताओं के लिए उच्च स्टेल्थ सुविधाओं वाली प्रणाली की मांग की थी। भारतीय नौसेना एक समुद्र-सिद्ध एआईपी प्रणाली चाहती है, जो सुरक्षित और विश्वसनीय हो। पनडुब्बियों में उच्च स्टेल्थ सुविधाएं होनी चाहिए, जो उन्हें लंबे समय तक पानी के नीचे रहने की अनुमति दे सकें।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस सौदे के लिए जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) और स्पेनिश कंपनी नवांतिया प्रतिस्पर्धा में थीं। पनडुब्बी अनुबंध के लिए जर्मन कंपनी के साथ मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और स्पेनिश कंपनी के साथ लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) भारतीय साझेदार के रूप में थीं। जर्मनी की कंपनी टीकेएमएस नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और सतह के जहाजों के लिए प्रौद्योगिकी और सेवाएं उपलब्ध कराती है। रक्षा मंत्रालय ने पाया है कि छह पनडुब्बियों का ऑर्डर हासिल करने के लिए लार्सन एंड टुब्रो का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर अनुपालन योग्य नहीं है तथा नवांतिया ने पी75आई के लिए समुद्र में प्रमाणित एआईपी का प्रदर्शन नहीं किया है।भारतीय कंपनी एलएंडटी का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर रद्द होने के बाद अब सरकारी स्वामित्व वाली मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड अपनी साझेदार जर्मन कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के साथ छह पनडुब्बियां बनाने की दौड़ में एकमात्र विक्रेता रह गई है। अब रक्षा मंत्रालय परियोजना में प्रक्रियाओं के अनुसार आगे बढ़कर सभी स्तरों पर प्रक्रिया की जांच कर रहा है। संबंधित अधिकारियों को शिपयार्ड के बीच परियोजना को समान रूप से विभाजित करने के सुझाव भी दिए गए हैं। भारतीय नौसेना के लिए छह डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण का यह सौदा भारत के प्रोजेक्ट-75आई के तहत किया गया है।

## स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर भारत ने यूके के साथ समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण पर किए हस्ताक्षर




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और यूनाइटेड किंगडमके बीच समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और लंदन से वर्चुअल रूप से स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल के सचिव वेस स्ट्रीटिंग शामिल हुए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव के साथ भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन सहित अन्य लोग मौजूद थे।जेपी नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग भारत-यूनाइटेड किंगडम की रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख तत्व है और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। कोविशील्ड वैक्सीन पर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के बीच साझेदारी ने भारत-यूके के स्वास्थ्य विशेषज्ञों की क्षमता को प्रदर्शित किया।कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई और हाल ही में मलेरिया के टीकों के विकास के दौरान हमारा घनिष्ठ सहयोग इस बात का एक उल्लेखनीय उदाहरण रहा है कि हम एक साथ मिलकर क्या हासिल कर सकते हैं।

## ▶▶ ▶▶ दिल्ली के सियासी दंगल में योगी का वार

# क्या कैबिनेट के साथ यमुना में स्नान कर सकते हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को किरारी में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया, और मतदाताओं से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने का आग्रह किया। रैली में भारी भीड़ उमड़ी क्योंकि सीएम योगी ने विकास, कानून व्यवस्था में सुधार और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का वादा किया।

आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना तेज करते हुए योगी ने सवाल किया कि क्या आप नेता और उनके मंत्री प्रदूषित यमुना नदी में डुबकी लगाने की हिम्मत करेंगे। योगी ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर एक मुख्यमंत्री के तौर पर मैं और मेरे मंत्री प्रयागराज में




संगम में डुबकी लगा सकते हैं तो मैं दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि क्या वह अपने मंत्रियों के साथ जाकर यमुना में स्नान कर सकते हैं? मुझे नहीं लगता कि वे इसकी हिम्मत करेंगे और मुझे नहीं लगता कि दिल्ली के लोग इस लापरवाही के लिए उन्हें माफ करेंगे। योगी ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजधानी है। एनडीएमसी क्षेत्र के अलावा दिल्ली में सड़कों, पानी की आपूर्ति और बिजली की स्थिति पर नजर डालें।

एक दशक पहले, लोग बेहतर बुनियादी ढांचे, मेट्रो सेवाओं और स्वच्छता के लिए यहां आते थे। लेकिन अब इस सरकार ने इसे क्या बना दिया है? सड़कें गड्ढों से भरी हैं, और कुछ स्थानों पर, यह बताना मुश्किल है कि गड्ढों के नीचे कोई सड़क है या नहीं। जगह-जगह कूड़े के ढेर और गंदगी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ÷सड़कों पर सीवेज बह रहा है और गंभीर पेयजल संकट मंडरा रहा है। आप सरकार इन बुनियादी मुद्दों को संबोधित करने में विफल रही है।÷ आप नेतृत्व की आलोचना करते हुए, आदित्यनाथ ने उन पर वास्तविक शासन पर सोशल मीडिया को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ÷जनता के लिए काम करने के बजाय, अरविंद केजरीवाल सहित आप नेता अपना समय झूठ बोलने में बिताते हैं। अगर उन्होंने शासन में उतना ही प्रयास किया होता, तो दिल्ली बदल सकती थी।

# दिल्ली को चाहिए शीला दीक्षित का विकास मॉडल-राहुल गांधी




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहती है, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल। गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है।राहुल गांधी ने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और क्क मॉडल नहीं - शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है। गांधी बुधवार को सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित नहीं कर सके क्योंकि वह अस्वस्थ थे और उन्होंने रैली में पढ़े गए एक संदेश के माध्यम से लोगों से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की। अपने खराब स्वास्थ्य के कारण गांधी मंगलवार को %जय बापू, जय भीम, जय संविधान% रैली के लिए कर्नाटक के बेलगावी भी नहीं जा सके और इससे पहले नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में उनका राजनीतिक कार्यक्रम भी नहीं हो सका। इस महीने की शुरुआत में, गांधी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि दोनों नेताओं के बीच कोई अंतर नहीं है और वे नहीं चाहते कि पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका उचित हिस्सा मिले।

# वाराणसी में सरकारी संपत्तियों पर बने हैं मस्जिद, मजार, इमामबाड़ा व कब्रिस्तानः सर्वे

**▶▶ सरकार की 406 संपत्तियों को वक्फ बोर्ड बताती है अपना**

**वाराणसी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्थित कई मस्जिद, मजार, कब्रिस्तान और इमामबाड़े सरकारी सम्पतियों पर बने हुए हैं। इसमें नदेसर की चर्चित जामा मस्जिद भी है। जामा मस्जिद तालाब की जमीन पर बनी है।

राज्य शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन के सर्वे में यह मामला सामने आया है। इन सम्पत्तियों को वक्फ बोर्ड ने अपने रजिस्टर में दर्ज भी किया है।एडीएम (वित्त एवं राजस्व) वंदिता श्रीवास्तव के



अनुसार वाराणसी में सरकार की 406 संपत्तियों को वक्फ बोर्ड अपना बताती है। ये गाटावार सर्वे बीते वर्ष के अक्टूबर से दिसंबर माह में हुआ। सर्वे में तहसील प्रशासन के साथ राजस्व कर्मी शामिल रहे।अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने पूरी सर्वे रिपोर्ट राज्य शासन के अलावा हाई कोर्ट के आदेश पर गठित कमेटी के पास भी भेजा है। इसमें बताया गया है कि इन सम्पत्तियों का विवरण खतौनी में गाटा संख्या के नाम पर है। सर्वे के दौरान दस्तावेजों के आधार पर वक्फ बोर्ड की सम्पतियों की जानकारी जुटाई गई। इसमें खास तौर पर कितनी सरकारी संपत्ति को वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति बताई है। इन सभी भूभाग की स्थलीय निरीक्षण में उसकी वर्तमान स्थिति भी देखी गई कि वहां मस्जिद, कब्रिस्तान, मजार है या आबादी है।वक्फ बोर्ड के रजिस्टर में कुल 406 संपत्ति ऐसी दर्ज हैं, जो राज्य सरकार की संपत्ति है। इसमें बंजर जमीन, आबादी की जमीन, तालाब, खेत, चारागाह की जमीन भी हैं। वर्ष 1359 के खसरा खतौनी के आधार पर नगर निगम और तहसील प्रशासन ने सर्वे कराया।

## अवंतीपोरा में सरकारी स्कूल से हथियार और गोला-बारूद बरामद

**पुलवामा, (हि.स.)।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में एक सरकारी स्कूल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने आज बताया कि पुलिस, सेना की 42 आरआर और सीआरपीएफ की 130 बटालियन के संयुक्त अभियान में सरकारी प्राथमिक स्कूल लारमूह से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि हथियारों और गोला-बारूद में एक ग्रेनेड, यूबीजीएल, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 10 गोलियां, एक पिस्तौल की मैगजीन शामिल हैं।

# अगले 5 साल में दिल्ली से खत्म कर देंगे बेरोजगारी-अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और कहा कि अगले 5 वर्षों में हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता दिल्ली में बेरोजगारी खत्म करना होगी। उन्होंने कहा कि मेरी टीम राष्ट्रीय राजधानी में रोजगार के अवसर कैसे पैदा करें, इस पर एक योजना तैयार कर रही है। केजरीवाल ने बुधवार को देश के मध्यम वर्ग के लिए सात सूत्री ÷घोषणापत्र÷ की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें लगातार सरकारों द्वारा नजरअंदाज किया गया है और वे ÷कर आतंकवाद÷ के शिकार हैं।बुधवार




को एक वीडियो संदेश में, केजरीवाल ने कहा कि मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक महाशक्ति है, लेकिन लंबे समय से इसे नजरअंदाज किया गया है और केवल कर संग्रह के लिए इसका शोषण किया गया है। भाजपा ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि केजरीवाल ने मध्यम वर्ग के लिए अपना दृष्टिकोण पेश करने के बजाय, केंद्र के समक्ष ÷लोकलुभावन मांगें÷ रखकर उन्हें गुमराह करने की कोशिश की है।केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से आगामी पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में ''सोच-समझकर'' वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने भाजपा के चुनाव चिह्न कमल का हवाला देते हुए मतदाताओं को ''गलत बटन'' न दबाने की चेतावनी दी और कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो लोगों को वर्तमान में मिल रहीं सभी मुफ्त सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी। केजरीवाल ने दावा किया कि अगर भाजपा चुनाव जीतती है तो दिल्ली के लोग ''संकट में पड़ जाएंगे''। उन्होंने जनता से ''अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने'' के लिए आम आदमी पार्टी को चुनने की अपील की।

न्यूज डायरी

## सुभाष चन्द्र बोस को भारत रत्न प्रदान हो- किशोर

**प्रयागराज।** जिला तथा शहर के प्रमुख कांग्रेसजनों ने महान क्रांतिकारी सुभाष चन्द्र बोस को 128 वीं जयंती पर भावपूर्ण नमन किया। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सुभाष चौक, सिविल लाइन्स में प्रातः अपने प्रिय राष्ट्नेता की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। वार्ष्णेय ने इस मौके पर कहा कि देश की आजादी के लिए उनमें एक जुनून था जिसके लिये वे जीवन की आखिरी सांस तक लड़ते रहे। वे आईएएस के सर्वोच्च पद से इस्तीफा देकर महात्मा गाँधी द्वारा राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल हो गए। 1938 में कांग्रेस अध्यक्ष बने और आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे।उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र भेज कर देश के लिए दी गई बहुमूल्य सेवाओं हेतु भारत-रत्न प्रदान किये जाने की मांग की है।

इस अवसर पर यूपीसीसी सदस्य द्वय फुज़ैल हाशमी एवं हरिकेश त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राजेश राकेश, गोपाल कृष्ण द्विवेदी उर्फ राजा बाबू , परवेज़ सिद्दीकी, अजय मिश्रा, विजय यादव, केशव पासी, राजेंद्र जायसवाल, अरूण चौरसिया, सरताज़ मोहम्मद, कामेश्वर सोनकर, मो.जावेद, सुरेश भारतीय आदि मौजूद थे।

## मॉडल हर्षा के विरोध में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से अभद्रता

**प्रयागराज।** निरंजनी अखाड़े की ओर से इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया को अमृत स्नान में साथ लेकर जाने के एलान से नाराज संन्यासी ने निरंजनी अखाड़े में हंगामा किया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी से अभद्रता करते हुए फैसला वापस लेने को धमकाने लगा। वहां मौजूद संतों ने किसी तरह युवा संन्यासी को काबू में कर पुलिस के हवाले किया।बुधवार दोपहर बारह बजे अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्र पुरी निरंजनी अखाड़ा छावनी में बने चेहरा-मोहरा में शिष्यों से चर्चा कर रहे थे। उसी समय एक युवा संन्यासी पहुंचकर हर्षा रिछारिया को रथ पर बिठाकर स्नान कराने के फैसले को गलत ठहराते हुए इसका विरोध करने लगा। फैसला वापस लेने की मांग करने लगा। महामंडेलश्वर डॉ. अन्नपूर्णा गिरि ने जब उसे रोकने की कोशिश तब उनके साथ भी अभद्रता की। शोर-शराबा सुनकर दर्जनों साधु-संत भी जमा हो गए।श्रीमहंत शंकरानंद, श्रीमहंत ओमकार गिरि, श्रीमहंत दिनेश गिरि ,श्रीमहंत राधे गिरि आदि ने उसे शांत कराने की कोशिश की लेकिन, वह धर्म एवं परंपरा के खिलाफ बताते हुए फैसला वापस लेने पर अड़ा रहा। चोहरा-मोहरा में मौजूद संतों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सचिव श्रीमहंत राम रतन गिरि के मुताबिक आरोपी ने महामंडलेश्वर स्वामी अन्नपूर्णा भारती से भी अभद्रता की। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मेला प्रशासन से लिखित शिकायत की है। अभी तक युवा संन्यासी की पहचान नहीं हो सकी है।

## पुलिस ने इनामी गैंगेस्टर को दबोचा

**मेजा (प्रयागराज)।** अधिकारियों के निर्देश पर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए मेजा पुलिस सक्रिय है। जनपद के सीपी के निर्देश पर एक ईनामी गैंगेस्टर की पकड़ के लिए गठित टीम ने गुरुवार को माण्डा तिराहे से उसे दबोच लिया। मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय की टीम को यह बड़ी सफलता मिली है।कोरांव थाना क्षेत्र के पियरी गांव जा सोनू उर्फ भूपई विश्वकर्मा गैंगेस्टर एक्ट सहित विभिन्न मुकदमों में वांछित है। जनपद पुलिस ने इस पर 20 हजार रुपये इनाम घोषित किया हुआ है। इसकी पकड़ के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। मुखबिर की सूचना पर मेजा पुलिस थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने गुरुवार को माण्डा तिराहे पर इसे घेरकर दबोच लिया है। पकड़ा गया गैंगेस्टर बेहद शातिर बताया गया है।इसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कुल 11 मुकदमे जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार सोनू विश्वकर्मा के ऊपर वर्ष 22 में कोरांव थाने में गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था।शहर कोतवाली में एक, दारागंज में 4, जार्जटाउन में 2 सहित कोरांव में इसके खिलाफ अपराध से जुड़े मामले दर्ज हैं। मेजा पुलिस को यह बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।

# महाकुम्भ में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। गुरुवार को महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या ने नया इतिहास बनाते हुए 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। दोपहर 12 बजे का डेटा जारी होते ही स्नानार्थियों की संख्या 10 करोड़ का फिगर पार कर गई। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। स्नान पर्व पर यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ लोगों से ज्यादा लोग आने वाले हैं। महाकुम्भ की शुरुआत में ही 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार कर जाना सरकार के सटीक अनुमान की ओर संकेत दे रहा है।

प्रयागराज में श्रद्धालुओं / स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में

- महाकुम्भ 2025 में संगम स्नान कर रहे श्रद्धालुओं की संख्या का बना रिकॉर्ड
- साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों ने किया संगम स्नान

प्रयागराज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ही दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं।

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों



की संख्या का विश्लेषण करें तो 23 जनवरी तक 10 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

सर्वाधिक 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था, जबकि पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पावन डुबकी लगाई थी। इसके अलावा प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान कर रहे हैं।

## करोड़ों की भीड़ के बावजूद शहरी जीवन पर नहीं पड़ा असर

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में जहां एक ओर करोड़ों लोगों की भीड़ संगम स्नान के लिए पहुंच रही है तो वहीं प्रयागराज शहर का आम जनजीवन प्रतिदिन की तरह सुचारू रूप से चल रहा है। स्नानार्थियों का किसी तरह का कोई दबाव शहरी जीवन पर नहीं पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने सिर्फ प्रमुख स्नान पर्वों के दिन कुछ बंदिशें लगाई हैं, जबकि बाकी दिन स्कूल, ऑफिस, कारोबार अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। इससे शहरवासियों में भी खुशी की लहर है।

## कश्मीरी पंडितों सहित बाहरी हिन्दुओं को भी कश्मीर में बसाना चाहिए- पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती




**प्रयागराज।** शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि कश्मीर में कश्मीरी पंडितों सहित बाहरी हिंदुओं को बसाना चाहिए। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। शंकराचार्य ने महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 संगम लोअर मार्ग स्थित अपने शिविर में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित एवं राष्ट्र धर्म व आध्यात्म से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं के उत्तर के क्रम में उक्त वक्तव्य दिया।

शंकराचार्य ने कहा कि कश्मीरी पंडितों को वहां से विस्थापित होने के लिए बाध्य किया गया। समाधान के रूप में कश्मीर में 50ङ्क60 किलोमीटर का जिला बनाया जाए जहां विस्थापित कश्मीरी पंडितों को सुविधा सुरक्षा स्नेह पूर्वक के बसाया जाय। फौज से सेवानिवृत्त हुए देशभक्त फौजियों को भी कश्मीर में बसाने पर विचार करना चाहिए ये कश्मीर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है। मानवता के पक्षधर मुस्लिमों को आवाज उठानी चाहिए कि विभाजन के बाद स्वतंत्र भारत में मुस्लिम सम्मानित सुरक्षित हैं जितना अरब देश, पाकिस्तान और बांग्लादेश में नहीं और इसे हिंदुओं की उदारता समझना चाहिए न कि दुर्बलता। ऐसा पूरे विश्व में प्रचारित होना चाहिए जो मानवता के पक्षधर मुस्लिम हैं।

रामसेतु से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में शंकराचार्य ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राम सेतु को तोड़ने का प्रयास किया अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किंतु रामसेतु से टकराकर वे मशीनें खुद नष्ट हो गई और रामसेतु की रक्षा हुई। सनातन सिद्धांत हर देश काल परिस्थिति में सिद्ध और विजयी है।

हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया।

इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी श्री निर्विकल्पानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र वृंदावन, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रम्हचारी, हृषिकेश ब्रह्मचारी, राजेश चैतन्य ब्रम्हचारी सहित बड़ी संख्या में शिष्यगण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने मोदी-योगी से दक्षिणा में की सनातन बोर्ड की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग तेज कर दी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि वह महाकुंभ में दक्षिणा के रूप में पीएम मोदी और सीएम योगी से सनातन बोर्ड लेंगे। पुरी ने प्रयागराज धर्म संसद को लेकर भी अपनी बात रखी। इसके आयोजन की पूरी रूपरेखा उन्होने पत्रकार वार्ता में साझा की। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म की आस्था का केंद्र है, जिससे सभी की आस्था जुड़ी है, इसलिए इस महाकुंभ मे एक और सनातन का महाकुंभ होगा जो निर्णायक भूमिका में जाने का, धर्म की स्वतंत्रता का दिन होगा उस दिन सनातन बोर्ड का गठन किया जायेगा और सनातन का परचम लहराएगा।

आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि ने कहा कि सनातन का अस्तित्व सृष्टि के प्रारंभ से है। बाकि सब इसके बाद की उपज है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से हमारे मंदिर, मठ और धार्मिक स्थलों पर कब्जा किया हुआ



है उन सब को मुक्त कराने का काम सनातन बोर्ड करेगा।उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड मैं हर उस बात का ध्यान रखा जाएगा जो सनातन की रक्षा और सनातन के हित में हो। उन्होंने कहा कि पहले हर मठ के अपने आचार्य कुलम होते थे जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ शास्त्र का भी ज्ञान और बौद्ध कराया जाता था, लेकिन धीरे-धीरे सभी पर कब्जा हो गया। उन्होंने कहा कि अब उन सभी जगह को सनातन बोर्ड की मदद से कब्जा मुक्त कराकर दोबारा शुरू करने मे मदत करेगा।अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास स्वामी देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि हमारी बहन-बेटियों को स्कूलों में नचाया जा रहा है। हमारी संस्कृति अभी भी आजाद नहीं है। इस बात को आगे बढ़ाने के लिए हमें सनातन बोर्ड चाहिए। योगीजी और मोदीजी इस कुंभ के यजमान हैं और हमारे साथ मौजूद अखाड़ों के पीठाधीश्वर आचार्य हैं। उन्होंने कहा की यजमान बढ़िया है तो दक्षिणा भी अच्छी मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिना दक्षिणा के यज्ञ पूरा नहीं होता है।

हम दक्षिणा के रूप में यजमान पीएम मोदी और सीएम योगी से सनातन बोर्ड का गठन करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा की 27 जनवरी को सेक्टर-17 में सनातन धर्म संसद में सभी लोग पहुंचें। अगर बैठने की जगह न मिले तो खड़े रहो। खड़े रहने की जगह न मिले तो जाम लगाओ। इतनी ईमानदारी और मजबूती से मांग रखो कि वक्फ बोर्ड है तो सनातन बोर्ड हमें हर हाल में चाहिए। बिना सनातन बोर्ड लिए हम सनातनी कुंभ से वापस नहीं जाएंगे।इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरी चेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता,अखाड़ा सचिव श्री महंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी ( अर्जी वाले हनुमान जी, उज्जैन ), श्री महंत शंकरानंद सरस्वती, स्वामी आत्मानंद, स्वामी हरिओम गिरी, महंत राकेश गिरी महामंडलेश्वर स्वामी ललिता नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद गिरी , स्वामी सोमेस्वरा नंद गिरी, स्वामी विज्ञाना नंद, महंत दिनेश गिरी, महंत राज गिरी , महंत राधे गिरी, महंत भूपेंद्र गिरि, महंत नरेश गिरी,महंत ओमकार गिरी आदि के संग अनेक संत महापुरुष उपस्थित रहे।

## सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आज कर्नलगंज मे सर्वदलीय पार्षद पूर्व पार्षद जन कल्याण संस्था प्रयागराज के तत्वाधान मे शहीद सुभाष चंद्र बोस नेता जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि किया गया। पार्षदों एवं नागरिकों ने सुभाष चंद्र बोस के स्मृति में उनके व्यक्तित्व, कृतित्व पर चर्चा किया और कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने देश की सबसे बडी नौकरी आई सी एस की नौकरी अंग्रेजी हुकूमत से देश को आजाद कराने के लिए छोड दिया। उनके द्वारा देश को आजाद कराने के लिए आम नागरिकों को जोडने हेतु कुशल नेतृत्व के रुप नारा दिया कि तुम मुझे खून दो, मै तुम्हे आजादी दूंगा। सुभाष चंद्र बोस जी बलिदानी, साहसी देशभक्त थे। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रुप से वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह, वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्डियाल, कुसुम लता गुप्ता, पूर्व पार्षद कमलेश सिंह, अशोक सिंह, चंद्र प्रकाश गंगा, डी के साहू, राम जी केशरवानी, बच्चा यादव, उदय शंकर त्रिपाठी, विवेक सिंह, नागेंद्र अस्थाना,नागेंद्र मिश्रा, बच्चा पाल, पुलकेश बनर्जी आदि उपस्थित हुए।

## रिज़्क़ में बरकत को घर घर हुई इमाम जाफरे सादिक़ की नज़्र

**प्रयागराज।** इस्लामिक माह रजब उल मुरज्जब की बाईसवीं पर शहर भर के विभिन्न मुस्लिम इलाकों में सुबह से लोगों का एक दूसरे के घरों में जाकर नज़्र ए इमाम जाफरे सादिक़ में शरीक होने का सिलसिला चलता रहा।हलाल रिज़्क़ में बरकत को रवायत के मुताबिक़ सुबहा फजिर की नमाज़ के बाद पाक बर्तनों में सूजी मैदा दूध चीनी से मिश्रित खस्ता व मीठी टिकया के साथ मैदे की पूरी, मिठाई, खीर, फल, सूखा मेवा आदि को सजा कर नज़्रें सादिक़ दिलाई गई।सुबहा से शाम तक लोगों का एक दूसरे के घरों में जाकर नज़्र का चखना और रिज़्क़ में बरकत सेहत मुल्क में अमनो अमान और हर बला से महफूज़ रखने की दूआ मांगी गई। दरियाबाद करैली, रानी मण्डी, शाहगंज, दायरा शाह अजमल सहित शहर के आस पास के ग्रामीण इलाकों में भी अक़ीदत व ऐहतेराम के साथ



नज़्र ए सादिक़ दिलाई गई।

मौलाना कल्बे आब्दी ने कहा ज़माने भर के लिए दावते तऑम करो ,नियाज़ ए जाफरे सादिक़ का ऐहतेमाम करो ।लिबास ए इश्क ओ मोअद्दत पहन के दुनिया में ,अली के चाहने वालों का ऐहतेराम करो। रौशन बाग़ खुशनूद रज़ा के आवास पर मौलाना शहरयार हुसैन की क़यादत में नज़्रे सादिक दिलाई गई। वहीं मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी, मौलाना रज़ी हैदर रिज़वी मौलाना आमिरुर रिज़वी मौलाना अम्मार ज़ैदी मौलाना इरफान ज़ैदी, मौलाना रज़ा अब्बास जैदी आदि के द्वारा जगहां जगहां नज़्र ओ नियाज़ दी गई।

इस मौक़े पर खुशनूद रज़ा रिज़वी, शफक़त अब्बास पाशा, रौनक़ सफीपुरी, हसन नक़वी, नजीब इलाहाबादी, अज़ादार हुसैन, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, रिज़वान जव्वादी, मक़सूद रिज़वी, शाहिद प्रधान, ज़ामिन हसन, अली रिज़वी आदि के द्वारा भी अपने घरों पर नज़्र ए जाफरे सादिक़ दिलाई गई तथा मन्नत व मुराद की खातिर दुआ की गई।

## कविता पाठ में प्रथम मुविवि की छात्रा को राज्यपाल ने किया सम्मानित




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की छात्रा ने राज भवन में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्यपाल एवं कुलाधिपति के हाथों से प्रमाण पत्र एवं सम्मान ग्रहण किया। सुश्री त्रिपाठी के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने उन्हें बधाई दी। 21 - 22 जनवरी को राजभवन में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। 22 जनवरी को हुई कविता पाठ प्रतियोगिता में आयुषी त्रिपाठी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के 18 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्हें राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रमाण पत्र एवं रानी पद्मावती के जीवन पर आधारित पुस्तक प्रदान की। मूलत ~ बांदा की रहने वाली आयुषी के पिता श्री सुधीर कुमार त्रिपाठी हमीरपुर निर्वाचन विभाग में प्रधान सहायक हैं।

## राष्ट्रीय परेड में कर्तव्य पथ पर होंगे कर्तव्यनिष्ठ प्रधान

### मेजा ब्लॉक के दो प्रधानों को मिला प्रयागराज के प्रतिनिधित्व का गौरव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय परेड में प्रयागराज जनपद से मेजा के दो प्रधानों को सम्मिलित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। प्रदेश पंचायती राज सचिव द्वारा नामित प्रधानों को हर सहयोग सरकार देगी।आगामी 25 जनवरी को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया दिल्ली के लान में इन्हें सम्मानित किया जाएगा।

प्रदेश पंचायती राज निदेशक द्वारा नामित प्रदेश के नामित कुल 122 ग्राम प्रधानों में प्रयागराज जनपद के विकास खण्ड मेजा के दो प्रधानों को राष्ट्रीय परेड में शामिल होने का मौका मिला है। इसमें गडेवरा के प्रधान





अनिल शुक्ल और चपलों के प्रधान सुरेश तिवारी को पंचायती राज विभाग ने नामित किया है। इस मेगा इवेंट के लिए जो 6 मानक रखे गए हैं उसमें दोनों प्रधानों ने बेहतर किया है। पँचायत विकास के साथ इनकी बौद्धिक क्षमता को भी वरीयता दी गयी है।

गडेवरा प्रधान अनिल शुक्ल ने बताया कि प्रदेश से नामित 122 प्रधानों के साथ विभाग के 7 अधिकारी भी इस टीम का हिस्सा होंगे। इनका यात्रा खर्च के साथ इनके रहने खाने की व्यवस्था सरकार के जिम्मे है।प्रधानों को दिल्ली के पहाड़गंज के वेंसन डिलाइट होटल में ठहरने की व्यवस्था दी गयी है।यह कार्यक्रम को अनुशाषित एवं समयबद्ध तय है। नामित लोगों को इसकी जानकारी दी गयी है।

राष्ट्रीय परेड में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रधान अनिल शुक्ल ने कहा कि जनपद के मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार और जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर दुबे की तरफ से पंचायती राज सचिव को महाकुम्भ का लोगो घड़ा व निमंत्रण पत्र सौंपकर उन्हें प्रयागराज आने के लिए आग्रह किया है। नामित दोनों प्रधानों ने पंचायती राज सचिव के प्रति आभार जताया है।

## कुंभ मेला अधिकारी ने किया मीडिया कैंपों का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मेला अधिकारी विजय किरण आनन्द गुरुवार को महाकुंभ क्षेत्र के लाल सड़क पर स्थित लोकल मीडिया कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे। बता दे कि मीडिया कैंप में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर

पत्रकारों द्वारा तमाम शिकायत मिल रही थी। जिसको देखते हुए मेला अधिकारी ने आज पत्रकारों से मिलकर कैंम्पों में फैली अव्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लिया।

बताते चले कि महाकुम्भ - 2025 के सकुशल आयोजन एवं उसके प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया को भी वहां जगह दी गई है। जहाँ से मीडियाकर्मी समाचार संकलन कर उसको प्रसारित करते है। ऐसे में मेला का दूसरा प्रमुख स्नान पर्व आने वाला है। बावजूद इसके मीडियाकर्मियों को क्षेत्र में मिले कैम्पों की हालत दर से



बदत्तर है। जिसकी आवाज लगातार पत्रकारों द्वारा उठाया जा रहा था। जिसको मद्देनजर रखते हुए मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द आज मीडिया कैम्पों का निरीक्षण करने पहुचे। जहाँ उन्होने लोकल मीडिया कैम्प नम्बर 2 और 36 क्रमश~ जीवन एक्सप्रेस एवं तालमेल एक्सप्रेस को जाकर देखा । कैम्पों की स्थिति देखकर मेलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सभी सम्बधिंत अधिकारियों को 1 दिन में सभी अव्यवस्थाओं को सही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर एक दिन में कार्य ना किया गया तो तत्काल हमको अवगत कराएं, एवं जहां भी कोई रूकावट आएं हमसे सीधा सम्पर्क करे।

# चायल क्षेत्र के स्कूलों के समीप धड़ल्ले से बिक रहा गुटखा और सिगरेट



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सरकारी और निजी स्कूलों के समीप गुटखा और सिगरेट की गुमटियां संचालित हो रही हैं। इन्हीं गुमटियों में स्कूल लगने और छूटने के समय छात्रों का जमावड़ा अक्सर देखा जा सकता है। चरवा थाने के बेरुआ स्थित एक स्कूल के समीप रखी गुमटियों में नशे का सामान बिक रहा है। स्कूलों के पास मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक होने के बाद भी स्कूलों के पास बिक्री जारी है। स्कूलों के मेन गेट पर ही दुकानें रख ली गई हैं और गुटखा, बीड़ी और सिगरेट बेचे जा रहे हैं। लेकिन, इस ओर न तो शिक्षा विभाग ध्यान दे रहा है और न ही प्रशासनिक अधिकारी। ऐसे पान की गुमटियों और ठेलों पर अभिभावक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

स्कूलों के आसपास तंबाकू एवं उसके बने उत्पादों को बेचने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। लेकिन, चायल तहसील इलाके के कई स्कूलों के आसपास धड़ल्ले से गुटखा तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट आदि का विक्रय करने वाली गुमटी संचालित हो रही है। जबकि स्कूल की इमारत के सौ मीटर की दूरी के आसपास गुटखा तंबाकू की दुकान लगाने पर प्रतिबंध है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि छोटे-छोटे बच्चे बीड़ी, सिगरेट पीने के साथ गुटखा खाने लगे हैं। अधिकांश सरकारी, निजी स्कूलों के पास लोगों ने टॉफी सहित अन्य खाद्य सामग्री बेचने के लिए दुकानें खोल रखी हैं और इन दुकानदारों ने इस सामान के साथ ही बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा भी रखना शुरू कर दिया है। स्कूल के समीप दुकानें होने के कारण बच्चों में नशे की बुरी लत पड़ने लगी है। जबकि नियमानुसार स्कूलों के बाहर भी चेतावनी लिखनी जरुरी होती है। लेकिन, स्कूलों के बाहर यह चेतावनी नजर नहीं आती है। चरवा के बेरुआ स्थित एक स्कूल की सबसे बुरी स्थिति है। जहां मुख्य गेट के समीप ही नशीले पदार्थ की दुकानें हैं।

### ● बच्चों को बिगाड़ रहा स्कूलों के बाहर सरेआम बिकता नशा

कौशाम्बी। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा 6 के अनुसार किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सौ मीटर की परिधि के भीतर नशीले पदार्थ खरीदे और बेचे नहीं जा सकते हैं। वहीं 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को सिगरेट, तंबाकू व अन्य उत्पादों को बेचना गैर कानूनी है। जबकि चायल इलाके के गांवों और बाजारों के स्कूलों के पास तंबाकू, गुटखा, सिगरेट सरेआम बिक रहा है। सरकार के नियम सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं। जमीनी धरातल पर स्कूलों के बाहर दुकानों पर ही बच्चों को नशा बेचा जा रहा है।

## क्षेत्राधिकारी सिराथू ने अर्दली रूम का लिया जायजा



**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा सर्किल सिराथू के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान थाने पर लंबित विवेचना, प्रार्थना पत्रों एवं आईजीआरएस का समयबद्ध और गुदवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल, बस डिपो एवं टैम्पो स्टैण्ड मंझनपुर का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा





लोकमित्रत्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जिला अस्पताल, बस डिपो मंझनपुर एवं टैम्पो स्टैण्ड मंझनपुर का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। इमरजेन्सी वार्ड के निरीक्षण के दौरान वहॉ तैनात चिकित्सक जे0आर0 अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दियें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ जिम्मेदारीपूर्वक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हुए मरीजों का उचित उपचार करें, जिससे किसी भी मरीज को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। उन्हांने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दियें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में बन रहें निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया, जिसमें ग्राउण्ड तल एवं प्रथम तल का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वहॉ पर लिफ्ट एवं रैम्प का कार्य पूर्ण न होने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारी को लिफ्ट एवं रैम्प के कार्य सहित अन्य कार्यों को ससमय पूर्ण कराने एवं 31 जनवरी 2025 तक भवन को हैण्डओवर कराये जाने के निर्देश दियें, जिससे स्वास्थ्य सेवायें संचालित की जा सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## वीबीपी स्कूल में धूमधाम से मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**चायल, (कौशाम्बी)।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गुरुवार को प्रधानाचार्या प्रीति मिश्रा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय में ठहरे हुए सीआरपीएफके जवानों ने नेताजी को कमाण्डर अजय सिंह के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के बाद सीआरपीएफ जवानों ने भी श्रद्धा-सुमन चढ़ाए। इस अवसर पर नेताजी के जीवन पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय ने संक्षेप में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नेताजी ने आजाद हिंद की फौज का गठन कर किस तरह स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया। दिल्ली चलो, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा जैसे नारे सुभाष चंद्र ने ही दिए। इस दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।अपने संदेश में उत्थान के सचिव डॉक्टर केके तिवारी, अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार और डाइरेक्टर अभिषेक तिवारी ने संयुक्त रूप से पराक्रम दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर पीटीआई नकुल तिवारी, आलोक कनौजिया, सुधा पाण्डेय, मनीषा शर्मा, सदफ शेख, बलदाऊ पाण्डेय सहित तमाम स्टाफ मौजूद था।

## आइए! अपनी मातृ भाषा का करें समादर



**सैनी, (कौशाम्बी)।** बीआरसी कड़ा में गुरुवार को आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए नोडल शिक्षकों के प्रशिक्षण में शिक्षक एवं जल बचाओ जीवन बचाओ अभियान के प्रणेता रणविजय निषाद ने हिन्दी की पाठशाला चलाकर शुद्धाशुद्ध शब्दों के समुचित प्रयोग, व्याकारणिक नियमों के समादर पर दृष्टिपात कराते हुए अक्षर, वर्ण, स्वर, व्यंजन के उच्चारण, लेखन कौशल, अनुस्वार ( ं ) और अनुनासिक ( ँ ), र अक्षर के अनेक प्रकार ( रेफ रकार )के प्रयोग की बारीकियों से अवगत कराया। पाठशाला के अंतर्गत आरम्भ-प्रारम्भ, उपयोग-उपभोग, आदि-इत्यादि, विविध-विभिन्न, लिए-लिये, शिक्षणेत्तर-शिक्षणेतर इत्यादि शब्दों के शुद्ध शब्द प्रयोग को बताया, समझाया और अभ्यास भी कराया।

# सिराथू ब्लॉक में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना कैम्प का हुआ आयोजन

### ▶▶ उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों व लाभार्थियों को किया गया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के ब्लॉक परिसर में गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति फेज-5 अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे महिला कल्याण विभाग, उ0 प्र0 सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांशरशिप योजना, विधवा पुत्री शादी अनुदान, विधवा से विवाह करने पर दम्पत्ति पुरस्कार योजना, दहेज से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, दहेज से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत पात्र महिलाओं एवं बच्चों के चिन्हांकन एवं प्रोत्साहित किये जाने के लिए तहसील स्तरीय कैम्प के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। धर्मा देवी इण्टर कालेज अझुवा की छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गीत एवं भाषण की बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति की गयी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्षा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा उ0 प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति योजनाओं तथा महिला सशक्तीकरण पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान दी । कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की समस्त इकाईयों, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आवेदन किये जाने के लिए अलग-अलग योजनावार स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना-निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इसी प्रकार दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग पेंशन प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला ग्राम प्रधान एवं महिला पंचायत सहायकों को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उ0 प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू लवकुश मौर्य , जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, उपजिलाधिकारी सिराथू अजेंद्र सिंह , प्राचार्य डायट निधि शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा , क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजेश मिश्रा, युवा कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप सिंह , पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दीप शिखा , जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला अल्प संख्यक अधिकारी सुनीता मंडार ,खण्ड विकास अधिकारी कड़ा संजय गुप्ता , खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला, एबीएसए सिराथू डॉ प्रज्ञा सिंह , एवं सिराथू, संरक्षण अधिकारी सहित , मुख्य सेविका कड़ा ज्ञानमती , एडीओ समाज कल्याण उमेश प्रताप सिंह , एडीओ कृषि भगौती प्रसाद सहित ग्राम प्रधान , सचिव एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण एवं बालिकायें उपस्थित रहीं।

## जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** न्यायाधीश, अपर जिला एवं सत्र न्ययाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राविधकरण, जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जिला कृषि अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला रोजगार अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला औद्योगिक अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में कार्य करने वाले बंदियों की कमानों के अभिलेख चेक किये गये तथा यह निर्देश दिये गये कि कार्य करने वाले बंदियों का कार्य 15-15 दिन में बदल दिया जाय। कारागार की सफाई व भोजन व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। उक्त समिति द्वारा कारागार में प्रत्येक समय पूर्ण सफाई व्यवस्था निरन्तर रखे जाने का निर्देश दिया गया। कारागार के अन्दर किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। निरीक्षण के दौरान अजितेश कुमार, जेल अधीक्षक, भूपेश कुमार सिंह, कारापाल व कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के उपलक्ष्य में डायट मैदान मंझनपुर में मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, अधिषासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी सहित जनपद के अन्य अधिकारीगण व विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं छात्राध्छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया तथा सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गयी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को सुरक्षित यातायात हेतु सड़क सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने शिविर लगाकर जरूरतमंदों को बांटे कम्बल





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री व नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में तथा नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी के अथक प्रयास से निकाय के 25 वार्डों में शीत लहर एवं ठंड से बचाव हेतु निराश्रित एवं असहाय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग महिला, पुरूष नागरिकों को ऊनी कम्बल वितरण करने हेतु वार्डवार, मोहल्लो में कैम्प, चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को चयनित कराते हुए अध्यक्ष के आदेश के क्रम में वार्ड नम्बर-10, अशोक नगर नया पुरवा, गौरा, गौरा डेरा, ओसा चौराहा, वार्ड नम्बर-21, सावित्री बाई फुले नगर हाजीपुर पतौना, चक बाजापुर, वार्ड नम्बर-22, वीरंगना दुर्गा भाभी पुरम भडेसर, घना का पुरा, वार्ड नम्बर-24, संत कबीर नगर ओसा, गडरियन का डेरा एवं पूर्व में वितरण किये गये वार्डो के अवशेष बचे हुए पात्र लाभार्थियों एवं नागरिकगणों को अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी), प्रतिभा सिंह अधिशासी अधिकारी, ओमकार पटेल अवर अभियन्ता, संजय कुमार गुप्ता लिपिक, विजय तिवारी अध्यक्ष प्रतिनिधि, अशुल केसरवानी, अमित सोनकर, सलमान हैदर, शनी पाल, रामयश लोधी, खुशनसीब अहमद, निरंजन चौधरी, शमीम अहमद, मान सिंह, दुर्गा प्रसाद, हरिशचन्द्र पाल सभासदगण व अन्य एवं गमला देवी सभासद व प्रतिनिधि आर्यवीर, तथा निकाय दीपक पाण्डेय, प्रकाश कुमार, गुलाम शाबिर, संजीव कुमार, शिवम् सिंह, मयंक केशरवानी, विजय पाण्डेय, रोहित गौतम के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस शीत लहर में निराश्रित एवं असहाय नागरिकगण को आज कुल 1095 ऊनी कम्बल जैसे ही प्राप्त हुआ उनके चेहरे पर मुस्कान, खुशी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) जय जय कार का गुणगान सभी लाभान्वित नागरिकगणों के द्वारा किया गया है।

## जिलाधिकारी ने स्वयं बैनामा विलेखों का स्थलीय निरीक्षण कर किया सत्यापन

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज जनपद के विभिन्न उपनिबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत होने वाले विक्रय विलेखों में सबसे बडे मूल्य के विक्रय विलेख में से 02 विक्रय विलेख सख्या-6893, 2024 एवं विलेख संख्या-7434ध्2024 का सत्यापन किया गया। जिसमें से संख्या-7434 2024 पंजीकृत 29 नवम्बर, 2024 विक्रीत गाटा संख्या-2009 रक्बा 0.570हे0 में से 0.0229हे0 यानि 229 वर्गमीटर स्थित सम्पत्ति मौजा-पाता, परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशाम्बी में वर्णित सम्पत्ति का स्थलीय निरीक्षण सहायक आयुक्त स्टाम्प एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर के साथ किया गया। जिसमें से एक विक्रय विलेख मौजा पाता मुख्य सड़क पर स्थित है, जो भूखण्ड के रूप में स्थित कस्बा मंझनपुर मौके के अनुसार सही पाया

# तहसील में राजस्व कार्यों के लिए विशेष शिविर का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** राजस्व कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चायल तहसील में गुरुवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 24 (हदबंदी) के तहत आयोजित इस शिविर में भूमि विवादों के समाधान और सीमांकन प्रक्रियाओं को पारदर्शी और त्वरित बनाने के उद्देश्य पर जोर दिया गया।

शिविर की अध्यक्षता राजस्व एसडीएम योगेश कुमार गौड़ और न्यायिक एसडीएम राहुल देव भट्ट ने किया। दोनों अधिकारियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों और किसानों को राजस्व संबंधी अधिकारों और प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी।शिविर में आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई विवादों का मौके पर ही निपटारा किया गया। भूमि सीमांकन और हदबंदी जैसे मामलों को प्राथमिकता दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लंबित विवादों का त्वरित समाधान करना और ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

राजस्व एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने कहा, सरकार की मंशा है कि हर किसान और भूमि स्वामी को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिले।

पारदर्शिता और निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है।ष् न्यायिक एसडीएम राहुल देव भट्ट ने कहा कि इस तरह के शिविर न केवल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि विकास कार्यों की राह में आ रही बाधाओं को भी दूर करते हैं। इस शिविर के माध्यम से प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि हदबंदी और राजस्व विवादों को सुलझाने के लिए एक समर्पित मंच उपलब्ध हो। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के प्रयास न केवल विवादों को कम करेंगे, बल्कि विकास कार्यों को भी तेज गति प्रदान करेंगे।

## रामपुर धमावा कृषक सेवा केन्द्र में आयोजित हुई किसान गोष्ठी



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के रामपुर धमावा स्थित कृषक सेवा केन्द्र में इफ्को के अधिकारियों ने किसान गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को खेती करने के टिप्स बताते हुए जागरुक किया। गुरुवार को इफ्को रसायन के प्रांतीय प्रबंधक अरविंद कुमार द्विवेदी ने किसान गोष्ठी में मौजूद किसानों को फसलों की बीमारी और बचाव को लेकर कीटनाशक दवाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की फसलों की नियमित निगरानी व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव आवाश्यक है। इफ्को के कृषि स्नातक प्रशिक्षु अंकित कुमार ने किसनों को नैनो उर्वरक के विषय में बताते कहा की कम उर्वरक में भी किसान भाई अच्छी पैदावार कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही संकट हरण बीमा योजना की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने गोष्ठी में मौजूद किसानों के सवालों का जबाब देकर संतुष्ट किया। कृषक सेवा केन्द्र के संचालक विनय सिंह ( गोपाल सिंह) ने किसानों को बताया की इफ्को के कृषि उत्पाद फसलों के बचाव और फसलों का अधिक मूल्य पाने में मित्र की भूमिका निभाता है। गोष्ठी में उर्वरक सहायक आशीष कुमार पटेल, किसान मधुबन सिंह, शिवम् सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत महिलाओं व छात्राओं को दी गई हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में महिला थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में, थाना कौशांबी पुलिस टीम द्वारा ग्राम आमकुँवा,कोसम इनाम में, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा में, थाना महेवाघाट पुलिस टीम क्षेत्र में, थाना करारी पुलिस टीम द्वारा कस्बा करारी में, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2) मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

संक्षिप्त खबरें

## कोहरे का कहर जारी, डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार क्षतिग्रस्त



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग स्थित धारूपुर के पास बन रहे अंडरपास के डिवाइडर से तेज रफ्तार कार कोहरे के करण टकरा गई। बताया गया कि मऊ जनपद से प्रयागराज से सत्य प्रकाश एवं भीम सिंह अपने तीन साथियो के साथ प्रयागराज जा रहे थे। सुबह घना कोहरा होने के कारण तेज रफ्तार कार अण्डरपास से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई । जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया । मौके पर पहुंचे भुपियामऊ के सिपाहियों ने ट्रैक्टर बुलाकर गाड़ी को किनारे कराया, जिससे आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सका।आए दिन दुर्घटनाओं के मद्देनजर कार्यदाई संस्था अंडरपास के ऊपर लाल रंग की झालर लगा रखी थी, जिसे अज्ञात चोर काट कर उठा ले गये।

## दो वारण्टी गिरफ्तार, गये जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लीलापुर के उ0नि0 गिरीशधर दूबे ने मय हमराह का0 राजकिशोर यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0न0 2601ध्20 मु0अ0सं0 62ध्2000 धारा 324ध्323ध्504ध्506 भादवि से संबंधित दो वारण्टी अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र गंगा शिवराम शुक्ला निवासी ग्राम मिसिरमऊ थाना लीलापुर व सदाशिव पुत्र भगवत प्रसाद निवासी ग्राम मिसिरमऊ थाना लीलापुर को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

## गन्ने के खेत में शार्ट सर्किट के लगी आग

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव निवासी अशोक कुमार मिश्र के गन्ने के खेत में गुरुवार को दिन में 2 बजे के आसपास शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों को देखकर ग्रामीण दौड़े और आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वह आग पर काबू नहीं पा सके। ग्रामीणों ने तुरंत ही मामले की सूचना फायर सर्विस यूनिट पट्टी को दी। फायर सर्विस यूनिट पट्टी के प्रभारी सोहनलाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हौजरील से पंपिंग करके आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया। जब तक फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया तब तक लगभग 3 विश्वा के आसपास गन्ने की फसल चलकर राख हो चुकी थी।

## धूमधाम से मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती



**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें एनएसएस के छात्र-छात्राओं को सुभाष चंद्र जी के जीवन से संबंधित बातें बताई गई और उनको शपथ दिलाई गई कि वे सुभाष चंद्र जी के मूल्यों को अपने जीवन में समावेशित करेंग। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद मिश्र ने कहा कि नेताजी की राष्ट्रभक्ति एवं नेतृत्व क्षमता अद्वितीय थी। देश को स्वाधीन कराने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर एनएसएस महिला विंग के प्रभारी डॉ. प्रमथेश पांडेय, पुरुष विंग के प्रभारी डॉ राजेंद्र मिश्र, महिला विंग की प्रभारी डॉ रेखा मिश्रा, डॉअरुण कुमार मिश्र, डॉ संजय दुबे, शिवशंकर आदि उपस्थित रहे।

## रंजिश में घर में घुसकर पीटा, पांच पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद चल रही रंजिश में मां-बेटे और बहू को पीटने, चेन व बाली छीनने के मामले में पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हथिगवां थाना क्षेत्र के कनपुरियान बेती गांव निवासी भावना सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि विपक्षी श्याम सिंह से रास्ते का विवाद चल रहा है। 21 जनवरी को सुबह जब उसका बेटा आर्यन अपने छोटे भाई अनुभव सिंह को स्कूल छोड़कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह दीपक सिंह के घर के सामने पहुंचा। आरोपियों ने उसे पीट दिया। किसी तरह भागा तो आरोपी ईंट पत्थर चलाते हुए घर में घुस गए। उसे और उसके बेटे तथा बहू अनुपम सिंह व अन्य सदस्यों को मारा पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो उसकी सोने की चेन, बहू के कान की बाली छीनकर जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पीड़िता भावना सिंह की तहरीर पर पुलिस ने श्याम कुमार सिंह, धीरेन्द्र सिंह उर्फ दीपक सिंह, शिवेन्द्र सिंह उर्फ वीपी सिंह, ऋतिक सिंह, अजय सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मारपीट की घटनाओं में महिला समेत चार घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के भीम का पुरवा पुरनेमऊ गांव निवासी रामधनी के 60 वर्षीय बेटे शोभनाथ को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। मेहरबान सिंह का पुरवा गांव निवासी महेश सरोज के 19 वर्षीय बेटे रितेश सरोज को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। अखित्यारी कोटिला गांव निवासी प्रदीप कुमार के 30 वर्षीय बेटे देव शुक्ला को आपसी विवाद में गांव के लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। कुंडा केहरीपुर टिकरिया गांव निवासी घनश्याम पटेल की 40 वर्षीय पत्नी प्रभा देवी को रंजिशन मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

## समस्याओं के निस्तारण न होने से खफा वकीलों ने कामकाज का किया बहिष्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी तथा साथियों की समस्याओं की अनदेखी करने से नाराज अधिवक्ताओं ने गुरूवार को यहां न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ की हुई आम सभा में इस बात पर आक्रोश जताया गया कि उदयपुर एवं अन्य थाना क्षेत्रों में विभिन्न अधिवक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण प्रशासनिक उदासीनता के कारण नही हो पा रहा है। वहीं वकीलों ने तहसील परिसर में सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी को लेकर भी प्रशासनिक लापरवाही पर गुस्सा जताया। सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि समस्याओं के निस्तारण में प्रशासनिक पहल सकारात्मक न दिखी तो अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन तेज करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, अभिषेक शुक्ला, अजय शुक्ल गुडडू, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, केबी सिंह, सुशील शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, राजेश तिवारी, मो. इरफान, शहजाद अंसारी, जितेन्द्र सिंह, रमेश पाण्डेय, आशीष तिवारी, मनीष तिवारी, संतोष पाण्डेय, सुधाकर मिश्र, हेमन्त पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

# विद्यालयों में मानव श्रृंखला, सड़क सुरक्षा एवं मतदाता शपथ संबंधी कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी आईएएस व मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा आईएएस के निर्देशानुसार जनपद स्तरीय मानव श्रृंखला, सड़क सुरक्षा शपथ,मतदाता शपथ के संबंध में एक भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरटीओ प्रशासन विनय कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ दिलीप गुप्ता एवं एडीआईओएस राजेंद्र प्रसाद रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा डॉ विंध्याचल सिंह व उप प्रधानाचार्य जीजीआईसी प्रतापगढ़ डॉ मो अनीस रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य संत एंथोनी इंटर कालेज फादर आनंद कुमार जान द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोहम्मद अनीस एवं जान कुजूर द्वारा किया गया। एआरटीओ द्वय,सहजिला विद्यालय निरीक्षक डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मो अनीस आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। एआरटीओ द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि हमें सड़क सुरक्षा के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक रहना है। हम तेज गति से बाहर ना चलाएं, अभिभावक कम उम्र के बच्चों को वाहन ना दें, बिना लाइसेंस के हम गाड़ी ना चलाए। एआरटीओ प्रवर्तन ने कहा कि हमें सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को ईमानदारी के साथ पालन करना चाहिए। हमेशा सीट बेल्ट हेलमेट और सड़क पर बने यातायात के निशानों का का पालन करना चाहिए। हम इस तरह से वाहन चलाएं कि हम अपने आप को सुरक्षित रखें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया।घ् कार्यक्रम में संत एंथोनी इंटर कालेज के विद्यार्थियों के साथ साथ राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़, राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़,अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा के निर्देशन में प्रधानाचार्य फादर आनंद केवी जॉन,प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह व डॉ मो अनीस द्वारा किया गया। इसी प्रकार जनपद के अन्य शिक्षण संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## नौनिहालों ने धूमधाम संग मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु वाटिका ध्शिशु मंदिर के भैया बहिनों द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। विद्यालय के सह प्रबंधक मुरारीलाल जी एवं रामराज तिवारी जी ने समवेत मां शारदे एवं भारत माता तथा ओम के चित्र पर अपने श्रद्धा पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सुभाष चंद्र बोस का रूप धरे भैया देवेश मिश्रा एवं भैया किशन पांडेय ,चंद्रशेखर आजाद जी के रूप में भैया अभिनव पांडेय भगत सिंह जी के रूप में भैया ध्रुव शुक्ला रानी लक्ष्मीबाई के रूप में बहिन शांभवी तिवारी विवेकानंद भैया कार्तिक तिवारी का माल्यार्पण किया एवं आरती उतारी। देश को आजादी दिलाने वाले महान क्रांतिकारियों का वेश धरे भैया ध्बहिनों की आए हुए अतिथियों ने भूरि भूरि प्रशंसा की ।कार्यक्रम की रूपरेखा श्रीमती प्रीति सिंह के निर्देशन में तय की गई।अतिथियों का परिचय एवं सम्मान सचिन सिंह प्रधानाचार्य के द्वारा कराया गया।परिचय के उपरांत संचालिका विभा शुक्ला ने सुभाष चंद्र जी का संक्षिप्त जीवन परिचय बताया।मुख्य अतिथि रामराज तिवारी ने सुभाष चंद्र बोस के ध्येय वाक्य तुम मुझे खून दो मै तुम्हे आजादी दूंगा को याद करते हुए देश की आजादी में उनकी क्या भूमिका भी बताया।कार्यक्रम में शालिनी पांडे प्रीति मिश्रा बृजेश तिवारी प्रियांक तिवारी लक्ष्मी त्रिपाठी ज्योति आदि उपस्थित रहे। सभी के प्रति आभार ज्ञापन बृजेश जी ने किया।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में प्रेरणापूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किया। उन्होंने कहा, ष्नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि अटूट संकल्प और साहस से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उनकी शिक्षाएं आज भी हमें हमारे कर्तव्यों का बोध कराती हैं।कार्यक्रम में नेताजी की वेशभूषा में सजे रिपुदमन, भारतेश, शिवांश, समर और त्रियांश ठाकुर ने विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के साथ नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने उनके विचारों को आत्मसात करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्रों ने नेताजी के जीवन और आदर्शों को सजीव कर दिया। वत्सल मिश्रा, अक्षत और प्रभात सिंह ने भाषण और कविताओं के माध्यम से नेताजी के विचारों की व्याख्या की, जिसने सबके मन में नई प्रेरणा का संचार किया। अक्षिता गुप्ता ने अपनी देशभक्ति से ओत-प्रोत पंक्तियों से माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह ने अपने भाषण में कहा, ष्नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनका नेतृत्व और त्याग हमें यह सिखाता है कि देश और समाज के प्रति कर्तव्य निभाना ही सच्चा देशप्रेम है।कार्यक्रम का समापन विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी को नेताजी की जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा, ष्नेताजी के आदर्श और विचार आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर अपने कर्तव्यों को निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए।

## नेता जी की जयंती पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत रैली आयोजित



**प्रतापगढ़।** माई भारत नेहरू युवा केंद्र द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई एवं जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नेहरू युवा केंद्र कार्यालय से अंबेडकर चौराहा होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई। वहां उपस्थित युवाओं को यातायात प्रभारी टीआई जयचंद भारती ने संबोधित किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह माह में युवाओं की अहम भूमिका है,जागरूक हो कर दूसरो को जागरूक करे। लेखाकार विनय मिश्रा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन पुलिस से बचने के लिए ना कर के अपने व अपने परिवार हेतु करें। राज प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह ने कहा कि वाहन को धीमा चलाएं एवं हेलमेट अवश्य लगाये। इस दौरान श्याम नारायण पटेल मनजीत सिंह विकास शर्मा नमन तिवारी आयुष सिंह विवेक शर्मा अकल दत्त मिश्रा परविंद गौतम आदि मौजूद रहे।

## तीन वांछित धराये, गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत दलित उत्पीड़न के मुकदमे के कोर्ट के वांछित को धर दबोचा। दरोगा सुमित सिंह गुरूवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच थाना क्षेत्र के कटेहटी, रेवती शुक्ल का पुरवा निवासी रामनरेश उर्फ संजय कुमार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। वहीं लीलापुर पुलिस ने भी दो वांछितो को गुरूवार को हिरासत मे ले लिया। दरोगा गिरीशधर दुबे फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने थाना क्षेत्र के मिसिरमऊ गांव के गंगा शिवराम शुक्ल के पुत्र राजेश कुमार व भगवत प्रसाद के पुत्र सदाशिव को कोर्ट के निर्गत हुए गिरफ्तारी सम्मन पर धर दबोचा। दोपहर बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## भाजपा के दिलीप मिश्रा ने साथियों संग कांग्रेस की ली सदस्यता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के सांगीपुर विकासखंड के सुजाखर सेक्टर भाजपा के पूर्व शक्ति केन्द्र संयोजक, पूर्व मण्डल कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा दिलीप मिश्रा उर्फ गुड्डु मिश्रा ने अपने तमाम साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। निवर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने साथियों के साथ माला पहनाकर, कांग्रेस की पट्टी व सदस्यता रसीद काटकर सदस्यता ग्रहण कराई।कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के उपरान्त दिलीप मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी जी व रामपुर खास की लोकप्रिय विधायक आराधना मिश्रा मोना के विकास कार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त करके सदस्यता ग्रहण की है ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि संगठन में निष्ठावान व कांग्रेस मानसिकता के लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। सभी जॉइन करने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा की आज पूरा देश राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इरफान अली,
कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला,यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान, अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, राधे श्याम दूबे, शहजाद अहमद, अश्वनी उपाध्याय,नूर आलम आदि उपस्थित रहे।

## सड़क पर बने गड्ढे ने ले ली सब्जी विक्रेता की जान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नारंगपुर बाजार के पास सड़क पर बने गड्ढे ने एक सब्जी विक्रेता की जान ले ली। गुरुवार को हुए इस हादसे में सैफाबाद निवासी रामपयारे निषाद की बाइक अनियंत्रित हो गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना नारंगपुर बाजार के पहले पंप के समीप की है, जहाँ रामपयारे निषाद अपनी सब्जी लेकर बाजार जा रहे थे। बताया जा रहा है कि सड़क पर गड्ढों के कारण उनकी बाइक फिसल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत मदद का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र लंबे समय से खराब सड़कों की समस्या से जूझ रहा है। गड्ढों की अनदेखी और प्रशासन की लापरवाही अब जानलेवा साबित हो रही है।

### ▸▸ प्रशासन के खिलाफ नाराजगी

घटना के बाद स्थानीय लोग नाराज हैं, और उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़कों की जल्द मरम्मत की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर समय रहते इन गड्ढों को भर दिया गया होता, तो इस तरह के हादसे टाले जा सकते थे।

### ▸▸ आवश्यक कदम उठाने की अपील

यह हादसा प्रशासन के लिए एक चेतावनी है कि सड़कों के सुधार पर तत्काल कदम उठाए जाएँ ताकि और किसी परिवार को इस प्रकार की अपूरणीय क्षति न झेलनी पड़े।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाये-जिलाधिकारी

▸▸ जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

▸▸ शिकायतकर्ता को तत्काल ट्राइसाइकिल उपलब्ध करायी





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता अमरावती निवासी रायचन्दपुर पोस्ट छतरपुर ने बताया कि प्रार्थिनी के पति राजकुमार जोकि 80 प्रतिशत विकलांग है तथा चलने फिरने में पूरी तरह असमर्थ है तथा प्रार्थिनी के पति का विकलांग प्रमाण पत्र भी 80 प्रतिशत का जारी हुआ है किन्तु उनको अभी तक विकलांग साइकिल उपलब्ध नही हो सकी है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता की शिकायत को संज्ञान में लेकर तत्काल शिकायकर्ता को मौके पर ट्राइसाइकिल उपलब्ध करायी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े।

उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

संक्षिप्त खबरें

## मारपीट में जख्मी महिंद्रा एजेंसी के परिचारक की इलाज के दौरान मौत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के मोहनपुर उर्फ फतेहपुर परसखी के रहने वाले एक अधेड के साथ रास्ते में कुछ लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया , जिनकी दो दिन इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई , मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के मोहनपुर उर्फ फतेहपुर परसखी निवासी शिवलाल पटेल पुत्र बिंदेश्वरी सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन चौराहा के नजदीक महिंद्रा एजेंसी में परिचारक के पद पर कार्य करता था। शिवलाल मंगलवार की शाम सात बजे के करीब एजेंसी से छुटी होने के बाद अपनी विक्की से घर जा रहा था । शिवलाल जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर गांव के नजदीक नेशनल हाईवे के ओवरफ्लाई के ऊपर पहुंचे तभी तीन लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर विक्की को ओवरटेक कर रोक लिया और शिवलाल के ऊपर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया , आसपास मौजूद लोगो ने घायल को एंबुलेंस की मदद से सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने अधेड को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया । इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह शिवलाल की मौत हो गई । मृतक की पत्नी भानमती ने तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए सैनी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । पुलिस ने अधेड के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अधेड की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया।

## शादी समारोह में आए व्यक्ति की बाइक नदारत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में आए व्यक्ति की बाइक नदारत हो गई, खोजबीन के बाइक का सुराग न लगने पर वाहन स्वामी ने पुलिस को लिखित सूचना दी।प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मकनपुर निवासी सोनू लाल पुत्र श्यामा सोनकर ने गुरुवार को सैनी पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया कि बुधवार को वह अपनी बाइक से सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा का मजरा चंदेलन का पुरवा में एक शादी समारोह में आया था , सोनू लाल बाइक बाहर खड़ी कर निमंत्रण में शामिल होने चला गया वापस लौटा तो अपनी जगह खड़ी बाइक नदारत थी। काफी खोजबीन के बाद बाइक का सुराग न लगने पर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## अनेठा में फौजी के घर चार दिन पहले हुई चोरी का केस दर्ज

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** पईसा थाना क्षेत्र के अनेठा गांव में फौजी के घर में चार दिन पहले हुई चोरी की वारदात पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।अनेठा निवासी सूरजपाल पुत्र स्व भूरे लाल ने पईसा पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह बच्चों की पढ़ाई को लेकर परिवार के साथ प्रयागराज में रहता है। सूरजपाल ने बताया कि 19 जनवरी को वह घर गया था शाम को वापस प्रयागराज के लिए लौट गया। सूरजपाल का आरोप है कि बीती रात चोरों ने घर के दरवाजे की कुंडी काटकर घर के अंदर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर एक लाख की नकदी सहित उसकी व उसके फौजी भाई के कीमती जेवरात पार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी है।

## ई -रिक्शा कटरा मोड़ पर पलटने से चालक घायल



**शाहजहाँपुर।** कटरा निवासी नाथू राम का ई रिक्शा खराब हो गया था तो वो अपना रिक्शा दूसरे रिक्शे से खींच कर ले जा रहे थे तभी उनका रिक्शा कटरा मोड़ पर पलट गया। रिक्शा पलटने से नाथू राम के सर मे चोट आ गयी. तभी कॉल पर समय से पहुंची 108 एम्बुलेंस ने उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा मे भर्ती कराया शुरुआती इलाज के बाद मरीज को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

## आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**कौशाम्बी।** पराक्रम दिवस के शुभ अवसर पर सरसवां नगर में आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा नित्या सरस्वती ज्ञान मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाया गया। जिसमें प्रधानाचार्य अवनीश नामदेव अन्य अध्यापक गण एवम् तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहें। प्रधानाचार्य अवनीश नामदेव ने बताया नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा हर विद्यार्थियों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए तभी हर विद्यार्थी की पढ़ाई और लिखाई भी सफल होगी।

## दवा लेकर क्लिनिक जा रहे संचालक की रस्ते में हुई मौत

**भरवारी, कोखराज** थाना क्षेत्र के महेशपुर में क्लिनिक संचालक की बुधवार की देर रात भरवारी से दवा लेकर क्लिनिक जाते समय रस्ते में खून की उल्टी होने से मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।कोखराज थाना क्षेत्र के वॉर्ड 7 रामनगर के महेशपुर में कामता प्रसाद उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र झुरई निवासी तैय्यब पुर मगौरा थाना करारी क्लिनिक संचालक करता था, बुधवार की देर रात भरवारी से दवा लेकर क्लिनिक जाते समय डीडीआर स्कूल के आगे सड़क किनारे बाईक खड़ी करते ही खून की उल्टी होने लगी, तभी स्थानीय लोगों ने देखा और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दिया, मौके पर पहुंचे पुलिस ने युवक को ईलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहां रस्ते में ही युवक की मौत हो गई। इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है, पीएम रिपोर्ट मिलते ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मनाया नेता जी की जयंती



**कड़ा, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कड़ा कार्यालय में गुरुवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई।राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष यशराज मिश्रा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस दौरान जिलाध्यक्ष यशराज मिश्रा ने कहा कि नेता जी आजादी की लड़ाई में कभी पीछे नहीं हटे और आखिरी सांस तक मातृभूमि की रक्षा के लिए लड़ते रहे। इस अवसर पर अनुराग भट्ट , अंकुश मिश्रा ,जीत पटेल ,सालू श्रीवास्तव ,अवनीश पटेल ,श्यामू पटेल ,पवन मौर्या ,रमेश कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रक से भिड़ी महाकुंभ के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी टेंपो ट्रैवलर मिनी बस

### ▶▶ दो दर्जन के करीब श्रद्धालु जख्मी, कोखराज के कल्याणपुर के पास हुआ हादसा






**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के पास नेशनल हाईवे पर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो ट्रैवलर मिनी बस अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रक में पीछे से भीड़ गई हादसे में बस में सवार श्रद्धालुओं में अफरा तफरी मच गई इस दौरान लगभग दो दर्जन के करीब लोग जख्मी हो गए। आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना देकर आनन फानन में जख्मी श्रद्धालुओं को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में इलाज कराया गया।

बताया जाता है कि मथुरा से श्रद्धालुओं को लेकर महाकुंभ प्रयागराज में संगम स्नान को लेकर जा रही टेंपो ट्रैवलर मिनी बस जा रही थी , गुरुवार की सुबह बस जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव के पास नेशनल हाइवे पर पहुंची तभी बस अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस में सवार लगभग 30 श्रद्धालुओं में से 24 श्रद्धालु जख्मी हो गए। आसपास मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना देकर घायल श्रद्धालुओं को नजदीक के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी बस के माध्यम से संगम के लिए रवाना कर दिया गया।

बस में सवार श्रद्धालु डीडी अग्रवाल पुत्र श्याम सुन्दर अग्रवाल ने बताया हम सभी श्रद्धालु मथुरा से बुधवार की शाम साढ़े सात बजे चले थे गुरुवार की सुबह कल्यानपुर के पास आगे जा रही ट्रक के अचानक ब्रेक मारने से पीछे से टकरा गई जिसमें टेंपो ट्रैवलर में बैठे मथुरा के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के किशोर नगर बिल्ल मंदिर निवासी लालती देवी पत्नी श्यामलाल 50 वर्ष, रेशमा देवी पत्नी रामचरण 48 वर्ष , रामचरण पुत्र भजनलाल 52 वर्ष, भगवती देवी पत्नी गोपाल 46 वर्ष , पुष्पा देवी पत्नी दिनेश कुमार 49 वर्ष , दिनेश कुमार पुत्र पुरुषोत्तम 53 वर्ष, मोनू गुप्ता पुत्र अशोक कुमार, फरीदाबाद निवासी नीलम पत्नी विनोद कुमार 62 वर्ष, चंद्र प्रकाश सैनी पुत्र रामचंद्र 60 वर्ष , गोविंद पुत्र सूरज चंद्र 45 वर्ष, ओममति पत्नी चंद्र प्रकाश 58 वर्ष , हेमलता पत्नी अनोखेलाल 44 वर्ष, डीडी अग्रवाल पुत्र श्यामसुंदर 56 वर्ष , केशर पुत्र चन्द्र प्रकाश, आईमाबाद थाना गोविंद नगर निवासी किशन कुमारी पत्नी सुनील कुमार, माया देवी पत्नी भूप 60 वर्ष, आशा देवी पत्नी चंदन सिंह 45 वर्ष , पप्पन सिंह पुत्र नत्थू लाल 53 वर्ष, लक्ष्मी देवी पत्नी पप्पन 50 वर्ष, राजवीर पुत्र भोजराज, गोपीचन्द्र पुत्र पुरनचंद्र 46 वर्ष आदि लोग जख्मी हो गए। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक सहित फरार हो गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे शहजादपुर चौकी प्रभारी मनीष पाल हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों का इलाज कराते हुए दूसरी बस बुलाकर संगम के लिए भेज दिया।

## जानकीपुर स्कूल में शिक्षिका ने सुभाष चंद्र बोस की मनाई जयंती, सिखाया तिरंगा बैच बनाना



**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को विद्यालय की शिक्षिका शालिनी सिंह ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते हुए बच्चों को कला क्राफ्ट के अन्तर्गत तिरंगा बैच बनाना सीखाया , शिक्षिका शालिनी सिंह ने बताया कि बच्चों में नई चीजों का उत्साह देखते ही बनता हैं जब बात 26 जनवरी को तो और भी उत्साह रहता हैं। साथ ही साथ 'सुभाषचंद्र बोस की जंयती पर बच्चों सुभाषचंद्र बोस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अपने नवाचार को बढ़ाते हुए स्वतंत्रता सेनानियों से सम्बंधित पहेली गतिविधि के जरिए उनकी वेशभूषा व उनसे जुड़ी विशेष बातों को शामिल करते हुए गतिविधि करवाई। बच्चों ने पहेली गतिविधि से अपने स्वतंत्रता सेनानियों की पहचान किया।

## मीरापुर में महाकाल मंदिर में श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के मीरापुर में छत्रपाल मौर्य की स्मृति में आयोजित 68 वे वार्षिकोत्सव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन महाकाल भैरव मंदिर में कथा वाचक सुनील महाराज के द्वारा कथा के चौथे दिन वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया गया। इस कार्यक्रम के यजमान बृज भूषण मौर्य सहित बड़ी संख्या में श्रोता गण मौजूद थे, कथा वाचक द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय करारी व प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में मनाई गई 128वीं जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** मंझनपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय करारी एवं नेवादा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में छात्रों के अंदर देशभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय करारी में शिक्षिका रजनी केशरवानी ने स्मार्ट बोर्ड पर सुभाष चंद्र बोस का चित्र बनाकर बच्चों को उनके जीवन चरित्र एवं उनके महान कार्यो के बारे में बताया। इसी प्रकार तिलगोड़ी में प्रधानाध्यापक डॉ.राम नेवाज सिंह ने नेता जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया और उनके देश के प्रति त्याग और बलिदान को बच्चों को बताया उनके योगदान के कारण उनके जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।

तत्पश्चात सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान करने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं ने चित्र के माध्यम से बच्चों को बताएं और बच्चों से कहा गया कि यह सब अपने माता-पिता को अवश्य बताएं इस प्रकार से बच्चों के माध्यम से अभिभावकों को जीवन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया पराक्रम दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षिका तनवीर फात्मा, सुनीता सिंह ,कविता चौधरी, मधु सोनकर, नीलम, बबिता केसरवानी, सरोज देवी शिक्षक पवन कुमार सिंह रसोईया नफीसा बेगम सुनीता देवी सविता देवी सहित छात्र उपस्थिति रहें।

## लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा की ली शपथ

### ▶▶ दुर्घटन से बचाव के लिए करें यातायात नियमों का पालन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा की प्रति जागरूक करने के लिए शासन के निर्देशा पर गुरूवार को सड़क सुरक्षा शपथ समारोह पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। जनपद के कई विभागों में सड़क सुरक्षा शपथ लिया गया है। इसी प्रकार से मुख्यालय से सटे कोड़र स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में कर्मचारियों को अधिशासी अभियन्ता सहित सहायक अभियन्ता ने समस्त कर्मचरियों को शपथ दिलाई है।

मुख्यालय से सटे लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता द्वारा सहायक अभियन्ता रश्मि मौर्य ने कार्यालय के कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाया गया। रश्मि मौर्य ने बताया कि सड़क सुरक्षा शपथ मनाने का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के प्रति जागरूक करना है। हमें कभी भी तेज गति से वाहन नहीं चलाना चाहिए, जिससे दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा जा सके। दोपहिया वाहन संचालन के दौरान प्रत्येक वाहन चालक को हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाने वाले को सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। वाहन चालते समय मोबाइल पर बात न करे, टैऊफिक नियमों का पालन कर वाहनों का संचालन करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर रवीन्द्र प्रताप सिंह, रोहित कुमार, सुरेश चन्द्र, बीएस वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, जय सिंह, बीरेन्द्र प्रताप, राम कुमार, सुदामा, कमल, पितम्बर, अनिल, अजय सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## स्पेल बी प्रतियोगिता में उदय प्रताप, अक्षरासेन, अलीबा बेगम,अजीत कुमार रहे प्रथम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**म्योहर, (कौशाम्बी)।** विकास खण्ड चायल में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रतियोगिता गुरुवार को खण्ड शिक्षाधिकारी चायल हिना सिद्दीकी के निर्देशन में बीआरसी सभागार में संपन्न हुई। विकास खण्ड स्तरीय स्पेल बी प्रतियोगिता के लिए हिंदी विषय के लिए 100 नंबर की प्रतियोगिता रखी गयी और अंग्रेजी विषय के लिए 50 नंबर की प्रतियोगिता रखी गयी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एआरपी हिंदी रमेश सिंह व एआरपी गणित विनय सिंह ने प्रश्न पत्र का निर्माण किया। एआरपी सामाजिक विज्ञान सुधाकर द्विवेदी एआरपी विज्ञान मनोज कुमार मौर्या द्वारा प्रतियोगिता की शुचिता परखी गयी।

प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर से कक्षा 3, 4, 5 से विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले बच्चे,उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षा 6,7,8 से विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्र कंपोजिट विद्यालय में प्राथमिक स्तर का एक बच्चा एवं यूपीएस स्तर का एक बच्चा जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया था ने प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में सभी बच्चों को लेकर सुबह से ही विद्यालयों के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं प्रतियोगिता स्थल पर पहुंच गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता के दृष्टिगत विकास खंड के शिक्षकध्शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।सभी बच्चों ने अपना सर्वोत्तम प्रयास किया है। जो बच्चे प्रथम आये हैं उनको बधाइयां और जो किन्हीं कारणों से पीछे रह गए हैं उनको और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान अजीत कुमार प्राथमिक विद्यालय बलीपुर टाटा ने प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान उदय प्रताप यूपीएस सिंहपुर ने प्राप्त किया।कम्पोजिट विद्यालय से प्रथम स्थान अलीबा बेगम रसूलाबाद ने प्राप्त किया।

कम्पोजिट यूपीएस से अक्षरा सेन यूपीएस कमालपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों का चयन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। प्रतियोगिता सकुशल संपन्न कराने एवं कॉपी जांचने में रघुनाथ द्विवेदी, मधुर प्रकाश, अखिलेश पांडे, लवकुश कुमार, सुशील प्रजापति,रमेश सिंह, शुभ्रा पांडे,आकांक्षा सिंह, सोनम केसरवानी, कृष्ण कुमार का योगदान रहा।

## भडेसर में आर्या सुपर मार्केट का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर के भडेसर में आर्या पब्लिक स्कूल के सामने जिले का पहला स्वदेशी शॉपिंग मॉल आर्या सुपर मार्केट का फीता काटकर शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के पुत्र इंजिनियर योगेश कुमार मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर सुपर मार्केट का उद्घाटन किया। इस दौरान फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहली बार सुपर मार्केट के खोलने से एक ही छत के नीचे हर तरह का सामान उपलब्ध रहेगा। इंजीनियर योगेश कुमार मौर्य ने कहा कि जिले में पहला स्वदेशी शॉपिंग मॉल में घरेलू उपयोग के सभी सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा साथ ही आर्या सुपर मार्केट में इलेक्ट्रानिक सामान का अनूठा संग्रह एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए तमाम तरह के झूले व रोटेटिंग सायकिल का संग्रह रहेगा। इसके साथ ही कई सामान पर आकर्षक ऑफर व डिस्काउंट भी उपलब्ध है। शुभारंभ के अवसर पर फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश कुमार मौर्य, ऋषि कुशवाहा, शिव प्रताप उर्फ रिंकू मौर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, स्वतंत कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## विद्यालय के अंदर शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने शिक्षक से की मारपीट, दोनों पक्षों से केस

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक रेंजमा खोजबापुर निवासी चंदी लाल पटेल पुत्र शिवराज सिंह ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गांव के एक विद्यालय में अध्यापक है। चंदीलाल का आरोप है कि बुधवार की शाम दो व्यक्ति विद्यालय के अंदर शराब पी रहे थे साथ ही विद्यालय की चारदीवारी तोड़ रहे थे। जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से इसी गांव के धर्मेंद्र कुमार पुत्र सुख नारायण ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बहन गांव के बाहर बकरी चरा रही थी इस दौरान चंदीलाल उसकी बहन को गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे बीच बचाव में कमलाकांत के साथ भी मारपीट कर धमकी देने लगा। दोनों पक्षों की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने एक पक्ष से धर्मेंद्र कुमार व कमलाकांत एवं दूसरे पक्ष से चंदीलाल के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## दिल्ली में गणतंत्र दिवस में होने वाली परेड में शामिल होंगे कड़ा के खोचकीमई प्रधान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड में जिले से मात्र एक ग्राम प्रधान को आमंत्रित किया गया है। ग्राम प्रधान अकेले नहीं बल्कि अपने जीवन साथी के साथ परेड देख सकते हैं। ग्राम प्रधानों को यह उपलब्धि, उनके कार्यो के आधार पर मिली है। गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में होने वाली परेड में प्रदेश के 106 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें जिले के विकास खंड कड़ा के खोचकीमई ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान रमेश कुमार शामिल हैं। जिले की 451 ग्राम पंचायतों में से सिर्फ एक ग्राम पंचायत के प्रधान को चुना जाना संबंधित प्रधानों के लिए बड़ी उपलब्धि है।

गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने से पहले इन प्रधानों के बारे में सभी सूचनाएं सरकार ने मांगी हैं। समाजसेवी मनीष सम्राट ने बताया कि दिल्ली में होने वाली परेड में विशेष अतिथि के रूप में विकास खंड कड़ा के खोचकीमई ग्राम प्रधान रमेश कुमार को शामिल किया गया है । सरकार ने उन ग्राम पंचायतों के प्रधानों को आमंत्रित किया है। जिनमें सरकार की छह योजनाओं से संतृप्त किया गया हो, राष्ट्रीय या राज्य पुरस्कार मिला हो इसके अलावा कई योजनाओं में बेहतर काम किया हो। उन्होंने बताया कि विकास खंड कड़ा के खोचकीमई ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## मारपीट के आरोप में युवक पर केस दर्ज

**सैनी, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास में मारपीट के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासी मो अल्तमस पुत्र मो शाकिर ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार की शाम घर से अजुहा जाने के लिए निकला था। मो अल्तमस का आरोप है कि इस दौरान पड़ोस का एक युवक उसको रोककर गाली गलौच देने लगा

## सम्पादकीय

# भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे।केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा।मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोड़ने की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया।भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुड़ने से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा।इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकड़ने की व्यवस्था हो सकेगी।भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें।भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी।हैकर्स और जालसाजों द्वारा अति गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की गुंजाइश पर भी नजर रखी जा सकेगी।




# गणतंत्र दिवस- अतीत का सम्मान, भविष्य की दृष्टि



प्रो. आर.के. जैन अरिजीत

26 जनवरी को मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस भारतीयों के दिलों में गर्व, सम्मान और राष्ट्रीय एकता की अमर ज्योति प्रज्वलित करता है। यह दिन केवल हमारे गणराज्य की स्थापना का उत्सव नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के आदर्शों, हमारी बहुतांश संस्कृतियों और भारतीयता की अनन्त भावना का एक विशाल महोत्सव है। इस वर्ष की थीम, %स्वर्णिम भारत÷ विरासत और विकास%, हमारे गौरवशाली इतिहास को अभिवादन करते हुए, हमें एक ऐसे भविष्य की ओर अग्रसर करती है जो स्वर्णिम हो। यह थीम हमारे देश की प्राचीन विरासत को नमन करती है, जो हजारों वर्षों के सांस्कृतिक धरोहर, ज्ञान, और कला का अमूल्य खजाना है। यह हमें याद दिलाती है कि भारत की ताकत उसकी विविधता में है, जहाँ हर राज्य, हर क्षेत्र, हर समुदाय अपनी अनोखी पहचान और संस्कृति लिए हुए है। हमारे पूर्वजों ने जो संस्कृति और परंपराएँ सौंपी हैं, उन्हें संरक्षित करना और आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है।लेकिन %स्वर्णिम भारत% केवल विरासत तक सीमित नहीं है; यह विकास की बात भी करती है। हमारे सामने एक ऐसे भारत का निर्माण करने का लक्ष्य है, जहाँ हर नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के समान अवसर मिलें। यह विकास का मार्ग है जो हमें समावेशी, टिकाऊ और न्यायपूर्ण समाज की ओर ले जाता है। जब राजपथ पर अनुशासनबद्ध कदमताल के साथ हमारी सैन्य परेड प्रारंभ होती है, तो यह केवल भारत की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारे सैनिकों के अदम्य साहस और अटूट संकल्प का जीवंत उदाहरण है। यह दृश्य भारत की राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनकर हर हृदय को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। विभिन्न राज्यों की झांकियाँ हमारी सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत का अद्भुत चित्रण करती हैं, जो यह सिखाती हैं कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित है। लेकिन क्या यह भव्यता हमारे समाज की सच्चाई को भी प्रतिबिंबित करती है? क्या संविधान में लिखी स्वतंत्रता और समानता हमारे जीवन में साकार होती हैं, या वे केवल किताबों तक सीमित हैं?गणतंत्र दिवस का असली अर्थ सिर्फ परेड और उत्सव तक सीमित नहीं है; यह हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। भारत, विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र, क्या वास्तव में अपने नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों को जीने का अवसर देता है? क्या नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारियों को भी समान रूप से निभाते हैं? संविधान ने हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय जैसे मूल्य दिए हैं, लेकिन क्या ये आदर्श हमारे सामाजिक ताने-बाने में झलकते हैं? लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है; यह हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। चाहे वह सड़कों पर दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना हो या समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना, लोकतंत्र हर छोटे-बड़े कर्म में परिलक्षित होना चाहिए। गणतंत्र दिवस का असली संदेश यही है ङ्क अपने कर्तव्यों और मूल्यों के प्रति जागरूक होकर भारत को उसकी संपूर्णता में जीना।गणतंत्र दिवस केवल हमारी प्रगति और उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। हमें विचार करना चाहिए कि हमारी यह प्रगति कितनी समावेशी है। क्या विकास का लाभ देश के हर नागरिक तक पहुँच रहा है, या यह केवल कुछ विशेष वर्गों तक सीमित रह गया है? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच गहराती खाई, बढ़ती आर्थिक असमानता और शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी आज भी हमारी तरक्की की राह में बाधा बनकर खड़ी हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास का प्रकाश समाज के हर कोने तक पहुँचे। भव्य परेड में अत्याधुनिक हथियारों और उपलब्धियों का प्रदर्शन तब तक अधूरा है, जब तक हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएँ और सम्मान का अधिकार नहीं मिलता। हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि समानता, न्याय और समावेश के पवित्र आदर्शों का प्रतिबिंब है। लेकिन क्या हमने इन आदर्शों को अपने जीवन और समाज में पूरी तरह अपनाया है? जाति, धर्म, और लिंग के आधार पर होने वाला भेदभाव आज भी हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को चुनौती देता है। सामाजिक न्याय का सच्चा अर्थ तभी साकार होगा, जब हर वर्ग को समान अवसर, समान अधिकार और समान सम्मान मिले।स्वतंत्रता का असली अर्थ तब ही पूर्ण होता है जब इसे जिम्मेदारी का साथ मिले। अधिकारों का उपयोग करना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही जरूरी है अपने कर्तव्यों का निर्वहन। हमें आत्ममंथन करना होगा कि क्या हम पर्यावरण की सुरक्षा, कानून का पालन और समाज की भलाई के प्रति उतने ही समर्पित हैं, जितना अपने अधिकारों के प्रति सजग। स्वतंत्रता केवल व्यक्तिगत इच्छाओं तक सीमित नहीं हो सकती; यह समाज और देश के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी को भी समाहित करती है। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय जैसे महान मूल्यों से सुसज्जित करता है। लेकिन इन मूल्यों की सार्थकता तभी होगी जब हम उन्हें अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम अपने समाज को बेहतर बनाने और हर नागरिक के जीवन में बदलाव लाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करें। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हमारा गणतंत्र ऐसा बने जिस पर हर नागरिक गर्व कर सके–एक ऐसा राष्ट्र जहाँ समान अवसर, सम्मान, और सुरक्षा हर व्यक्ति को प्राप्त हो।हमारा राष्ट्रीय पर्व हमें यह सिखाता है कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता में निहित है। लेकिन क्या हम इस विविधता को वास्तव में हर दिन सम्मान देते हैं? क्या हमारी सामाजिक संरचना इस विविधता को खुले दिल से स्वीकार करती है, या यह केवल उत्सवों और नारों तक सीमित रह जाती है? हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी एकता और सामंजस्य केवल राष्ट्रीय पर्वों की औपचारिकता न बने, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हो। गणतंत्र दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति एक नवीकृत संकल्प है। यह हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र एक प्रणाली भर नहीं है; यह जीवन का दर्शन है, जो हमारे हर निर्णय, हर क्रिया को दिशा देता है। हमें आत्मचिंतन करना होगा कि क्या हम अपने अधिकारों का सही उपयोग कर रहे हैं और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन कर रहे हैं। लोकतंत्र की सफलता अधिकारों और जिम्मेदारियों के संतुलन में निहित है। हमें अपने मताधिकार से लेकर सामाजिक जिम्मेदारियों तक हर पहलू में सजग रहना होगा। जब हम अपने दैनिक जीवन में इन मूल्यों को अपनाएँगे, तभी भारत की एकता, विविधता और लोकतंत्र का असली अर्थ साकार होगा।इस गौरवशाली अवसर पर हमें गहराई से विचार करना चाहिए कि कैसे अपनी अद्भुत विरासत को संरक्षित रखते हुए उसे आधुनिक प्रगति के साथ जोड़ा जा सकता है। भारत की प्राचीन कला, संस्कृति और ज्ञान विश्व में अद्वितीय हैं, और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा विकास प्रकृति के साथ सामंजस्य में हो, ताकि हमारी धरोहर और प्राकृतिक संसाधन भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहें। आज भारत वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। ऐसे में, हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया के सामने गर्व से प्रस्तुत करना चाहिए और वैश्विक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।भारत की एकता और विविधता समूचे विश्व के लिए यह संदेश है कि भिन्नता में भी एकता संभव है। भविष्य के भारत के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि हम ऐसी नीतियाँ बनाएं जो हर व्यक्ति को समान अवसर प्रदान करें। जाति, धर्म, या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव को जड़ से समाप्त करना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसर हर नागरिक की पहुँच में हों, ताकि हर भारतीय अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सके। गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक ऐसा संकल्प है जो हमें प्रेरित करता है कि हम एक ऐसा भारत बनाएँ, जो अपनी विरासत पर गर्व करे, आधुनिकता को अपनाए, और हर नागरिक को समानता, सम्मान और अवसर प्रदान करे।इस 76वें गणतंत्र दिवस पर, हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम एक ऐसा भारत बनाएँ, जो अपनी गौरवशाली विरासत का सम्मान करते हुए प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर हो। थीम %स्वर्णिम भारत÷ विरासत और विकास% के माध्यम से, गणतंत्र दिवस हमें अपनी विरासत के प्रति गौरव और विकास के प्रति समर्पण का संदेश देता है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम नई तकनीकों, विचारधाराओं और सोच के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी समृद्ध परंपराओं को संजोएं। हमें एक ऐसा भारत बनाना है जो अपनी जड़ों से जुड़ा हो, लेकिन आकाश की ओर उड़ान भरने के लिए भी तैयार हो। इस प्रकार, गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत की सच्ची पहचान उसके भविष्य में भी निहित है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि विकास के लाभ देश के हर नागरिक तक समान रूप से पहुँचें, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, या आर्थिक वर्ग से संबंधित हो। हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, और न्याय का उपहार देता है, लेकिन इन आदर्शों को वास्तविकता में बदलने की जिम्मेदारी हम सभी की है। आइए, इस गणतंत्र दिवस पर हम एक ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लें, जो हर नागरिक के लिए समान अवसरों, सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक बने। आप सभी को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। जय हिंद! वंदे मातरम्!

## सरोकार

# अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप - सर पर ताज के साथ कांटे भी अनेक

अशोक भाटिया

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही जिस तरह डोनाल्ड ट्रप ने आनन-फानन अनेक कड़े फैसले और एलान कर डाले, उससे स्वाभाविक ही दुनिया भर में तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे।दुनिया में जहां बर्लिन की दीवार गिरी वहां फिर से नई दीवार बनाने की बात होने लगी. ओबामाकेयर विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर निकलने की चर्चा थी, जहां पर्यावरण संकट के खिलाफ वैश्विक लड़ाई सामने आई थी, पेरिस समझौते से हटने की घोषणा की जा रही थी। बारह साल पहले, जहां संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने पहले भाषण में ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का सम्मान किया, %अमेरिका में अब ट्रांसजेंडरों के लिए कोई जगह नहीं है। कहा गया कि यह नया अमेरिका है। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद बोल रहे थे और उनके सामने बैठे बराक ओबामा समेत कई लोगों ने इसे हताश होकर सहा! ट्रंप ने 2016 में आकर दुनिया को चौंका दिया था। हालांकि अगले चुनाव में जो बाइडेन को चुनकर अमेरिका ने अपनी गलती सुधारी। हार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि हिंसा भड़काने, हार नकारने वाले और नंगेपन पहनने वाले आरोपियों को अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने तक नहीं दिया जाएगा। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें नॉमिनेट किया था। अमेरिका ने भी उन्हें राष्ट्रपति बनाया। ट्रम्प ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को ऐसे छोड़ दिया है जैसे कि अविकसित देशों में लोग रहते हैं या मर गए हैं। ट्रंप हीनता की राजनीति करने में सफल होते दिख रहे हैं कि %हमने दुनिया की रोटी भूनने में खर्च कर दिया, अब हम अपने बारे में सोचें। पिछड़े आगे बढ़ गए हैं और हमारे अपने बच्चे बेरोजगार हो गए हैं। अमेरिका यहां इसलिए आया है क्योंकि दुनिया के सभी कोनों से लोगों ने अमेरिका बनाया है। इसके विपरीत, अमेरिका ने कई देशों को नष्ट कर दिया है। यह वही अमेरिका है जो कृतघ्नता से दुनिया को आरोपियों के पिंजरे में डाल रहा है। वे पनामा नहर चाहते हैं। मुझे यह करना है। हम %ड्रिल बेबी, ड्रिल% कहकर नया तेल और ईंधन प्राप्त करना चाहते हैं, और हम रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को खत्म करना चाहते हैं। ट्रम्प कौन कहते हैं कि अमानवीयता नए राष्ट्रपति के साथ है जब तक कि ट्रांसजेंडर का अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता। ट्रम्प यह कहने वाले कौन होते हैं कि अमेरिका %थर्ड जेंडर% पर विचार नहीं करेगा? बेशक, लोकतंत्र को नष्ट करने में ट्रम्प अकेले नहीं हैं। रूस में पुतिन हैं, चीन में शी जिनपिंग हैं ..! ट्रम्प, जो अमेरिका को स्वार्थी दुष्प्रचार की भाषा सिखाता है, जबकि दुनिया पहले से ही युद्ध की लपटों से घिरी हुई है, खतरनाक होगा !ट्रम्प के राष्ट्रवाद का उन्माद, इसे ÷अमेरिका फर्स्ट÷ कहते हुए, सफल रहा। उन्होंने अपने पहले भाषण में कहा, ÷मैं राष्ट्रपति द्वारा अब तक की गई गलतियों को ठीक करने जा रहा हूं,÷ लेकिन ÷मास हिस्टीरिया÷ में विवेक या विचार नहीं है। ट्रम्प इस विभाजन की नींव पर एक नया अमेरिका बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आप्रवासी जिन्होंने अमेरिका का निर्माण किया। वे उन्हें दुश्मन बना रहे हैं। वैश्वीकरण का लाभ उठाने, अन्य देशों में बाजारों पर कब्जा करने की संकीर्णता, लेकिन उन देशों की जनशक्ति का विरोध वापस आ गया है। ट्रम्प को बहुत प्रशंसा मिली जब उन्होंने कहा, ÷हम केवल अमेरिका के बारे में सोचेंगे और इस देश को महान बनाएंगे,÷ और ऐसा करने में, वह भूल गए होंगे कि हम वैश्वीकरण के बाद की दुनिया में रहते हैं। अब, पूरे मानव समुदाय का एक ही उद्देश्य है। ÷जलवायु परिवर्तन केवल एक देश के बारे में नहीं है। लेकिन जैसे ही उन्होंने पेरिस समझौते से बाहर निकाला, ट्रम्प संकेत दे रहे थे जैसे कि उनका बाकी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं था÷ उनके प्रिय एलोन मस्क अपने शपथ ग्रहण समारोह में। इसके अलावा जेफ बेजोस और मार्क जुकरबर्ग भी मौजूद थे, जो दुनिया के बाजार पर राज करेंगे; लेकिन अगर कोई राष्ट्रवाद को स्वार्थी स्थिति कहता है कि हमें दुनिया के सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है, तो यह एक पतन की शुरुआत है।एक कड़ा फैसला उन्होंने अमेरिका में जन्म के साथ ही हर बच्चे को स्वत÷ वहां की नागरिकता मिल जाने संबंधी कानून को रद्द करने का किया। इस पर तुरंत प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई। अब डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रभाव वाले वहां के बाईस राज्यों ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दे दी है।भारतीय मूल के सांसदों ने भी इसका विरोध किया है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन के अधीन काम करने वाली कई संस्थाओं ने इसे अदालत में चुनौती दी है। जाहिर है, ट्रंप प्रशासन के लिए इस फैसले पर आगे कदम बढ़ाना आसान नहीं रह गया है। जन्म के साथ नागरिकता का कानून अमेरिकी संविधान में वर्णित है, इसलिए उसे बदलने पर विरोध की आशंका पहले ही क्षण से जताई जाने लगी थी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी कानून को लागू करने या बदलने को लेकर असीमित अधिकार प्राप्त हैं, पर वहां की कानून-व्यवस्था ऐसी है कि राष्ट्रपति भी उससे ऊपर नहीं हैं।

दरअसल, ट्रंप शुरू से अवैध घुसपैठ और आव्रजन संबंधी नियमों में लचीलेपन के खिलाफ रहे हैं। अपने पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने कहा था कि आव्रजन नियमों में कमजोरी का लाभ उठा कर बहुत सारे लोग दूसरे देशों से आ जाते हैं और वे अमेरिकी युवाओं का हक मारते और संसाधनों का उपभोग करते हैं। सीमाओं पर सख्त निगरानी न होने के कारण हर वर्ष लाखों लोग अवैध रूप से घुस आते हैं।ट्रंप ऐसे हर विदेशी नागरिक को अमेरिका से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए शपथ ग्रहण के साथ ही उन्होंने सीमाओं पर आपातकाल लगा दिया और वहां सेना भेजने का फरमान जारी कर दिया। ऐसा नहीं कि ट्रंप से पहले अवैध घुसपैठियों पर नजर नहीं रखी जाती थी या गलत तरीके से आए लोगों को वापस नहीं भेजा जाता था। मगर ट्रंप जिस तरह विदेशी नागरिकों का वहां से सफाया करना चाहते हैं, उसे किसी भी लोकतांत्रिक देश का कदम नहीं माना जा सकता।अवैध घुसपैठ निस्संदेह अमेरिका के सामने बड़ी समस्या है और उससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने का विरोध नहीं किया जा सकता। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि वैध रूप से वहां रह रहे लोगों को भी नाहक निशाने पर ले लिया जाए। इससे विदेशी नागरिकों की मुश्किलें तो बढ़ेंगी ही, अमेरिका को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। शपथ ग्रहण से पहले जब ट्रंप ने घोषणा की थी कि वे एच वन-बी वीजा खत्म करेंगे, तब उनके करीबी एलन मस्क ने ही सबसे पहले उसका विरोध किया था। इसके पीछे वजह यही थी कि ऐसे फैसले से दूसरे देशों से तकनीकी विशेषज्ञों और कुशल लोगों को लाना कठिन हो जाएगा।

## समसामायिक

# वृद्ध लोग समाज के मूल्यवान सदस्य

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई।सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निर्माता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है।वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढने के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बिर्यड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है।अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसद योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है। अमेरिका में 50 से अधिक उम्र के उद्यमियों की संख्या साल 2007 के मुकाबले साल 2024 में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जीने से हमें रिटायरमेंट शब्द से भी रिटायर होना पड़ सकता है। अनुमानित जीवनकाल शताब्दी के करीब पहुंचने के साथ हम उम्मीद कर सकते हैं कि हमारा कामकाजी जीवन अतिरिक्त 20-40 वर्षो तक बढ़ जाएगा। यह शिक्षा और काम के बारे में हमारी सोच को फिर से परिभाषित करेगा। वहीं कार्यबल में बने रहने के कारण अर्थशास्त्र से परे भी है।इस बात के बढ़ते प्रमाण हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद काम करने से हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है। साथ ही मानसिक प्रगति और सामाजिक जुड़ाव भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों को समाज के मूल्यवान सदस्य के रूप में स्वीकार करने के लिए नकारात्मक रूढ़िवादिता को समाप्त करना होगा तथा लंबी आयु के लाभों के बारे में सार्वजनिक धारणा को व्यक्तियों, समाजों और अर्थव्यवस्था तक पहुंचाना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि विकसित देशों में स्वास्थ्य सेवा की लागत का बड़ा हिस्सा उम्र बढने और उम्र से संबंधित बीमारियों से प्रेरित है। फिर भी उम्र बढने और स्वास्थ्य अवधि विज्ञान को बहुत कम धन उपलब्ध है।अमेरिका अल्जाइमर रोग के इलाज पर सालाना लगभग 305 बिलियन डॉलर खर्च करता है। यह आंकड़ा 2050 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यूएस रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का अनुमान है कि हृदय रोग और स्ट्रोक के कारण देश को स्वास्थ्य सेवा व्यय और उत्पादकता हानि के रूप में प्रतिवर्ष 363 बिलियन डॉलर का नुकसान होता है। मधुमेह के कारण अनुमानित वार्षिक स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 327 बिलियन डॉलर है, जबकि गठिया और संबंधित बीमारियों के कारण होने वाला खर्च 303 बिलियन डॉलर से अधिक है। वहीं देश वृद्धावस्था के लक्षणों के उपचार पर अरबों डॉलर खर्च करता है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वार्षिक अनुसंधान बजट का एक प्रतिशत से भी कम या 337 मिलियन डॉलर वृद्धावस्था के जीव विज्ञान को समझने में खर्च होता है।विशेषज्ञ मानते हैं कि उम्र बढने के मूल कारणों को संबोधित करने से व्यक्तिगत बीमारियों को लक्षित करने की तुलना में निवेश पर अधिक लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि विश्व की जनसांख्यिकी संरचना में परिवर्तन हो रहा है तथा अनुमान है कि 60 वर्ष से अधिक आयु की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी हो जाएगी। वहीं देरी से कार्रवाई करने पर जीवन की गुणवत्ता कम हो जाएगी और अतिरिक्त वर्ष अस्वस्थता में गुजारने पड़ेंगे, जबकि युवा लोगों को अपने परिवार के सदस्यों की देखभाल की जिम्मेदारी उठानी होगी। वृद्ध होते समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने तथा वृद्धावस्था के प्रति विश्व के दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है।

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। आज कुछ लोग आपके काम में मदद कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। |
| मिथुन | आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं... उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिये मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कविता लोगों को काफी पसंद आएगी... आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं। |
| सिंह | आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है, काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही... इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। |
| कन्या | आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे, आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे, ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद होगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं... कठिन विषयों को समझने के लिये अपने सिनीयर की मदद लेंगे। |
| वश्चिक | आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है.. अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी.... आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है.... घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। |
| मकर | आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे..... लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। राइटर की बुक पब्लिश होगी, जिसे लोगों का काफी प्यार मिलेगा। |
| कुम्भ | आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है... आप उनसे अपनी निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है, पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी। |
| मीन | आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। |

# जवाँ जो देश खातिर चढ़ गये फाँसी के फंदे पर,हमें उन वीर पूतों की जवानी याद आती हैं'



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** देव गीत लान रघवापुर में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों एवं कई कवयित्रियों ने विभिन्न रस की कविताओं से श्रोताओं को भाव विभोर किया।

कैप्टन शिव त्रिपुरारी पाण्डेय एवं लेफ्टिनेंट घनश्याम पाण्डेय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।माँ सरस्वती की वाणी वंदना अर्चना सिंह ने की जिससे कवि सम्मेलन गतिमान हुआ। इसके पश्चात सत्येंद्र सिंह सौम्य ने बेटी पर आधारित गीत पढ़कर लोगों का भरपूर समर्थन प्राप्त किया।कार्यक्रम के संयोजक हास्य व्यंग्य के कवि राधेश पाण्डेय ने अपनी कई हास्य व्यंग्य की कविताओं से श्रोताओं को आनंदित किया। प्रसिद्ध कवयित्री जया मिश्रा ने पिता और बेटी पर आधारित रचनाओं का पाठ करके श्रोताओं का दिल जीत लिया।उनकी बेटी पर पढ़ी गई रचना की पंक्ति- 'बेटियाँ हैं जया देश की शान अब, बेटियाँ आज सीमा की रखवार हैं' बहुत सराही गई। चाँदनी दुबे ने भी सुंदर काव्य पाठ किया।अर्चना सिंह ने श्रृंगार का सरस गीत पढ़ा। प्रमोद दुबे लंठ ने हास्य कविता का वाचन किया तो अनीता पाण्डेय ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। मुंबई में रहकर साहित्य सेवा करने वाले प्रसिद्ध गीतकार श्रीकांत मिश्रा ने भी सरस गीतों का वाचन किया।संचालन कर रहे वीर रस के कवि डॉ.रणजीत सिंह ने -हमें राणा की गाथा स्वाभिमानी याद आती है,पृथ्वीराज के खूँ की रवानी याद आती है, जवाँ जो देश खातिर चढ़ गए फाँसी के फंदे पर,हमें उन वीर पूतों की जवानी याद आती है...के साथ 'ऋण चुकाना है' शीर्षक से कविता पढ़कर राष्ट्रीय चेतना को प्रवाहित करते हुए लोगों को उद्वेलित कर उन्हें मुग्ध किया तो अध्यक्षता कर रहे सुरेश नारायण दुबे व्योम ने अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए अपने सरस गीतों को प्रस्तुत किया।आभार प्रदर्शन आयोजक धीरेंद्र पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर ओम प्रसाद मिश्र, मुरली लाल,बृजेश शुक्ला हिंदुस्तानी,डॉ.नारायण पाण्डेय, आलोक त्रिपाठी सहित ढेर सारे लोग मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को मानव श्रृंखला बना कर दिलायी सड़क सुरक्षा की शपथ



**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल में बृहस्पतिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनके जन्म दिवस पर याद किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर छात्र - छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गई। प्रधानाचार्य समीना अख्तर ने सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। निदेशक संजय सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अपने छात्रों को सुरक्षित सड़क यात्रा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जितेंद्र विक्रम सिंह,संगीत दुबे,शाजिया मुर्तजा,अंकिता तिवारी,विकास प्रताप सिंह, शिवम त्रिपाठी,गुंजन सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही ने जीता टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सदभावना कप 2025 अंडर 14 टूर्नामेंट में आज फाइनल मैच के मुख्य उद्घाटन कर्ता एवं समापन कर्ता रोशन लाल उमर वैश्य वरिष्ठ समाजसेवी रहे। उनके साथ धर्मेंद्र सिंह गुड्डू एवं स्टेडियम के सभी कोच उपस्थित रहे। आज का मैच अल हिदायत एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही के बीच हुआ। जिसमें भदोही ने टास जीत करके पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवरों में 162 रन 6 विकेट खोकर बनाएं। जिसमें शिवम यादव ने 31 रन अनुराग 35 रन और आर्यन ने 29 रन बनाए। अल हिदायत की तरफ से धीरू ने दो विकेट लिया। जवाब देने उतरी अल हिदायत की टीम 10.4 ओवर में 53 रन बनाए और पूरी टीम ऑल आउट हो गई। स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही की तरफ से आशीष कुमार ने तीन विकेट गोलू पाल एक विकेट एवं करण ने एक विकेट लिया और यह मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही ने जीत लिया तथा विजेता रही। आज के मैच के मुख्य निर्णायक अर्पित यादव एवं अनूप सरोज और स्कोर प्रियांशु गौतम रहे। मुख्य अतिथि रोशन लाल उमर वैश्य के साथ देवराज नंदन ओझा आदित्य शुक्ला सचिन शुक्ला धर्मेंद्र सिंह दीपू सिंह विक्रम प्रताप सिंह और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अपहरण, दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के गोपालापुर अंडरपास गंगा एक्सप्रेस-वे के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी महेशगंज मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 शिशिर पटेल ने मय हमराह का0 विनय कुमार, का0 राहुल द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित वारण्टी, विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना महेशगंज में पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा -137(2), 87 बी0एन0एस0 से संबंधित वांछित अभियुक्त अंकुश सरोज (गोलू) पुत्र बंशीलाला ग्राम बोधी का पूरवा झींगुर थाना महेशगंज को आज गुरुवार को थानाक्षेत्र महेशगंज के गोपालापुर अंडरपास गंगा एक्सप्रेस वे के पास से गिरफ्तार किया।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से झोलाछाप डॉक्टर कर रहे कमाई

**▶▶भोली भाली जनता का मानसिक उत्पीड़न करके मचाये है लूट**

लोकमित्र ब्यूरो

**कोहंडौर प्रतापगढ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोहड़ौर बाजार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिली भगत कहे या लापरवाही, जिसका फायदा उठाकर झोलाछाप डॉक्टर शिवकुमार भोली भाली जनता का आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न करते हुए लूट मचाये है। स्थानीय लोगो का कहना है कि यह झोलाछाप डॉक्टर पूर्व में किसी सरकारी डॉक्टर के यहां सुई दवाई लगाने का कार्य करता था, जो अब अपना क्लीनिक खोलकर डॉक्टरी कर रहा है।

इसे किसी भी बीमारी की कोई सही जानकारी नहीं है। वह डॉक्टर यहां रहते हुए कुछ सुई दवा करना सीख गया, जिसका फायदा उठाकर वह अब गरीब जनता से दवा इलाज के नाम पर लूट मचाये है। इससे गरीबो का जहा एक तरह से आर्थिक उत्पीड़न करके अपनी झोली भर रहा है, वही गरीब मरीजो का मानसिक उत्पीड़न भी हो रहा है। इसे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही कहे या मिलीभगत जिसका फायदा यह झोलाछाप डाक्टर गरीबों का उत्पीड़न करते हुए उन्हे लूट रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी इस पर ध्यान देते हुए इसकी जांच करवाकर सख्त कार्रवाई करें।




## देशी बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने गुरूवार की सुबह एक आरोपी को पांच देशी बम के साथ धर दबोचा। दरोगा घनश्याम यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे रामपुर कसिहा पुल पर एक संदिग्ध की पुलिस ने तलाशी ली। उसके पास से पांच अवैध देशी बम बरामद हुआ। हिरासत में लिये गये आरोपी थाना के कुरैशी का पुरवा, राहाटीकर निवासी सुन्दी अली के पुत्र शाहिद उर्फ पिंकू के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये शाहिद के खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामलो में चौदह मुकदमें पहले से दर्ज हैं। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## राजा भइया ने राज भवन बेंती में जनता की समस्याओं का किया निस्तारण



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने राज भवन बेंती में गुरुवार को जनता दरबार में प्रदेश भर से आए हुए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख विहार पति राम चंद्र सरोज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंडा प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन, मानवेन्द्र तिवारी,पूर्व प्रधान राजू तिवारी, सौरभ नेता, बबलू पांडेय, विनीत पांडेय रामनगर, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान जहानाबाद, सज्जन शुक्ला, लल्लू प्रजापति, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# किसान गेहूँ फसल की निरन्तर निगरानी करें एवं सुझावों को अपनाये

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने कृषक बन्धुओं को अवगत कराया है कि गेहूँ के लिए आदर्श तापमान विकासात्मक अवस्था पर निर्भर करता है वनस्पतिक अवस्था के दौरान 10 से 19 डिग्री सेल्सियस और पुष्पावस्था के दौरान 21 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान आदर्श होता है। अभी आगामी एक सप्ताह तक पूर्वानुमान के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा इससे चिन्तित न होकर फसल की निरन्तर निगरानी करें एवं दिये गये सुझावों को अपनायें। उन्होने बताया है कि गेहूँ की फसल अगले तीन दिन तक 19 डिग्री से 24 डिग्री तापमान रहने की सम्भावना है ऐसे में किसान भाइयों को हल्की सिंचाई करें ताकि पौधों में नमी बनी रहे। गेहूँ की फसल में 15 से 30 किलो प्रति हे0 माइक्रो राइजा एंव एजेक्टो बैक्टर सिंप्रकलर सेट से सिंचाई के साथ अवश्य प्रयोग करें जिससे लंबे समय तक खेत में नमी बनी रहे। गेहूँ की फसल में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें जिससे पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सकें।। एन0पी0के0 लिक्वेड फर्टीलाइजर का छिड़काव करें।

मल्चिंग मिट्टी की सतह पर घास पत्तियां या अन्य जैविक पदार्थ डालकर नमीं बनायें रखें और तापमान में स्थिरता लायें। अगर तापमान में अचानक बदलाव हो तो कुछ फसलों जैसे-मौसमी सब्जी/फलों के लिए शेड नेट या टनल का उपयोग किया जा सकता है, जो फसल को गर्मी से बचाता है। सरसों की फसल हेतु अगले 10 से 15 दिन में तापमान में अचानक गिरावट होने पर या बादल आने पर माहू कीट का प्रकोप बहुत तेजी से होता है जिसकी बराबर निगरानी करते रहें और माहू कीट नियन्त्रण हेतु ऐजाडिरेक्टिन (नीम का तेल) 0.15 प्रतिशत ई0सी0 2.5 ली0 प्रति हे0 की दर से या डाई मेथोएट 30 प्रतिशत ई0सी0 एक लीटर प्रति हेक्टेयर पर 500-600 ली0 पानी में घोल बना कर छिड़काव करें।

रबी में फसलों की सिंचाई सुबह या शाम के समय में करें ताकि ज्यादा गर्मी में पानी का वाष्पन न हो और पौधों को अधिक लाभ मिलें। दलहनी फसलों में फूल आने से पहले सिंचाई करें, ताकि नमी की कमी न हो।

फूल आने पर दलहनी फसलों की सिंचाई कदापि न करें, नही तो फूल झड़ जायेंगे और उत्पादन में गिरावट आयेगी। ड्रिप एंव स्प्रिकलर सिंचाई का अधिकाधिक उपयोग करें। किसान भाई अधिक जानकारी के लिए हेल्प डेस्क नम्बर 1551 एंव कृषि रक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़ के मोबाइल नम्बर 8317016264 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर हुई जागरूकता गोष्ठी



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जलेशरगंज क्षेत्र के मोठिन कृष्णा नगर स्थित राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता गोष्ठी हुई। वहीं महाविद्यालय के एनएसएस शिविरार्थियों व अन्य छात्र छात्राओं ने जागरूकता पैदल मार्च भी निकाला। कार्यक्रम में छात्रा तनु शुक्ला, शिल्पा वर्मा, निधि व प्रज्ञा तथा छात्र आदित्य, सौरभ व सनी ने सामूहिक जागरूकता गीत प्रस्तुत किये। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एनएसएस के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सर्वेश त्रिपाठी ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करके जीवन को सुरक्षित बनाए रखा जा सकता है। छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से जुडे स्लोगन भी प्रदर्शित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रामसमुझ व संचालन प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने किया। इस मौके पर संतोष मिश्र, पंकज मिश्र, रवि प्रकाश यादव, सुरेशचंद्र त्रिपाठी, चंद्रभान, धीरेन्द्र, सुमन, सोनम मौजूद रहे।

# शादी न करने पर युवक ने दी युवती को गोली मारने की धमकी

**▶▶एकतरफा प्रेम करने वाले सिरफिरे आशिक ने युवती के होने वाले पति को भी फोन पर धमकाया**

**▶▶पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लालगंज इलाके में एक सिरफिरे आशिक ने गांव की युवती को शादी न करने पर जयमाल स्टेज पर गोली से उड़ाने की धमकी दी है। इतना ही नहीं उसने युवती के होने वाले पति को भी फोन पर धमकाया है। इससे युवती का परिवार काफी डरा सहमा है। मामले में पीड़िता की मां ने लालगंज कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



लालगंज कोतवाली के खीरी परसपुर निवासी रन्नू देवी पत्नी भोलानाथ वर्मा ने गुरुवार को कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी सरदार का पुरवा भदरी कला गांव में तय की है। आगामी अप्रैल माह में उसकी शादी है। उसने बताया कि 20 दिसंबर को गांव का एक युवक उसके दरवाजे पर पहुंचा और बेटी से शादी रचाने की बात कही। बेटी के विरोध करने पर वह भड़क गया और गालियां बकते हुए जयमाल स्टेज पर गोली से उड़ाने की धमकी दी। बोला कि यदि वह (युवती) उसकी (युवक की ) नहीं हुई तो वह (युवक) उसे (युवती को) किसी का नहीं होने देगा।रन्नू देवी ने बताया कि गांव का युवक दबंग किस्म का है। उसने उसकी बेटी के साथ साथ जिस युवक से उसकी शादी तय हुई है उसे भी फोन पर जान से मारने की धमकी दी है। सिरफिरे आशिक की धमकी से वर और कन्या पक्ष का परिवार काफी डरा सहमा है।

**▶▶पुलिस ने शुरू की मामले की जांच**

युवती को धमकाने के मामले की शिकायत मिलने के बाद लालगंज कोतवाली पुलिस एक्शन में है। लालगंज कोतवाल नीरज कुमार यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है। कोतवाल ने बताया कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शिवालय पर सुंदरकांड पाठ के साथ विशाल भंडारा आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर के शिवपुरम् स्थित शिव शक्ति महादेव मंदिर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर 22 जनवरी को सुंदरकांड पाठ के साथ विशाल भंडारा का आयोजन शिवालय समिति ने किया। जिसमें सभी सनातन धर्म के अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद के साथ भंडारे में सहभागिता किया। इस अवसर पर शिव कुमार मिश्र , दिनेश कुमार पांडेय , अरुण कुमार द्विवेदी , विजय राज सिंह , धर्मेंद्र प्रताप सिंह , अशोक कुमार मिश्र , दिलीप तिवारी , दिनेश शुक्ल , शनि श्रीवास्तव , राजेंद्र शुक्ल , शिव प्रसाद केशरवानी , कुलदीप श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद रहे। यह जानकारी अध्यक्ष अवधेश कांत ओझा और मंदिर पुजारी ने संयुक्त रूप से दी है।

## समय से पहले स्कूल बंद करने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक सहित पांच शिक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि

**● 22 जनवरी को दोपहर बाद स्कूल बंद कर चले गए थे सभी शिक्षक**

**● सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने पर बीएसए ने की कार्रवाई**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बीते 22 जनवरी को लालगंज के प्राथमिक विद्यालय रानीगंज प्रथम के सभी शिक्षक दोपहर बाद स्कूल में ताला लगाकर अपने घर चले गए। इस दौरान बंद विद्यालय का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दिया। इससे बेसिक शिक्षा विभाग की काफी किरकिरी हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने स्कूल के समस्त शिक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है।

लालगंज तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रानीगंज प्रथम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक शुभम् त्रिपाठी, सहायक अध्यापिका अर्चना यादव, नुजहत बानो, निशा तिवारी व शिक्षामित्र शाहिना खान की तैनाती है। बताया जाता है कि स्कूल के शिक्षक आए दिन समय से पूर्व विद्यालय बंद कर अपने घर चले जाते थे। बीते 22 जनवरी को भी शिक्षकों ने दोपहर बाद स्कूल में बच्चों की छुट्टी कर दी और समय से पहले स्कूल बंद कर घर चले गए। समय से पूर्व विद्यालय बंद देख गांव के किसी युवक ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शिक्षकों के इस मनमानी रवैए से बेसिक शिक्षा विभाग के छवि धूमिल हुई। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए भूपेंद्र सिंह ने इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी से कराई तो मामला सही पाया गया। इस पर गुरुवार को बीएसए ने उक्त शिक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करते हुए शिक्षामित्र को कठोर चेतावनी दी है।

## पीड़िता के साथ गालीगलौज को लेकर आरोपियों पर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ महिला को मारने पीटने की धमकी का केस दर्ज किया है। शीतलमऊ निवासिनी प्रसून सिंह पत्नी मनीष कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि छः जनवरी को विपक्षी देवी प्रसाद तथा उनके पुत्र सोनू ने उनकी मेड़ और पिलर तोड दिया। पीडिता ने मना किया तो आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चारा मशीन की चपेट में युवक घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के पछिया बरई गांव निवासी पंचम सरोज का 18 वर्षीय बेटा सौरभ सरोज मशीन से चारा काट रहा था। तभी उसका चेहरा अचानक मशीन की चपेट में आने से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

## धोखाधड़ी का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने गुरूवार को थाना क्षेत्र के अठेहा बाजार में बीती अठारह जनवरी को साइबर कैफे से इक्यावन हजार रूपये धोखाधड़ी करने के आरोपी को धर दबोचा। थाना के दरोगा ओम प्रकाश यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। सेमरा पुलिया के समीप पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी रायबरेली जिले के नसीराबाद थाना के पूरे देवीदीन सिंह का पुरवा, बिरनांवा निवासी कमलाकांत मिश्र के पुत्र आलोक कुमार मिश्र उर्फ विक्की को हिरासत

## प्राण प्रतिष्ठा स्थापना पर हुआ सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, भगवान् की उतारी गयी आरती



**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के पूरे चौरिहन करपात्री धाम भटनी में बुधवार को प्रभु श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर भक्तों ने सामूहिक सुंदरकाण्ड का सुमधुर पाठ किया। स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान द्वारा मां लालता देवी धाम पर स्थापना उत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ के साथ हवन पूजन कर भगवान श्रीरामलला का पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं को स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। वहीं विशिष्टजनों को स्वामी करपात्री जी महराज का चित्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन ट्रस्ट के उपसचिव शिवम तिवारी व कोषाध्यक्ष अनुराग तिवारी ने किया। सचिव राकेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्य को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कृपाशंकर तिवारी, आचार्य प्रदीप द्विवेदी, अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, राजेश तिवारी, प्रधान अशोक सिंह, अशोक पांडेय, रामबाबू मिश्र, देवेंद्र नारायण मिश्र, दीपेंद्र ओझा, रवि पांडेय, कुलदीप पांडेय, आनंद, अनूप तिवारी, श्रीकांत, नागेंद्र, अनुपम, अर्पित, सीताराम कोरी, धर्मेश पटेल, अमृतलाल पटेल आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने उप निबंधक कार्यालय सदर, एआरटीओ कार्यालय, पीएचसी सुखपालनगर व आश्रम पद्धति विद्यालय नरायनपुर का किया औचक निरीक्षण









लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी द्वारा उप निबन्धक, एआरटीओ, पीएचसी सुखपालनगर व आश्रम पद्धति नरायनपुर कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उप निबंधक कार्यालय सदर के कार्यालय का पहला निरीक्षण किया गया। जहाँ पर मौके पर रजिस्ट्री हो रही थी, कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल मिला। उप निबंधक सदर अनुपस्थित थे, उनके कार्यालय के रिकार्ड रुम का रख-रखाव बहुत ही खराब स्थिति में मिला। निरीक्षण के दौरान कुछ अधिवक्ताओं द्वारा उप निबंधक सदर के कार्यालय में कुव्यवस्था के बारे में अवगत कराया गया तथा कुछ अधिवक्ताओं ने कार्यालय में भ्रष्टाचार की भी शिकायत की गयी, इसे बहुत ही गम्भीरता से लिया गया है। ए0आई0जी0 स्टाम्प प्रतापगढ़ से इस बारे में विस्तृत आख्या तलब की गयी है। तदोपरान्त जिलाधिकारी द्वारा ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया, वहाँ पर पहुँचते ही भगदड़ का माहौल दिखा तथा कई संदिग्ध लोगों से पूंछतांछ की गयी जिससे कि कार्यालय की कार्यप्रणाली पर संशय उत्पन्न होता है। इस सम्बन्ध में ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन से जबाव तलब किया गया। ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन के कैम्पस में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाये जाने के निर्देश दिये गये, जिसकी मानीटरिंग जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय से प्रतिदिन की जायेगी। निर्देशित किया गया कि यहाँ पर किसी भी प्रकार के दलाल और अवांछनीय तत्वों की उपस्थिति भविष्य में न हो। यह बताया गया कि टेस्टिंग ट्रैक बनकर तैयार हो गया है, उसे शीघ्र ही हैण्डओवर कर संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये। यह भी निर्देशित किया गया कि ड्राइविंग लाइसेंस के लिए जो भी ऑनलाइन आवेदन कर रहे हों उनका समयवद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर पर्याप्त पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।जिलाधिकारी द्वारा पी0एच0सी0 सुखपाल नगर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। वहाँ पर बताया गया कि प्रतिदिन ओ0पी0डी0 में 300 से 400 ओ0पी0डी0 हो रही है, डॉक्टर व अन्य स्टाफ मौके पर मौजूद मिले वहाँ पर आये हुए मरीजों से बातचीत की गयी जिनके द्वारा चिकित्सीय सुविधा के बारे में संतुष्टिपूर्ण फीडबैक दिया गया साथ ही यह भी संज्ञान में लाया गया कि वहाँ से कुछ दूर पृथ्वीगंज सी0एच0सी0 में उपलब्ध होने वाली समस्त सुविधायें आम जनमानस को प्राप्त नहीं हो रही है, जिसका कारण वहाँ डॉक्टरों की कमी है। सी0एम0ओ0 को निर्देशित किया गया कि पृथ्वीगंज सी0एच0सी0 को पूर्णरुप से क्रियाशील बनाने के लिए शीघ्र ही अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करें। पी0एच0सी0 कैम्पस में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराये जाने तथा बिल्डिंग की रंगाई-पुताई एवं रेनोवेशन कराये जाने तथा परिसर में खड़ी हुई निष्प्रयोज्य वाहनों को यथाशीघ्र नीलामी कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा आश्रम पद्धति विद्यालय नरायनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। विद्यालय में अव्यवस्थाओं का बोलबाला पाया गया, साइंस लैब की स्थिति बहुत ही खराब स्थिति में पायी गयी। केवल विद्यालय में पुस्तकालय बेहतर स्थिति में मिली। यहाँ पर क्षमता के सापेक्ष काफी कम संख्या में बच्चों का नामांकन हुआ है। इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि आगामी सत्र में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विद्यालय को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जाय। बच्चों ने भोजन की गुणवत्ता की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा ठेकेदर के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कही एवं प्रधानाचार्य को फटकार लगायी। जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रत्येक सप्ताह उक्त विद्यालय का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं को ठीक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा यह भी कहा गया कि एक माह पश्चात उनके द्वारा पुनः उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया जायेगा और यदि तब तक समस्त व्यवस्थायें ठीक नहीं कर ली जाती तो इस सम्बन्ध में जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# जल निकासी की व्यवस्था से नाराज भाजपा नेता दिया धरना



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के बाबागंज रोड पर कई महीनो से जल निकासी की व्यवस्था न होने से बाजार के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क किनारे नालियों में भरा हुआ है। जिस पर भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन ने कई बार नगर पंचायत के ईओ से जल निकासी की व्यवस्था की मांग की, लेकिन जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई। जिस पर वह गुरुवार को मौके पर ईओ हीरागंज बाजार राकेश कुमार को बुलाकर जल निकासी व्यवस्था की बात कहने लगे। जिस पर ईओ ने कहा आप मुझे सस्पेंड करवा दीजिए मैं जलनिकासी की व्यवस्था इतनी जल्दी नहीं करवा सकता। जिससे नाराज भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह अस्थाई ऑफिस के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक नगर पंचायत के आस्थाई ऑफिस के सामने धरने पर बैठे रहे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेखा देवी के प्रतिनिधि उदयशंकर पांडे के समर्थकों के साथ मौका पहुंच गए और दोनों पक्षों में गहमा गहमी होने लगी। विवाद सुलझाने के लिए तहसीलदार की अगुवाई मे राजस्व टीम और अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत जल जमाव वाले स्थान पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण कर रहे थे। तभी नगर पंचायत प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय भी बड़ी संख्या मे अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और बहस होने लगी। बहस के दौरान दोनों पक्षों के समर्थक उग्र हो गए, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर महेशगंज थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पहुँचे और मौके पर जुटी भीड़ को तितर बितर करके हालात काबू मे किया।

## गदियान में लोकपाल की ग्राम चौपाल 26 को, मनरेगा शिकायतों पर होगी सुनवाई

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर 26 जनवरी को सांगीपुर ब्लाक के गदियान ग्राम पंचायत में मनरेगा शिकायतों की सुनवाई व स्थलीय निरीक्षण करेंगे। ग्राम पंचायत के प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व शिकायत कर्ता से वार्ता करके लोकपाल ने खंड विकास अधिकारी को उक्त अवसर पर ग्राम चौपाल का आयोजन करने का निर्देश दिया है। साथ ही समस्त ग्राम स्तरीय मनरेगा व पंचायत कर्मियो को अभिलेख के साथ उपस्थित रहकर सहयोग करने का निर्देश दिया है।

सांगीपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत गदियान के राम मिलन सरोज ने 10 अक्टूबर 2024 को लोकपाल कार्यालय में ग्राम में मनरेगा योजना में अनियमितता के संदर्भ में शिकायत की थी। लोकपाल ने बीडीओ को जांच करके कार्यवाही का निर्देश दिया था। परंतु बीडीओ कार्यालय से अभी तक आख्या अप्राप्त है। वहीं पता चला की पूर्व से शिकायत कर्ता द्वारा लोकायुक्त कार्यालय से जांच कराई जा रही है। 27 दिसंबर 2024 को ग्राम प्रधान व सचिव तथा तकनीकी सहायक को लोकपाल ने तलब करके बयान व उनका पक्ष लिया था। संपूर्ण वस्तु स्थिति से अवगत होकर समुचित समाधान हेतु ग्राम में चौपाल लगा कर निरीक्षण का निर्णय लिया था। इसी क्रम में 26 जनवरी को ग्राम में नियमानुसार चौपाल लगाकर शिकायतों के निस्तारण में आवश्यक सहयोग हेतु खंड विकास अधिकारी व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा से अपेक्षा की गई है। शिकायतकर्ता की विशेष मांग पर लोकपाल ने स्थानीय पुलिस थाना को भी सूचित करके आवश्यक पुलिस व्यवस्था का भी निर्देश दिया है।

### तीन आरोपियों के खिलाफ गालीगलौज तथा मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। सलेम भदारी निवासी अब्दुल हमीद खॉन के पुत्र अशरफ खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बाइस जनवरी को गांव के अजय गुप्ता पुत्र लाल बहादुर तथा शंकर लाल गुप्ता व लाल बहादुर गुप्ता पुत्रगण रामलाल ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा शुरू किया। पीडित ने मना किया तो आरोपियो ने गाली देते हुए लात घूंसे से उसकी पिटाई

## महाकुंभ मे पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी का मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया उद्घाटन



**कुंडा प्रतापगढ़।** महाकुंभ 2025 प्रयागराज में आयोजित कैबिनेट बैठक के पश्चात मंत्री पशुधन धर्म पाल सिंह द्वारा पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी का फ़ीता काटकर उद्घाटन किया गया7 स्टाल का अवलोकन करते हुए मंत्री जी द्वारा पशुपालकों की आय बढ़ाने की योजनाएं लागू करने हेतु विभाग की सरहाना की गई तथा विभिन्न गोशालाओं और स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए गो उत्पाद जैसे गो पेंट गो कास्ट, वर्मी कम्पोस्ट आदि के बारे में मंत्री जी द्वारा विशेष रूचि दिखाई गई। साथ ही निर्देश दिये कि गाय से बने उत्पादों के विषय में जागरूकता अभियान चलाया जाए और सभी निराश्रित गोशालाओं को स्वावलंबन के रास्ते की तरफ़ अग्रसर किया जाए7 इस मौक़े पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ योगेन्द्र सिंह पवार, अपर निदेशक प्रयागराज डॉ राजीव वशिष्ठ, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस एन यादव, प्रादेशिक नोडल अधिकारी डॉ नीलम बाला, तथा पशुपालन विभाग के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उठाये लाभ

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी यूपी नेडा मो0 शाहिद सिद्दीकी ने बताया है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 13.02.2024 को किया गया। इस योजना में जनपद प्रतापगढ़ का लक्ष्य 20 हजार है। योजना को पूर्ण रूप से संचालित करने हेतु डिस्काम के पोर्टल पर वेंडरों का पंजीकरण कराया गया है। वेंडर के माध्यम से ही उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन एवं संयंत्र की स्थापना की कार्यवाही की जानी है। संयंत्र की अनुमानित लागत 60 हजार रूपये प्रति किलो वाट होगी। संयंत्र के स्थापना उपरांत डीबीटी के माध्यम से अनुदान धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में आयेगी। इस योजना में 01 किलोवाट पर 45 हजार, 02 किलोवाट पर 90 हजार एवं 03-10 किलोवाट तक 108000 रूपये की सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में प्राप्त होगी। जनपद में दिनांक 21.01.2025 तक कुल 29802 लाभार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, 2238 लाभार्थियों द्वारा वेंडर का चयन किया गया है, जिसमें 143 लाभार्थियों के यहां संयंत्र की स्थापना पूर्ण हो चुकी है एवं 100 लाभार्थियों को सब्सिडी प्राप्त हो चुकी है। आवेदनकर्ता ूण्चउेनतलंहींतण्हवअण्पद पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इसी प्रकार पीएम कुसुम घटक सी-1 योजना के अन्तर्गत कृषकों के विद्युत चलित निजी नलकूपों 03, 05, 7.5 एवं 10 एचपी का सोलराइजेशन कराया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत कृषक को संयंत्र की पूर्ण लागत का मात्र 10 प्रतिशत अंशदान जमा करना है।

वनटंगिया, मुसहर व अनुसूचित जन जाति के कृषकों को इस योजना में कोई धनराशि नहीं जमा करनी है। 03 एचपी पर 23900, 05 एचपी पर 39325, 7.5 एचपी पर 54800 एवं 10 एचपी पर 226750 की धनराशि कृषक को जमा करनी होगी। इस योजना में अब तक जनपद में कुल 35 कृषकों के पम्पों का सोलराइजेशन पूर्ण हो चुका है। 11 कृषकों के यहां सोलरादजेशन का कार्य प्रगति पर है। 37 नये आवेदनों हेतु नेडा मुख्यालय से कार्यादेश निर्गत हो चुका है। योजना का लाभ लेने के लिये कृषक को ूण्नचदमकंण्वतहण्पद पर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

## गैंगस्टर का अभियुक्त गिरफ्तार




लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** फतनपुर पुलिस ने छानापार नहर तिराहे से गैंगस्टर के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार संतोष उर्फ पंकज पुत्र दयाराम निवासी गांव जगदीशपुर थाना फ़तनपुर पर हत्या, लूट व गैंगस्टर के मुकदमें दर्ज हैं। फतनपुर पुलिस ने उसको थाना क्षेत्र स्थित छानापार नहर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसमें मुख्य भूमिका निभाने वाले मुख्य आरक्षी राजेश यादव को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार एवं चरित्र पंजिका में उत्तम प्रविष्टि प्रदान की है।

## सियार के हमले से दो महिलाएं घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्रके रायगढ़ गांव निवासी शांति देवी और अकरहिन देवी किसी काम से शाम करीब पांच बजे खेत गई थी। तभी खेत में बैठे सियार ने दोनों पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो सियार भागा, लेकिन वह तब तक घायल हो चुकी थी। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## तुलसीसदन में 24 को जनवरी को ''उत्तर प्रदेश दिवस'' का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया है कि जनपद के तुलसीसदन (हादीहाल) में दिनांक 24 से 26 जनवरी 2025 तक ''उत्तर प्रदेश दिवस-2025'' को भव्यता के साथ मनाया जायेगा। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं के स्टाल लगाये जायेगें और योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी जायेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग तथा अन्य विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों किसानों, उद्यमियों, चिकित्सकों आदि का चयन करते हुये उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर तुलसीसदन (हादीहाल) में पूर्वान्ह 11 बजे पहुँचकर विभागों के स्टालों का अवलोकन व योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## तुलसीसदन व जनपद की तहसीलों में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का होगा आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जन सामान्य को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 25 जनवरी 2025 को तहसील सदर सहित जनपद मुख्यालय पर तुलसीसदन (हादीहाल) में पूर्वान्ह 11 बजे से राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद की लालगंज, कुण्डा, पट्टी एवं रानीगंज तहसीलों में भी दिनांक 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा तथा जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अवस्थित समस्त मतदान केन्द्रों पर सम्बन्धित बीएलओ द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। जनसामान्य अपने निकट मतदान केन्द्र, तहसील या जिला मुख्यालय पर तुलसीसदन में दिनांक 25 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस में प्रतिभाग कर सकते है।

## वरिष्ठ व्यापारी का निधन, जताया गया दुःख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के चौक क्षेत्र निवासी वरिष्ठ व्यापारी बद्री प्रसाद जायसवाल 78 का गुरूवार की दोपहर बाद आकस्मिक निधन हो गया। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। निधन की जानकारी मिलते ही बाजार में शोक छा गया। चौक क्षेत्र में शोकाकुल व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिये। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने स्वर्गीय बद्री प्रसाद के निधन को कारोबारी के क्षेत्र में बड़ी रिक्तता कहा है। वहीं उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डॉ. ओमप्रकाश जायसवाल, डॉ. रमाशंकर शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, एबादुर्रहमान आदि ने भी वरिष्ठ व्यापारी के घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी।

## दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कुंडा प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय स्नातक महाविद्यालय में गुरुवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राजभवन के मैनेजर डॉ. घनश्याम यादव, प्राचार्य प्रो.डॉ. शिवम श्रीवास्तव ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन 1500 मीटर, 800 मी., 100 मी. दौड़, ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक आदि खेल प्रमुख रहे। संचालन एसपी सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर डॉ. राम करन यादव आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती



**कौशाम्बी।** बच्चों में देशभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य विकासखंड नेवादा में स्थित प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी में नेता सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई सर्वप्रथम नेताजी के चित्र पर प्रधानाध्यापक डॉ.राम नेवाज सिंह ने पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया और उनके देश के प्रति त्याग और बलिदान को बच्चों को बताया उनके योगदान के कारण उनके जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है तत्पश्चात सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान करने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं ने चित्र के माध्यम से बच्चों को बताएं और बच्चों से कहा गया कि यह सब अपने माता-पिता को अवश्य बताएं इस प्रकार से बच्चों के माध्यम से अभिभावकों को जीवन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया पराक्रम दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षिकाएं तनवीर फात्मा सुनीता सिंह कविता चौधरी मधु सोनकर नीलम बबिता केसरवानी सरोज देवी पवन कुमार सिंह रसोईया, नफीसा बेगम, सुनीता देवी, सविता देवी सहित बच्चे उपस्थिति रहें।

माननीय सिविल जज (वरीय कोटि) द्वितीय न्यायालय, धनबाद
मुल वाद संख्या 338/2023
अजय सिंह... वादी
बनाम
कामिनी सिंह एवं अन्य .. प्रतिवादीगण
कोर्ट नोटिस
सेवा में,

घनश्याम गिरी, गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चकवार, प्रतापगढ़, निवासी कटरा गुलाब सिंह परगनातहसील सदर, जिला प्रतापगढ़ यूपी 176 061

एतद द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में दाखिल किया है तथा न्यायालय के प्यादा द्वारा एवं डाक द्वारा आपलोगों की उपस्थिति हेतु सम्मन भेजा जा चूका है परन्तु इसके बावजूद आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।

अतः इस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक को 28.02.2025 अपराह्न 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित जवाब दाखिल करे अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त वाद की कार्यवाही एकपक्षीय की जाएगी। इसे ताकीद जानें।

आज दिनांक ........... को न्यायालय के ह0 तथा मुहर से निर्गत किया गया।

सिविल जज वरीय कोटि, द्वितीय, धनबाद

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 2097/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती बदामा बनाम लालचन्द्र आदि
बनाम

1. लालचन्द्र आयु लगभग 40 वर्ष सुत सन्तलाल 2. सुकुल आयु लगभग 55 वर्ष 3. विनोद आयु लगभग 45 वर्ष सुतगण शंकर 4. गोकुल आयु लगभग 65 वर्ष सुत सूबा 5. संतलाल आयु लगभग 68 वर्ष सुत सुखई 6. राम पियारी आयु लगभग 75 वर्ष पत्नी शंकर निवासीगण ग्राम कोटिया पो0 पूरेधनी पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 7. मनीराम आयु लगभग 50 वर्ष 8. महन्थराम आयु लगभग 45 वर्ष 9. हीराराम आयु लगभग 42 वर्ष 10. पिन्टू आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण मंगरू निवासीगण ग्राम पीथापुर पोस्ट गौरामाफी पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 11. आशीष आयु लगभग 45 वर्ष 12. प्रदीप आयु लगभग 42 वर्ष 13. अमन आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण वीरेन्द्र 14. सुषमा आयु लगभग 65 वर्ष विधवा वीरेन्द्र निवासीगण ग्राम कोटिया पोस्ट पूरेधनी पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 20.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**सूचना**

मेरे पुत्र उर्जित सिंह के आधार कार्ड में उनके नाम के स्थान पर मेरी पत्नी बीना सिंह का नाम है जिसको संशोधित करके उर्जित सिंह पुत्र प्रवीण कुमार सिंह पढ़ा व लिखा जाए ।

प्रवीण कुमार सिंह
पुत्र देवी सिंह भूपियामऊ प्रतापगढ़

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 नं0 3/2025
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन हनुमान प्रसाद तिवारी बनाम हरखास व आम
बनाम

1. हरखास व आम ग्राम घरौरा पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 03.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
प्रकीर्ण नं0 2550/2021
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन लैलकुनिशा आदि बनाम इस्तिखार अहमद
बनाम

1. इस्तिखार अहमद पुत्र फौजदार नि0 ग्राम पतुलकी पर0तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़

तारीख पेशी 07.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/—प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# महाकुंभ मेला को लेकर कमिश्नर और डीआईजी ने की तैयारियों की समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने उप पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के साथ मौनी अमावस्या सहित आगामी अन्य विशेष स्नान की तिथियों में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत ड्यूटी में लगाए गए मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के साथ प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि दर्शन के लिए जो श्रद्धालु आते हैं हमें यह ध्यान देना है कि उन्हें किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो और न ही उन्हें कोई परेशान करे। हम पूरी ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी करेंगे तो दर्शन करने आए श्रद्धालुओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को देखते हुए विंध्याचल में भी काफी संख्या में भीड़ आने की संभावना है अतएव सभी ड्यूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ स्नान की विशेष तिथियों में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने एन.एच. के अधिशासी अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि मीरजापुर से प्रयागराज जाने वाले हाइवे पर रिफ्लेक्टर, सड़को पर सफेद पट्टी लगवाना सुनिश्चित करें और ये सभी व्यवस्थाएं 27 जनवरी 2025 से पूर्व हो जाएं। बैठक में रेलवे स्टेशन अधीक्षक मीरजापुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण करा ली गई है तथा विशेष स्नान तिथियों पर भीड़ को देखते हुए 5 स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। मण्डलायुक्त ने मिर्जापुर और विन्ध्याचल स्टेशन अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि जिस ट्रेन का जो प्लेटफार्म निर्धारित है उसी प्लेटफार्म पर ट्रेन का आगमन हो, अन्तिम क्षणों में प्लेटफार्मों में कोई परिवर्तन न किया जाए।

उप पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी पर तैनात रहें। उन्होंने कहा कि जिन पुलिस अधिकारियों की मजिस्ट्रेटो के साथ ड्यूटी लगाई है वे उनसे समन्वय स्थापित करते हुए ड्यूटी पर ससमय पहुंचें। सभी पुलिस अधिकारी ध्यान दें कि जब तक उनका प्रतिस्थानी ड्यूटी के लिए नहीं आ जाता तब तक वे अपना ड्यूटी स्थल नही छोड़ेंगे, यदि ऐसा संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सेवा भाव से सभी को समान रूप से ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी दर्शन कराएं तथा प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन कराएं। उन्होंने कहा कि स्नान हेतु घाटों पर गोताखोर, नाव, एनडीआरएफ आदि सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर लें तथा इसके अतिरिक्त जो घाट निर्माणधीन है उन पर स्नान करने कोई भी श्रद्धालु न जाए ताकि किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटों की तरफ जाने वाले मार्गो पर संकेतक बोर्ड लगवा दें जिससे किसी भी दर्शनार्थी को आने-जाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लड बैंक में ब्लड की पर्याप्त मात्रा रखी जाए जो ब्लड डोनर है उनकी भी सूची बनाकर रखी जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर ब्लड का उपयोग किया जा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सी.एल. वर्मा सहित मेला में ड्यूटीरत मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## 25 जनवरी को किया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट -** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार 2011 से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी शनिवार को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जाएगा।अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अथवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में प्रजातांत्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण के लिए 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' विषय पर निबन्ध, वाद-विवाद, ड्राइंग, क्विज सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी जाएगी। बताया कि शपथ का प्रारूप नुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। कहा कि सभी स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में गतिविधियां एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करें। साथ ही सभी कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ लें। इसके अलावा 25 जनवरी को जिन कार्यालयों में अवकाश है, वहां शपथ ग्रहण का कार्यक्रम 24 जनवरी को आयोजित किया जाए।इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोजन व उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में बूथ स्तर पर सभी बूथ लेवल अधिकारी सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन करते हुए उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाएं तथा सम्बन्धित फोटोग्राफ्स व वीडियो भी उपलब्ध कराएं। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि जनपद के ऐसे विद्यालय व शैक्षिक संस्थान जिनमें मतदान केन्द्र स्थापित हैं, को 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर खुलवाना सुनिश्चित करें ताकि आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल अधिकारी मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कर सकें।

## डिप्टी कमिश्नर ने व्यापारियों के साथ ही बैठक

**चित्रकूट ब्यूरो-**डिप्टी कमिश्नर राज्य कार्यालय सीतापुर में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें एमनेस्टी स्कीम में ब्याज एवं अर्थ दंड माफी के बारे में चर्चा की गई।बैठक में डिप्टी कमिश्नर वस्तु एवं राज्य कर विक्रम अजीत ने बताया की सरकार द्वारा बीती एक जुलाई 2017 से 31 मार्च 2020 की अवधि में जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के अंतर्गत अर्थ दंड और ब्याज की मांग की शर्तों के अधीन 31 मार्च 2025 तक मात्र कर जमा करके समाप्त किया जा सकता है। इस स्कीम के तहत ब्याज और अर्थ दंड की धनराशि की छूट प्राप्त होगी। उन्होंने सभी व्यापारियों को मूल कर जल्द जमा कर इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए व्यापारियों को जीएसटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बैठक में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता, प्रदेश मंत्री ओम केशरवानी, ऋषि आर्य, दिलीप केशरवानी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पंद्रह हजार का इनामिया गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने हत्या के वांछित इनामिया अपराधी को हथियारों सहित गिरफ्तार किया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर ने बताया कि 18 मई को वादिनी निशा देवी पत्नी सुड्डू निवासिनी चेरुईराम थाना कोतवाली देहात द्वारा थाने पर नामजद अभियुक्तो के विरुद्ध पुरानी रंजिश को लेकर वादिनी के पति सुड्डू को लाठी, डण्डा व कुल्हाड़ी से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया गया, जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायती पत्र के आधार पर थाना पर मुक़दमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।

विवेचनात्मक कार्रवाई के क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पंद्रह हजार के इनामिया जित्तू पुत्र सेवालाल निवासी चेरूईराम अंतर्गत थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक डण्डा व एक कुल्हाड़ी बरामद की गई

## राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलिज में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो

**मऊ, चित्रकूट-** राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ चित्रकूट में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रधानाचार्य संतोष कुमार व्यास ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थी जय व आकांक्षा ने सरस्वती वंदना, अनु व मालती पाल ने स्वागत गीत तथा शालू सिंह ने एकल नृत्य, सिमरन व स्नेहा ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर किया। क्रीड़ा अधिकारी शुभम श्रीवास्तव व क्रीडा प्रभारी सूर्य देव राणा ने बताया कि छात्रों को चार हाउस रमन हाउस, भाभा हाउस, विवेकानंद हाउस और विश्वसरैया हाउस में तथा छात्राओं को सरोजनी हाउस एवं कल्पना हाउस में विभक्त किया गया है। प्रतियोगिताओं में 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी और 1500 मी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट थ्रो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस,



कैरम, वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। जिसमें छात्र वर्ग का नेतृत्व राहुल खरवार व छात्रा वर्ग का नेतृत्व साक्षी सिंह ने किया। इस दौरान हुई छात्र वर्ग की 100 मी दौड़ में सुशील सिंह यादव प्रथम, रोनित शुक्ला द्वितीय व अनुज कुंतल ने तृतीय, छात्रा वर्ग में 100 मी और 200 मी दौड़ में साक्षी सिंह चौहान ने प्रथम, वर्षा सिंह ने द्वितीय स्थान व प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में विवेक कुमार ने प्रथम व आर्यन शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा वर्ग में शिवानी द्विवेदी ने प्रथम व मंसूरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में मुकेश पासवान ने प्रथम व अश्वनी कुमार यादव ने द्वितीय तथा छात्रा वर्ग में कृतिका यादव ने प्रथम व शिवानी द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाभा हाउस ने प्रथम तथा रमन हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में अमन कुमार प्रथम, कौशल देव द्वितीय व निशु सिंह तृतीय स्थान पर रहे तथा छात्रा वर्ग में शिवानी द्विवेदी प्रथम व शशि श्रीवास द्वितीय स्थान पर रही।इस मौके पर चंद्रभान प्रजापति, भूपेंद्र सिंह, अनंत प्रकाश, संजीव कुमार सिंह, अमित कुमार शुक्ला, प्रियंका भारद्वाज, सचिन कुमार गुप्ता, शुभम श्रीवास्तव, देवासीश चंद्र, डॉ प्रियंका मौर्या, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, साजिया तबस्सुम, अशोक विश्वकर्मा, अनुपम सिंह, पवन कुमार, आदित्य कुमार सिंह, उर्वशी कश्यप, सचिन कुमार मौर्य, सुधांशु सिंह, उमा शुक्ला, आकांक्षा श्रीवास्तव, संदीप कुमार सेन, प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## एक विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचा बदौसा



**चित्रकूट ब्यूरो-**सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में चल रहे मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें संस्करण का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला गुरुवार को अतर्रा और बदौसा के बीच खेला गया। जिसमें बदौसा ने एक विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।टॉस जीतकर अतर्रा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में नौ विकेट खोकर 121 रन बनाए। जिसमें सचिन के 40, आशु के 14 और अंशुल के 17 रन शामिल रहे। बदौसा के गेंदबाज दद्दू प्रसाद और राजबहादुर ने तीन-तीन विकेट झटके। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बदौसा की टीम की शुरुआत ठीक रही तथा एक विकेट शेष रहते हुए 14वें ओवर में मुकाबला जीत लिया। जिसमें शुभम के 46 रन शामिल रहे। अतर्रा के गेंदबाज शिवम ने चार विकेट झटके। बदौसा के खिलाड़ी शुभम को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तथा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर संदीप त्रिपाठी, कल्लू वर्मा, राजबहादुर, राम अवस्थी, शिवम निषाद, ओमशंकर, अभिषेक द्विवेदी, अंकुर त्रिवेदी, अजय यादव, ललित त्रिपाठी, पवन मिश्रा, शरीफ खान, गौरव मिश्रा, फूलचंद्र, रोहित यादव, आशीष, सत्यनाराण, अनिल वर्मा, इब्रान हसन, हिमांशु त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## देश की स्वंतंत्रता के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस का योगदान था अहम- अजय सोनी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार 23 जनवरी को मंझनपुर ब्लॉक के दिवर कोतारी बाजार स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी समेत अन्य कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया और देश को स्वतंत्रता दिलाने में उनके द्वारा दिए गए अहम योगदान को याद किया।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सबसे पहले पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर धूप, दीप, माल्यार्पण कर उन्हे लडडू का भोग लगाया। इसके बाद एक संगोष्ठी का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और देश की स्वतंत्रता के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्षो को लेकर विचार साझा किए। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने उनके बारे में कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र का देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम योगदान था। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। आगे कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तत्कालीन समय में विश्वपटल पर खास पहचान थी और उस समय के विश्वस्तर के नेताओ से उनका काफी अच्छा समन्वय और संबंध था। वो एक क्रांतिकारी नेता थे जिनका लोहा पूरा विश्व मानता था।

आगे कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस के दिए नारे, ष्तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, ने अंग्रेजी हुकूमत की नीव धंसा दी थी और अंग्रेजी हुकूमत इस नारे से खासी डर गई थी। दूसरे विश्वयुद्ध में उनके द्वारा स्थापित की गई आजाद हिन्द फौज ने विश्वस्तर पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ युद्ध किया था। वो भारत माता के महान सपूत थे। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों का धन्यवाद आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर मनोज सोनी सुरजीत वर्मा, रामबाबू सोनी, पदुम सोनी प्रधान, मुन्ना तिवारी, मोतीलाल सिंह राजेश गौतम भैरवदीन जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण पूर्ण न होने से ग्रामीण परेशान

**चित्रकूट-** मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गाहुर गांव के निवासी हरिशंकर शुक्ला ने बताया कि बरगढ़, गाहुर व डभौरा जाने वाली सड़क का निर्माण बीती 27 अक्टूबर 2024 को 130 मीटर का परीक्षण कराकर बंद कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली इस अंतर्प्रांतीय सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में स्वीकृति मिली थी। सड़क का निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मामले में उन्होंने आरपीआरएस के जरिए शिकायत की थी, किंतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारी गुमराह करने वाली भ्रामक रिपोर्ट दे रहे है।

## कानून के प्रति महिलाओं को जागरूक करने पर दिया गया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

**मानिकपुर, चित्रकूट-**मानिकपुर ग्राम न्यायालय द्वारा ''विधान से समाधान कार्यक्रम'' मानिकपुर ब्लाक परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों के तहत प्रदान किये गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यवहारिक जानकारियां दी गई।कार्यक्रम में ग्राम न्यायालय मानिकपुर की न्यायाधिकारी खुशबू चन्द्रा ने कि भारतीय संविधान के तहत महिलाओं के लिये समान कार्य के लिये समान वेतन, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध जैसे एसिड हमले से बचाव, यौन उत्पीडन से बचाव, घरेलू हिंसा (शारीरिक व मानसिक यातनायें) से बचाव, पीडित क्षतिपूर्ति योजना (जघन्य अपराध यथा बलात्कार, अपरहरण, हत्या, लैंगिक उत्पीडन) के लाभों, शोषण पीडितों के लिये विधिक सेवायें, महिलाओं व बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सामान्य व निःशुल्क सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही बेटी बचाव-बेटी पढाओ, गुड टच बैड टच, महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए, साईबर क्राइम आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी। महिला चिकित्साधिकारी डॉ स्वाती पाठक ने महिलाओं में होने वाले सर्वाईकल कैंसर के लक्षण मुख्य कारण, एचआईवी/एड्स के लक्षण एवं बचाव के बारे में बताया। कहा कि महिलाओं में तीस वर्ष की उम्र हो जाने के बाद इस बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं, जिसे अनदेखा किये जाने पर घातक परिणाम हो सकते हैं। सहायक न्याय रक्षक कुलदीप सिंह ने महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न धाराओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही नालसा के टोल फ्री नम्बर 15100 को आपात स्थिति में विधिक सहायता के लिए प्रयोग किये जाने की सलाह देते हुए उनके हितार्थ सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल श्रम योजना, कन्या सुमंगला योजना, बाल विवाह, चौदह वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के बारे में बताया। नायब तहसीलदार कर्वी मनोज कुमार ने तहसील स्तर की महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।इस मौके पर अधिकार मित्र ममता वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, शिवकुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, आशा बहू आदि मौजूद रहीं।

## निजीकरण के विरोध में देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन निजीकरण का निर्णय वापस होने तक संघर्ष रहेगा जारी- आदर्श केसरवानी

### ● विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय मंझनपुर में कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय मंझनपुर में कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के माध्यम से कर्मियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने हेतु प्री-बिडिंग कॉफ्रेंस के विरोध में देश भर में लाखों बिजली कर्मचारियों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किये। राजधानी लखनऊ में हजारों की तादाद में बिजली कर्मियों ने शक्तिभवन घेर लिया और निजीकरण के विरोध में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस होने तक लगातार संघर्ष जारी रहेगा। 24 एवं 25 जनवरी को बिजली कर्मी पूरे दिन काली पट्टी बांधकर काम करेंगे और भोजनावकाश या कार्यालय समय के



उपरान्त विरोध सभायें करेंगे। 25 जनवरी को संघर्ष समिति संघर्ष के नये चरणों की घोषणा करेगी।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी इम्प्लॉइज एण्ड इंजीनियर्स द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार आज बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियन्ताओं ने देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। निर्णय के अनुसार उप्र में हो रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया का विरोध करने हेतु देश के समस्त प्रान्तों की राजधानियों में विशाल प्रदर्शन किये गये। श्रीनगर, जम्मू, पटियाला, शिमला, देहरादून, चंडीगढ़, जबलपुर, गांधीनगर, मुम्बई, रायपुर, कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलूरु, विजयवाड़ा, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम में बड़ी सभायें हुई। उप्र में राजधानी लखनऊ में हजारों बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी और अभियन्ता सुबह 10 बजे से ही शक्तिभवन पहुंचने लगे थे। 11 बजे तक हजारों बिजली कर्मियों ने शक्तिभवन मुख्यालय घेर लिया। उल्लेखनीय है कि शक्तिभवन मुख्यालय में निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कन्सलटेंट नियुक्त करने हेतु प्री-बिडिंग कॉफ्रेंस 11:30 बजे होनी थी। बिजली कर्मियों के शक्तिभवन घेर लेने के बाद शक्तिभवन में कोई प्री-बिडिंग कोफ्रेंस की बैठक नहीं हो पायी। संघर्ष समिति ने कहा कि यह पता चला है कि पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन ने किसी अन्य स्थान पर अपने चहेते कंसलटेंट्स के साथ गुपचुप मीटिंग की है। संघर्ष समिति ने कहा कि चूंकि प्री-बिडिंग कॉफ्रेंस हेतु निर्धारित स्थान शक्तिभयन मुख्यालय घोषित किया गया था अतः किसी अन्य स्थान पर की गयी कोई भी मीटिंग नियमानुसार पूरी तरह से असंवैधानिक है। ऐसा लगता है कि पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन निजीकरण की इतनी जल्दी में हैं कि उन्हें वैधानिक प्रक्रिया का भी ज्ञान नहीं रहा। यह समाचार मिला है कि किसी अन्य स्थान पर उन्होंने कुछ चुनिंदा कन्सल्टेंट्स से कोई गुप्त बैठक की है। उप जैसे देश के सबसे बड़े प्रान्त में 42 जनपदों की विद्युत वितरण व्यवस्था का निजीकरण यदि इस प्रकार कुछ पूर्व निर्धारित निजी घरानों के साथ प्रक्रिया को ताक पर रखकर किया जा रहा है तो यह बहुत बड़े घोटाले का संकेत दे रहा है। संघर्ष समिति ने पुनः कहा कि बिजली कर्मचारियों का प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी पर पूरा विश्वास है। संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अपील की है कि ये निजीकरण के मामले में प्रभावी हस्तक्षेप करने की कृपा करें जिससे इस मामले में पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन को मनमाने ढंग से कार्य करने से रोका जा सके और निजीकरण की प्रक्रिया वापस हो। राजधानी लखनऊ के अलावा समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर आज भोजनावकाश के दौरान लगभग शतप्रतिशत कर्मचारी अपने कार्यालयों से बाहर आये और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, आजमगढ़, बस्ती, देवीपाटन, अयोध्या, मिर्जापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, युलन्दशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, झांसी, ललितपुर, बांदा, कानपुर, पनकी, जवाहरपुर, हरदुआगंज, एटा, अलीगढ़, पारीच्छा, आगरा, मथुरा, ओबरा, पिपरी और अनपरा में बड़ी सभायें हुई। खण्ड कार्यालय मंझनपुर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। सभा में संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में संयोजक ई0 आदर्श केसरवानी, ज्याला सिंह, गौरव श्रीवास्तव राघुवेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, अमित कुमार, अतुल कुमार, राकेश कुमार, दिनेश कुमार कुशवाहा, अरूण कुमार, पंकज कुमार, विकाश कुमार, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 25 से शुरू होगा पुरवा तरौंहा का मेला

**चित्रकूट ब्यूरो-**जिला मुख्यालय स्थित पुरवा तरौंहा के मां कालिका देवी क्रीड़ा स्थल में 25 जनवरी शनिवार से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जो 25 से 27 जनवरी तक चलेगा।पुरवा तरौंहा निवासी पवन ने बताया कि मेले का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। यह मेला ग्रामीण समुदाय को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों का प्रदर्शन कर सकते हैं। ग्रामीण मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और ग्रामीण समुदाय के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। यह मेला ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा देता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है।

## जनपद न्यायाधीश के स्थानांतरण के बाद दी गई भावभीनी विदाई



**चित्रकूट ब्यूरो-** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ द्वारा गुरुवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के स्थानांतरण के बाद भावभीनी विदाई दी गई। संघ के जिलाध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति ने कहा कि जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम का स्नेह और मार्गदर्शन हमेशा कर्मचारियों को मिलता रहा है। इसके चलते वह स्थानांतरण के बाद भी सभी के दिलों में बने रहेंगे। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि चित्रकूट में अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों से उन्हें भरपूर सहयोग मिला। इसके चलते बार और बेंच के बीच भी बेहतर समन्वय कायम रहा। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष उपेन्द्र तिवारी, धीरेन्द्र कुमार शर्मा, अनिल सिंह गाजीपुरी, गोविंद प्रसाद, गिरजाशंकर तिवारी, अक्षय केशरवानी आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# भावातीत ध्यान से मस्तिष्क तरंगों की सुसंबद्धता में वृद्धि- ब्रह्मचारी गिरीश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी( प्रयागराज)।** तीर्थ राज प्रयाग में अयोजित महाकुंभ- 2025 के अवसर पर अरैल प्रयागराज में संगम तट स्थित महर्षि आश्रम में 21 जनवरी को समस्त विश्व के कल्याण हेतु महर्षि महेश योगी जी के तपोनिष्ठ शिष्य ब्रह्मचारी गिरीश जी के निर्देशन में वैदिक पंडितों द्वारा रुद्राष्टाध्यायी के 1331 पाठ एवं हवन सम्पादित किये गये। इस अवसर पर ब्रह्मचारी गिरीश जी ने अपने संदेश में कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक के जीवन को सुव्यवस्थित करने हेतु मस्तिष्क की तरंगों में सुसंबद्धता में वृद्धि करना आज संपादित रुद्राष्टाध्यायी के 1331 पाठ एवं हवन का मुख्य उद्देश्य है जो परम पूज्य महर्षि जी द्वारा प्रणीत भावातीत ध्यान के नियमित अभ्यास से अत्यंत सरल एवं सहज है। प्रयागराज महाकुंभ के महर्षि आश्रम




में चल रही श्रीमद् भागवत कथामृत प्रवाह के विश्राम दिवस पर आज सुप्रसिद्ध कथा वाचक बद्रीश जी महाराज ने बतलाया कि श्रीमद् भागवत कथा का यह संदेश है कि भगवान श्री कृष्ण के प्रत्येक कर्म में मानवता कूट-कूट कर भरी हुई है और उनके बताए गए मार्ग में चलकर मनुष्य इस संसार रूपी वैतरणी को पार कर सकता है। बद्रीश जी महाराज का कहना था कि आजकल के लोग गुरु यह देखकर बनाते हैं कि हमें गुरु का चयन उनके भजन एवं ज्ञान से करना चाहिए न कि उनके धन, वैभव एवं सम्पदा से भगवान श्री कृष्ण की युद्ध नीति आज भी समसामयिक है। यदि सभी राष्ट्र इसका अनुपालन करने लगें तो कभी युद्ध की विभीषिका का सामना नहीं करना पड़ेगा अर्थात युद्ध का अवसर ही नहीं आएगा । भगवान श्री कृष्ण का संदेश शांति और प्रेम है। आचार्य बद्रीश जी महाराज ने आज श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णता के अवसर पर यह संदेश दिया कि धर्म युक्त आचरण ही प्रत्येक मानव का स्वभावगत कार्य होना चाहिए। यही श्रीमद् भागवत कथा का मूल सार है। इस अवसर पर महर्षि संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा आचार्य बद्रीश जी महाराज का सम्मान किया गया। सायंकाल महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय कानपुर की चयनित छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शिव-पार्वती,श्री कृष्ण-राधा से सम्बंधित भजनों एवं महारानी लक्ष्मी बाई की वीर गाथा से सम्बंधित नृत्य- नाटिका की प्रस्तुति ने उपस्थित भारी जन समूह को आनंदित कर दिया। 22 शुभदिन मंगलवार से 28 जनवरी तक प्रतिदिन 2ः30 बजे दोपहर से सायं 5ः30 बजे तक महाकुंभ के दौरान सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य रामविलास चतुर्वेदी जी महाराज द्वारा श्री शिव महापुराण कथामृत का निरंतर प्रवाह होगा। आचार्य रामविलास चतुर्वेदी जी महाराज सनातन संस्कार सेवा संस्थान के सम्माननीय अध्यक्ष हैं। साथ ही आचार्य जी अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, वृन्दावन, मथुरा के प्रवक्ता भी हैं।

# कलाकारों ने भीख न मांगने के लिए किया प्रेरित

**महाकुम्भ नगर।** पारिस्थितिक पुर्नस्थापन केंद्र की ओर सेक्टर एक में स्थित प्रकृति महाकुम्भ वानिकी एवं पर्यावरण जागरूकता शिविर में गुरुवार को नाटक भीख नहीं दें का मचंन किया गया। नाटक की प्रस्तुति बैकस्टेज के कलाकारों ने की। स्वागत संबोधन में केद्र प्रमुख डॉ संजय सिंह ने नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।कलाकारों में अमर सिंह, अनुज कुमार, प्रत्यूष वर्सने, हीर, प्रदीप कुमार, पिंटू प्रयागी रहे। संचालन केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुभा श्रीवास्तव आभार ज्ञापन प्रो. पूनम मित्तल ने किया। नाटक में सहयोग शकुंतला चंद्रा की ओर से बेटे डॉ. मुकुल चंद्रा की याद में प्रदान की गई। डॉ मुकुल यूएसए में हृदय रोग विशेषज्ञ थे, जिनका कोविड के दौरान निधन हो गया था।

# गरीब, असहाय और वंचितों तक पहुंचाई गयी राहत सामग्री

## हरे राम सेवा संस्थान और सीएमपी डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**प्रयागराज।** हरे राम सेवा संस्थान और सीएमपी कॉलेज ने असहायो और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आज लेबर चौराहा ,अल्लापुर में एक विशेष राहत अभियान का आयोजन किया। जिसके तहत बड़ी संख्या में लोगों को कपड़े और अन्य सामग्री वितरित की गई।

इस अभियान का नेतृत्व संस्थान के मुख्य ट्रस्टी अनंत सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर, सीएमपी डिग्री कॉलेज) ने किया। मुख्य ट्रस्टी अनंत सिंह ने बताया कि हरे राम सेवा संस्थान का उद्देश्य संकट की इस घड़ी में जरूरत मदो को राहत पहुंचाना है। इसी के तहत इस संस्था ने कचहरी रोड, प्रयागराज में राहत सामग्री का वितरण किया। यह संस्था हमेशा समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पीड़ित




तक आवश्यक सामग्री पहुंचे। आने वाले दिनों में और भी क्षेत्रों में राहत कार्यों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था के सैकड़ों स्वयंसेवक लगातार प्जरूरतमंदों के लिए सहयोग का कार्य कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी असहाय और जरूरतमंद को परेशान नहीं होना पड़े इस पुनीत कार्य में सी. एम. पी. पी. जी. कॉलेज के प्रोफेसर डॉ अनील पण्डित और छात्र मितेश यादव, अवनीश कुमार, अनुराग मौर्य, सचिन राय, दीपक यादव, हर्ष, अमित, अजय, राहुल, अजीत, समीर और अन्य लोगो ने सहयोग प्रदान किया।

# श्रीराम नाम के जाप से मिलता है मोक्ष- हेमलता मुद्गल

**नैनी(प्रयागराज)।** राम से बड़ा राम का नाम है। राम नाम का जाप करने मात्र से मनुष्य का कल्याण होता है, मोक्ष मिल जाता है। उक्त बातें अरैल सेक्टर-24 में स्थित श्री राम कथा शिविर में कथावाचक हेमलता मुदगल ने कहीं। उन्होंने कहा कि ईश्वर के तो कई नाम है, लेकिन राम का नाम सर्वोपरि है। भगवान हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। यही कारण है कि भगवान विष्णु ने नारद को विवाह के बंधन में फंसने से बचा लिया था। श्रद्धा और समर्पण से राम का नाम जप करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि आलस में भी अगर राम का नाम मुंह से निकलता है, तो उससे भी मनुष्य का कल्याण हो जाता है। पतित पावनी मां गंगा, यमुना और सरस्वती के तट पर श्रीराम कथा श्रवण करना कल्याणकारी होता है। उन्होंने बताया कि आज की कथा के साथ ही श्रीराम कथा की पूर्णाहुति हो जाएगी। इसी के साथ रात 9ः00 बजे से रामलीला का शुभारंभ किया जाएगा। उज्जैन से आए कलाकारो द्वारा रामलीला की प्रस्तुति होगी, जो 30 जनवरी तक चलती रहेगी।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रशिक्षण का समापन

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत, जनपद प्रयागराज के चयनित 100 कृषकों (50-50 समूह में) का एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 21 एंव 23 जनवरी को कृषि विज्ञान केन्द्र, शुआट्स, प्रयागराज में अयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुऐ जिला उद्यान अधिकारी, श्री सौरभ श्रीवास्तव ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उपधटक पर ड्राप मोर क्राप - माइक्रोइरिगेशन कार्यक्रम के अन्तगर्त ड्रिप एंव स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली को प्रभावी ढंग से विभिन्न फसलों में अपनाकर 50-60 प्रतिशत पानी की बचत के साथ ही 35-40 प्रतिशत उत्पादन में वृद्वि एवं उपज के गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता हैं।



केवीके वैज्ञानिक डा.आर0पी0सिंह ने स्प्रिंकलर सिंचाई विधि पर चर्चा करते हुऐ कृषकों को बताया कि इस विधि के अन्तर्गत पानी नोजल के द्वारा हवा में स्प्रे किया जाता है, जो भूमि की सतह पर एक समान रूप से गिरता है तथा धीरे-धीरे पौधों की जड़ तक प्रवेश करता है। इस विधि से जहाँ एक ओर कम पानी में पर्याप्त सिंचाई सुनिश्चित होती है, वही इस विधि से सिंचाई करने से पौधों की पत्तियों पर जमी धूल के कण भी धुल जाते है। जिससे पौधें की वाष्पोत्सर्जन तथा प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बढ़ जाती हैं तथा उत्पादन में वृद्वि होती है। डा0जी0पी0एम0सिंह ने बताया कि भविष्य में जल की कमी की गम्भीरता को देखते हुऐ टपक सिंचाई या बूंद-बूंद सिंचाई सबसे उपयुक्त माध्यम है। इस विधि में पानी की आवश्यकता बहुत कम होती है एंव पानी के अधिकतम उपयोग क्षमता को इस विधि से प्राप्त किया जा सकता है। इस विधि में बूंद-बूंद करके पानी प्रत्येक पौधें की जड़ों के पास ड्रिपर के माध्यम से दिया जाता है। इस विधि में पानी कम अन्तराल पर, लेकिन कम मात्रा में दिया जाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में कृषि विज्ञान केन्द्र के ईचार्ज डा0 मुकेश प्रेम मसीह ने लाभार्थी कृषकों को ड्रिप सिंचाई के फायदे व ड्रिप सिंचाई कैसे काम करती है के साथ इसका प्रयोग ग्रीन हाउस में पाली हाउस में तथा सेडनेट फार्मिंग में कैसे करें इसके बारें में विस्तृत रूप से बताया।

# बदलते मौसम में बढ़ रहे वायरल फीवर व टाइफाइड के मरीज



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र में वायरल बुखार के साथ ही टाइफाइड के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है । क्षेत्र लेड़ियारी क्षेत्र स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन 25 से 30 लोग बुखार हुआ टाइफाइड से पीड़ित आ रहे हैं । फार्मासिस्ट शिव सिंह ने लोगों को यह एहतियात बरतने की सलाह दी है । उन्होंने बताया की उमस से राहत के लिए लोग एसी चला लेते हैं । और अचानक बाहर निकलते हैं । तो सर्द - गर्म हो जाता है । टाइफाइड दूषित पानी पीने से होता है । वार्ड व्याय प्रदीप कुमार पांडेय का कहना है कि खान-पान में सफाई का विशेष ध्यान रखें । मरीजों की संख्या के हिसाब इस अस्पताल में दो ही रहते हैं। कई साल से यहां कोई डॉक्टर नहीं आएं। जिससे दिक्कत उठानी पड़ती है। ऐसे में मरीज़ को चिकित्सक को दिखाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# मिट्टी ने बिगाड़ा काम, वरना मिल रहे हैं अच्छे दाम

## सीजन देखकर बदलती रहती है कुम्हार के चाक की गति

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** कुम्हार के चाक की गति हमेशा सीजन देखकर बदलती रहती है । कभी धीमी चलने वाली चाक कभी इस कदर रफ्तार पकड़ती है कि एक दिन में एक से दो हजार के कुल्हड़, मटका या फिर दिवाली बन जाती है । कुम्हार के लिए सबसे बड़ी समस्या वर्तमान समय में मिट्टी का अभाव है । मिट्टी के काम बिगाड़ दिया है । वरना उन्हें मेहनत की अच्छी कीमत मिल जाती है । लेड़ियारी के कैथवल ग्राम सभा में प्रजापति की बस्ती स्टेट राजमार्ग से सटकर है । कुछ घर है जो पुश्तैनी काम कर परिवार का जीवन यापन करके आ रहे हैं । काम भी अच्छा चल रहा है । लेकिन मिट्टी के नहीं मिलने के चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है । गांव के ही राम सजीवन




प्रजापति का परिवार है जो मिट्टी को कुल्हड़ , दिवाली , मटका गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति समेत कुछ न कुछ नए आकार देने में जुटे रहते हैं । रामसजीवन के परिवार में पत्नी दो बेटे वह एक बेटी है । समूचा परिवार मिलकर दीपावली के अवसर पर दिवाली , मटका के परवा लक्ष्मी की मूर्ति के साथ ही दियाली मनाने का काम जोरों पर कर रहे हैं । रामगोपाल प्रजापति कहना है कि पिता जी और वह मिलकर एक दिन में लगभग दो हजार कुल्हड़ बना लेते हैं । एक हजार कुल्हड़ की कीमत छः सौ होती है । जिससे दोनों मिलकर लगभग बारह सौ रूपये कमा लेते हैं । परिवार के अन्य सदस्य इस समय दियाली और कुल्हड़ , परवा बनाने में जुटा है । श्याम बिहारी प्रजापति का कहना है कि कुम्हार की चाक वक्त के साथ गति बदलती रहती है । कभी एक दिन से दो हजार का सामान तैयार हो जाता है । तो कभी एक दिन में पांच सौ रूपये का ही । युवा लवकुश की उम्र भी लगभग 25 साल है । और इस व्यवसाय में कई संभावनाएं देख रहे हैं । उनका कहना कि सरकारी चाक लाभ उन्हें आज तक नहीं मिला । टैक्टर के माध्यम से चाक पर मिट्टी को आकार देने में जुटे रहते हैं । सुदर्शन प्रजापति कहना है कि यह व्यवसाय उनका पुश्तैनी है जिसे वह छोड़ना नहीं चाहते हैं।

# ग्राम प्रधान ने पंचायत भवन में बांटी घरौनी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** सुल्तानपुर अकबर के ग्राम प्रधान मो अजीम उर्फ सलमदार ने गुरुवार को पंचायत भवन मे दर्जनों लोगों को घरौनी वितरित किया। इस मौक़े पर लेखपाल मनोज मिश्र, परवेज अहमद, सुबोध तिवारी, मो मुज्जम आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों का आशुतोष मेमोरियल में भ्रमण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हनुमानगंज ।** राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 में उल्लिखित युग्मन सिद्धान्त के क्रियान्वयन से क्रम में पीश्एमश्री कम्पोजिट विद्यालय रिठैयाँ एवं रमईपुर के बच्चों ने आशुतोष मेमोरियल स्कूल (सीश्बीश्एसश्ईश), धनैचा-मलखानपुर का भ्रमण किया। इस भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य युग्मित तीनों विद्यालयों के बीच अकादमिक, पाठयक्रम एवं अन्य सहगामी क्रिया-कलापों से सम्बन्धित विचार विनिमय करना एवं विविध प्रकार की उत्कृष्ट क्रिया-अभ्यासों को एक दूसरे से साझा करना था। तीनों विद्यालयों के बच्चों ने उपरोक्त संदर्भित विषयों पर कारगर विनिमय किया और उल्लासपूर्वक सहयोग के वातावरण में



एक दूसरे से महत्वपूर्ण सीख प्राप्त की । बच्चों की उत्कण्ठा और उनकी प्रसन्नता ने भ्रमण कार्यक्रम को परिपूर्ण एवं सफल बनाया। कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रागिनी देवी, सश्अश्संजय त्रिपाठी, सुश्री रीतू सिंह, सुश्री अनामिका उपाध्याय एवं सुश्री अलका गुप्ता तथा कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र सिंह, सश्अश्मान्धाता सिंह, सुश्री अल्पना एवं सुश्री संगीता सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन किया ,एवं आशुतोष मेमोरियल स्कूल विद्यालय के कोआर्डिनेटर अमित कुशवाहा, श्रेया पाण्डेय, महेन्द्र श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षको ने सफल कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था दी एवं वातेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# युवा सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेना चाहिए



**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** भारत मां की सेवा में अपना सर्वस्व निछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्मदिवस गुरुवार को मनाया गया। सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में जन्मदिवस मनाया गया। इस माध्यम से लोगों ने उन्हें नमन कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर विचार-विमर्श किया। एस , एम पब्लिक स्कूल कैथवल में युवा नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर जागरूकता गोष्ठी हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार कुशवाहा और प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। महर्षि एकेडमी जुनियर हाई लेड़ियारी के प्रबंधक विनोद कुमार विश्वकर्मा, पार्वती देवी जुनियर हाई स्कूल बड़ोखरा में प्रबंधक संतोष कुमार कुशवाहा ने नेता सुभाष चन्द्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चों को उनके बारे में प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी।

एस , एम पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा ने कहा कि नेता सुभाष चन्द्र बोस ने अपने जीवन में काफी संघर्षपूर्ण जीवन संघर्ष व्यतीत किए उसे भुलाया नहीं जा सकता है।

इस अवसर पर गमलू पाल, सोनू पाल , प्रिति सिंह, प्रियांशी शुक्ला , विभा तिवारी, निर्मला यादव आदि लोग रहे।

# ग्राम सचिवालय में लटके ताले, फार्मर रजिस्ट्री के लिए परेशान हो रहे हैं किसान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** तहसील के सैदाबाद ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गांवो के ग्राम सचिवालय में ताले लटके है। जिसकी वजह से फार्मर रजिस्ट्री व अन्य कार्य के लिए किसान दरबदर भटक रहे हैं। ग्राम सचिवालय ग्रामीणों के लिए शोपीस बना हुआ है। जिम्मेदार लोग उदासीन बने हैं। आपको बता दे की लगभग हर गांव में लाखों रुपए खर्च कर ग्राम सचिवालय का निर्माण कराया गया है। जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति की गई है। ग्रामीणों को खतौनी, फार्मर रजिस्ट्री और विकास संबंधित सभी कार्यों को देखा और उसकी कॉपी निकाली जा सकती है। लेकिन सरकार की इस मंशा पर जिम्मेदार लोग पानी फेर रहे हैं। ग्राम सचिवालय ग्रामीणों के लिए शोपीस बनकर रह गए हैं। संवाददाता ने आज कई गांव का दौरा कर हकीकत देखा तो सचिवालय में ताला लटका पाया गया। क्षेत्र के महुआ कोठी, चांदोपारा, डुडुआ आदि गाँव में सचिवालय बंद मिला। जिम्मेदार लोग नदारत रहे। यह भी बताते चले की पीएम किसान पेंशन के लिए इस समय फार्मर रजिस्ट्री कराया जा रहा है। जो गांव के सचिवालय में होना चाहिए। लेकिन सचिवालय का तालाब बंद होने की वजह से लोग दरबदर भटक रहे हैं उनकी जेब भी काटी जा रही है।

# नवनियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने गांव गांव किया जनसंपर्क



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** भारतीय जनता पार्टी होलागढ़ के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष राधा कान्त शुक्ल अपने साथियों के साथ कई गांवों का दौरा कर प्रमुख भाजपाइयों से मिलकर हाल चाल जाना। बताया कि वह पुराने निष्क्रिय लोगों को सक्रिय करके नये लोगों को जोड़ना चाहते हैं। राधाकान्त उमरिया सारी, धानी के पूरा, नेवाजी का पूरा, मादीपुर, थमहन का पूरा, कल्याणपुर,मोहनी का पूरा, अकोदी आदि गाँव के लोगों से मिलकर जन संपर्क किया। इनके साथ मे वरिष्ठ नेता गुरु ओम मिश्र, युवा नेता शुभम शुक्ला, अरुण सिंह सूर्य प्रताप सिंह, अनुराग तिवारी आदि रहे।

# रैनी में सोलर पम्प टंकी में लगी बैटरियां हुई चोरी

**लोकमित्र से**

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रैनी गांव में बने सोलर टंकी जीवन मिशन के अन्तर्गत पेय जल टंकी को संचालित करने के लिये लगे सोलर पैनल की बैटरी को अज्ञात चोरा ने किया पार । जानकारी के अनुसार रैनी गांव में बने पेय जल की टंकी पर लगे सोलर पैनेल की 13 बैटरियों को अज्ञात चोरों ने बुधवार को देर रात कमरे का ताला तोड़कर उठा ले गये । सुबह पम्प संचालक उजागर सिंह जब पम्प को चलाने गया तो देखा कि कमरे से लगी बैटरियां गायब हैं । तब संचालक ने चोरी की घटना को ग्राम प्रधान को गुरुवार की सुबह दी । जिसकी लिखित सूचना ग्राम प्रधान तहसीलदार ने बहरिया थाने पर दी । पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# सांसद प्रयागराज का दौरा कोराव विधानसभा में आज - पयासी

**कोरांव(प्रयागराज)।** सांसद कुंवर उज्वल रमण सिंह शुक्रवार को विधानसभा कोरांव में होंगे। यहां वे दोपहर 12 चौधरी शिवजोखन सिंह इन्टर कालेज जवाईन में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नागरिक अभिनंदन स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे। यहां वे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर विद्यालय परिवार को संबोधित करेंगे। उसके बाद मझीगवां में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन व स्वागत समरोह मे बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे उक्त बात की जानकारी देते हुए सांसद के करीबी सपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने बताया कि इसके बाद रास्ते मे कार्यकर्ताओं द्वारा कई जगहों पर स्वागत भी होगा।

# नायब के कहने पर नाली खुदवाया सड़क नहीं- एसपी दूबे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के कजरीगढ़ आराकलां गाँव में दोहरे हत्याकांड के पीड़ित एसपी दूबे ने कहा कि वे नायब तहसील दार के कहने पर नाली खुदवाया है सड़क नहीं खुदवाया। जहाँ पर नाली खुदवाया है वह सरकारी



नाली का रकबा है। जो सरकारी नलकूप से आई हुई है।

जिसको लोग पाट लिए है। आगे उन्होंने बताया कि नाली की जमीन का कोई भी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश नही है।

सोशल मीडिया पर उन पर लगे सभी आरोप निराधार है।

# बाइक पर बैठने पर युवक को पीटा, विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** मुबारकपुर गांव में टेंट लगाने गए युवक को गांव के कुछ लोगों ने बाइक पर बैठने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दी तथा मारा पीटा। जिससे युवक जख्मी हो गया। मामले में पुलिस ने एससीएसटी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। हसनपुर मय चक मंसूर बाबूगंज निवासी शिव शंकर सरोज पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल का आरोप है कि मुबारकपुर निवासी सोनू पटेल के घर पर टेंट लगाने गया था। रात में भोजन करने के बाद बगल के दुकान पर कुछ सामान लेने गया था। सामान लेने के बाद पास में खड़ी एक बाइक पर बैठ गया। जिसको लेकर मुबारकपुर गांव के विजय पटेल से कहां सुनी होने लगी।

उसके बाद विजय पटेल ने अपने भाई प्रभा शंकर पटेल को भी फोन करके बुलाया। प्रभा शंकर पटेल ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दी और लोहे की राड़ से मार कर जख्मी कर दिया। लोगों के आने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। राड से प्रहार करने से शिव शंकर को गंभीर चोट आई है। शिव शंकर की तहरीर पर पुलिस ने मामले में एससीएसटी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

# हमें योगी आदित्यनाथ की तरह अन्य संतों की आवश्यकता- रमाकांत गोस्वामी

## सनातन की रक्षा के लिए अखाड़े का आगे आना जरूरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिस तरह उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन की, तीर्थ की, मन्दिर की, अनेक प्रकार से रक्षा कर रहे हैं, इसी प्रकार इतने महन्तों खासलों, नागाओं में कोई दूसरा व्यक्ति पैदा क्यों नहीं हो रहा है। यह बातें श्री जी बाबा नगर के सचिव रमाकान्त गोस्वामी ने आज प्रेस वार्ता में कहीं।

संतो के द्वारा बताया जाता है कि आदि शंकराचार्य ती के द्वारा 4 शंकराचार्य पीठ द्वारकापुरी, बद्रीनाथ धाम जगन्नाथपुरी और कांचीपीठ में स्थापित किए गए। इनका कार्य सनातन धर्म का प्रचार एवं हिन्दुत्व की रक्षा करना बतलाया गया। श्रीमुकुन्दाचार्य एवं श्री रामानन्दाचार्य जी द्वारा 13 अखाड़े एवं उनके खालसा का गठन किया गया । इनमें 10 शैव अखाड़े एवं 3 वैष्णव अखाड़े नाम दिए गए।

उन्होंने कहा कि 10 शिव अनुयायी अखाड़ों में हजारों नागा साधू की फौज बनायी गई। किसी वस्तु में इनका मोह नहीं है इसलिए वस्त्रों का भी त्याग करा दिया गया। पिछले वर्ष से बांग्लादेश से हिन्दुओं पर जो अत्याचार किए जा रहे है तमाम वी.डी.ओ. में आगजनी, बलात्कार व निर्मम हत्या करते दिखाया। भविष्य में ऐसा ही भारतवर्ष में भी होने वाला है। इस्लामिक नेताओं द्वारा कहा गया कि 15 मिनट को पुलिस हटाली जाये तो सबको खत्तम कर दिया जाय। एक कहता है कि मोदी योगी नहींग रहेंगे तब हिन्दुओं को कौन बचाएगा।

श्री गोस्वामी ने कहा कि 144 वर्ष में लगे महाकुम्भ में पधारे सभी अखाडों के श्रीमहन्तों, खालसाओं के श्रीमहन्तों से मेरा यक्ष प्रश्न है कि जब विधर्मी हमला अत्याचार करेंगे तब इनकी क्या भूमिका रहेगी। ये सभी नागा साधू देश के किस-किस तीर्थ अथवा शहर में रहते हैं इनका सम्पर्क आम जनता को भी पता होना चाहिए। भविष्य में जब भी सनातन या सनातनियों पर अत्याचार, बलात्कार हों तब ये रक्षा करने या सहायता करने को कहाँ उपलब्ध रहेंगे। सभी अखाड़ों के साक्षात्कार समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर पब्लिक की जानकारी में आना चाहिए कि कौन-सा अखाड़ा कहाँ है और किस अखाडे में कितने नागा साधूओं की फौज है। हिन्दू राष्ट्र के निर्माण में इनका क्या योगदान है, किस तरह के कार्य इन अखाड़ों या साधुओं द्वारा हिन्दू राष्ट्र के निर्माण के लिए किये जा रहे हैं।

# भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ाया- अमित शाह

**▶▶केन्द्रीय मंत्री ने अहमदाबाद में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का किया उद्घाटन**

**▶▶शाह ने गुजरातियों और सभी युवाओं और किशोरों से की महाकुंभ में जाने की अपील**



**अहमदाबाद, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार 10 साल से सत्ता में है और 10 साल में इस सरकार ने वो काम पूरा किए हैं जो हमारी विचारधारा और दर्शन के कारण कई सालों से अटके थे। सरकार ने साढ़े तीन साल के दौरान पूरे भारत के धर्मस्थलों से चुराई गई तमाम मूर्तियों को विदेश से वापस लाने का काम किया है। भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है।उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ स्थानों पर हिंदू हूं बोलना मुश्किल था, लेकिन आज हर कोई गर्व से बोलता है कि मै हिंदू हूं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां स्थानीय जीएमडीसी मैदान पर आयोजित हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे।शाह इस समय तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। हिंदू मेले में 250 से अधिक सेवा संगठनों के स्टॉल लगे हैं। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री शाह ने नेताजी सुभाष चंद्रबोस को उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के प्रयास से पिछले 350 वर्ष से अधिक समय से भारतीय धार्मिक स्थलों से चुराई गई तमाम मूर्तियों को विदेश से वापस लाने काम किया है। भाजपा ने दुनियाभर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया है।उन्होंने सभी से प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने के लिए गुजरातवासियों और सभी युवाओं और किशोरों से जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 144 साल बाद फिर से महाकुंभ लगा है। महाकुंभ स्नान कई लोगों के भाग्य में नहीं होता है। अगर महाकुंभ आपके भाग्य में है तो आपको जरूर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जाने वाला कोई पांच सितारा होटल में नहीं रुकता, वे ठंड में टेंट में रहते हैं। कुंभ में कोई भी नाम, धर्म या जाति नहीं पूछता। स्नान के दिन लोग अपना चेहरा दिखाए बिना गंगा में डुबकी लगाते हैं। मैं नौ कुंभ में जा चुका हूं और अब 27 तारीख को महाकुंभ में जा रहा हूं।

यह अब तक का मेरा 10वां कुंभ होगा।केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि इस आध्यात्मिक मेले के आयोजकों ने एक मंत्र पर दो सौ से अधिक सेवा संगठनों को लाने का काम किया है। इसके गुणवंतभाई और घनश्यामभाई की पूरी टीम को हृदय से बधाई देता हूं। उनके इस प्रयास से पूरे हिंदू समाज की ताकत को समाज के सामने रखा है। इस हिन्दू मेले में रानी अहिल्याबाई की भी एक प्रदर्शनी लगी है। रानी अहिल्याबाईने 20 धार्मिक स्थलों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया।भारत त्याग और समर्पण की पवित्र भूमिः भैयाजी जोशीइस कार्यक्रम में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत त्याग और समर्पण की पवित्र भूमि है। संतों के मार्गदर्शन से बहुत कुछ हो रहा है। हिंदू धर्म एक धर्म और विचारधारा है, एक जीवन शैली और मूल्य है और एक सेवा है। जब हम धर्म की बात करते हैं तो वह मानवता है जो कर्तव्य से जुड़ी होती है। जब बात धर्म की आती है तो वह सत्य और न्याय की बात है। धर्म की रक्षा के लिए वह करना पड़ता है जिसे अधर्म कहते हैं।

सेवा संगठनों के प्रयासों से मिलेगी प्रेरणाः मुख्यमंत्रीमुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोस की 125वीं जयंती पर वर्ष 2020 से इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में नई पहचान दी है। भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक महाकुंभ के बीच अहमदाबाद में लगा यह हिंदू मेला दूसरी बार आयोजित हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे हिन्दू मेले लोक कल्याण कार्यो को उजागर करते हैं। हिंदू मेले में आए सेवा संगठनों के प्रयासों से हमें समाज के लिए और भी अधिक काम करने की प्रेरणा मिलेगी।इस मौके पर स्वामी परमात्मानंद सरस्वतीजी ने कहा कि धर्म कोई विशिष्ट विश्वास नहीं है। धर्म का अर्थ है अपना कर्तव्य निभाना, राष्ट्र और विश्व के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना, चाहे वह हिंदू हो या न हो। राम हमारे आदर्श हैं। हम अपना कर्तव्य मानकर जानवरों तक की सेवा करते हैं। हमारा समाज धर्म से मुक्त हो गया है। समाज को जोड़ना जरूरी है।हिंदू आध्यात्मिक मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में लिम्बडी निम्बार्क पीठ के महामंडलेश्वर ललित किशोरदासजी महाराज, चारोड़ी स्वामीनारायण गुरुकुल के स्वामी माधव प्रियदासजी आदि भी उपस्थित थे।हिंदू आध्यात्मिक मेले में शाम 4 बजे आरटीओ सर्किल से 1400 युवा एक बाइक रैली निकालेंगे। जिसके बाद शाम 6.30 बजे जीएमडीसी ग्राउंड पर गंगा अवतरण कार्यक्रम होगा। साथ ही आरती की जाएगी और गंगा जल से आचमन किया जाएगा। महाकुंभ में स्नान का पुण्य प्राप्त करने के लिए इसका छिड़काव किया जाएगा।

# हिंदू समाज का शक्तिशाली होना संहारक नहीं, संरक्षक है - भैयाजी जोशी



**अहमदाबाद, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी उपाख्य भैयाजी जोशी ने गुरुवार को कहा कि भारत के हिंदू समाज का शक्तिशाली होना संहारक नहीं, संरक्षक है। दुर्बलों की रक्षा करने वाला है, असहाय लोगों की सहायता देने वाला है।भैयाजी जोशी हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान की ओर से आयोजित हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन समारोह के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। 23 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया। अहमदाबाद के हेलमेट सर्किल के समीप गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में शाह और भैयाजी जोशी के अलावा मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, चाणक्य सीरियल के चंद्रप्रकाश द्विवेदी समेत कई गणमान्य अतिथि-संत मौजूद रहे।भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत के अलावा विश्व मे ऐसा कोई देश नहीं है जो सारी दुनिया को साथ लेकर चले। यह हमारी आध्यात्म की कल्पना है, वसुधैव कुटुंबकम की हमारी कल्पना है। उन्होंने कहा कि शांति का मार्ग समन्वय से होकर जाता है। सबको साथ लेकर चलने के सिद्धांत वाला ही शांति स्थापित करता है। सभी सम्प्रदाय अपनी-अपनी बातों के अनुसार चल सकते हैं, लेकिन अन्य को चलने की स्वतंत्रता नहीं देंगे, तो शांति कहां से रहेगी। विश्व पर उसी का प्रभाव रहेगा जो सभी को साथ लेकर चलेगा, वही विश्व का संचालन कर सकता है।

विश्व को न तो भौतिक संपदा वाला प्रभावित कर पाएगा, ना ही पर्याप्त संख्या बल वाला उसको संचालित कर सकता है।भैयाजी ने कहा कि भारत जैसे देश में हमारा जन्म हुआ है, यह पुण्यभूमि है, यह देवताओं की भूमि है, यह संत और संन्यासियों की भूमि है। यह त्याग और समर्पण की भूमि है। हम सभी लोग स्वतंत्र देश में जन्म लिए हुए लोग हैं। हमारी पुरानी पीढ़ी ने तो अंग्रेजों की गुलामी का अनुभव किया है। हम सभी को स्वतंत्र देश के नागरिक कहलाने का सौभाग्य मिला है। देश में एक परिवर्तन का चक्र प्रारंभ हुआ है। वर्तमान में हम विश्व के मंच पर अपने देश का सम्मान होता देख रहे हैं। इसके साक्षी होने का भाग्य हम सभी को मिला है। संतों-महापुरुषों की हम सबसे अपेक्षा है कि हम इस परिवर्तन के मूक साक्षी नहीं बनें, बल्कि इस परिवर्तन को लाने के लिए सक्रिय सहयोगी बनें।संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने कहा कि जब हम हिंदू कहते हैं तो कई बातों का समावेश होता है। हिंदू यानी धर्म है, अध्यात्म है, एक विचार है, जीवन-शैली है, जीवन मूल्य है और एक सेवा है। हिंदू केवल मंदिरों में जाने वाला या सिर्फ कर्मकांड करने वाला नहीं है, बल्कि सभी प्रकार के पहलुओं से हिंदू की पहचान बनी है। धर्म की बात करते हैं तो उसका केंद्रबिंदु मानवता है, संबंध कर्तव्य से जोड़ा जाता है, परस्पर सहयोग-सहकार से जोड़ा जाता है, सत्य और न्याय की बात करते हैं। धर्म की रक्षा के लिए चाहे जिस प्रकार के कदम उठाने के लिए हिंदू समाज हमेशा सिद्ध रहा है। जिस काम को लोगों ने अधर्म की श्रेणी में डाला है, ऐसे कार्य भी धर्म की रक्षा के लिए करने पड़ते हैं, हमारे महापुरुषों ने किए हैं। उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण महाभारत का युद्ध है। कौरवों-पांडवों का पक्ष था। कौरवों का पक्ष अधर्म का था, पांडवों का पक्ष धर्म था।भैयाजी जोशी ने कहा कि धर्म और अधर्म का विवेक जो सिखाता है, वह धर्म है।

# राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 24-25 जनवरी को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** गणतंत्र दिवस समारोह (आरडीसी) के हिस्से के रूप में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता 2024-25 का ग्रैंड फिनाले 24 एवं 25 जनवरी को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा।शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय का स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) 24-25 जनवरी को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता 6.0 का ग्रैंड फिनाले आयोजित करने जा रहा है। इस साल राज्य और क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के माध्यम से 13 राज्यों से 16 बैंड टीमों के 463 बच्चे फिनाले के लिए चयनित हुए हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 13,999 बच्चों वाली 568 टीमों ने भाग लिया जबकि क्षेत्रीय स्तर पर 2,337 बच्चों वाली 84 टीमों ने भाग लिया।

मंत्रालय के अनुसार, पहली बार तीन सरकारी स्कूलों की बैंड टीमों को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर मिला है। पीएम श्री केजीबीवी पटमदा, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड के स्कूली छात्र राष्ट्रपति मंच के सामने मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। दो बैंड टीमें (केन्द्रीय विद्यालय और सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल वेस्ट प्वाइंट, सिक्किम) गणतंत्र दिवस परेड में विजय चौक पर अपनी प्रस्तुति देंगी। सरकार के समग्र दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना रेजिमेंटल केंद्रों के बैंड प्रशिक्षकों व टीमों द्वारा पीएम श्री स्कूल बैंड टीमों के प्रशिक्षण के लिए पहल की गई है। 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है और शेष राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में भी जल्द ही शुरू होगा। यह पीएम श्री स्कूलों के छात्रों को समग्र शिक्षा प्रदान करने और उन्हें पूर्ण व्यक्तित्व के रूप में विकसित करने की दिशा की तरफ बढ़ता हुआ एक कदम है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है और इसका उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलावकारी सुधार करना है। इस दिशा में यह कार्यक्रम न केवल देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करेगा, बल्कि छात्रों के संगीत कौशल को भी बढ़ाएगा और उनमें अनुशासन का संचार करेगा।

# पिस्तौल लेकर नेपाल में घुसे उत्तराखंड के चार युवक गिरफ्तार

**काठमांडू, (हि.स.)।** नेपाल पुलिस ने उत्तराखंड के चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्तौल बरामद हुई है। इनके वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह जानकारी कंचनपुर जिला पुलिस प्रवक्ता उमेशराज जोशी ने दी।उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने बुधवार रात लगभग 10 बजे भीमदत्त के पास उत्तराखंड नंबर की कार (यूके 06 एआर 0846) को रोककर जांच की। इस दौरान ड्राइविंग सीट के पिछले पॉकेट में विदेशी लोडेड पिस्तौल रखा मिला। इसके बाद कार सवार उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के खटीमा निवासी 34 वर्षीय जीवन सिंह जिमवाल, 31 वर्षीय कमल विष्ट, 34 वर्षीय उमेद सिंह अधिकारी और 28 वर्षीय संजय जेठी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# परिजन बोले-नेताजी के अवशेष भारत लाने में कोई रुकावट नहीं, जापान से अवशेष लाने की मांग

**कोलकाता, (हि.स.)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अवशेष, जो जापान के रेनकोजी मंदिर में रखे गए हैं, उनको लेकर लंबे समय से विवाद और चर्चा होती रही है। नेताजी के कुछ परिजनों का दावा है कि उनके पास ऐसे दस्तावेज हैं, जो यह साबित करते हैं कि मंदिर के पुजारी अवशेष भारत को सौंपने के लिए हमेशा तैयार रहे हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार से नेताजी के अवशेष जापान से भारत लाने की मांग की है।नेताजी के परिजन और उनके प्रशंसकों का एक बड़ा वर्ग चाहता है कि इन अवशेषों को भारत लाकर डीएनए परीक्षण कराया जाए, ताकि यह पुष्टि हो सके कि ये वास्तव में भारत की स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े नेताओं में से एक नेताजी के ही अवशेष हैं।गत 18 अगस्त 1945 को ताइवान में एक जापानी सैन्य विमान हादसे में नेताजी की मौत होने की खबर थी। इस



हादसे में बुरी तरह जलने के कारण उनकी मौत होने की बात कही गई थी। अब तक हुए 10 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जांच आयोगों की रिपोर्ट में नेताजी की मौत की पुष्टि की गई है।

हालांकि, 2005 में सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज मनोज कुमार मुखर्जी की अध्यक्षता वाले आयोग ने यह निष्कर्ष दिया था कि नेताजी की मौत विमान हादसे में नहीं हुई। आयोग ने यह भी कहा था कि रेनकोजी मंदिर में रखे गए अवशेष नेताजी के नहीं हैं।नेताजी के परिजन और उनकी बेटी प्रोफेसर अनीता बोस फाफ ने कई बार प्रधानमंत्री कार्यालय और भारत सरकार को पत्र लिखकर इन अवशेषों को भारत लाने की मांग कर चुके हैं। नेताजी के पोते चंद्र कुमार बोस ने कहा, ÷यह शर्मनाक है कि नेताजी के अवशेष आज भी जापान में पड़े हैं। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि ये अवशेष नेताजी के हैं या नहीं।माधुरी बोस, नेताजी की पोती, ने भी दावा किया कि मंदिर के पुजारी और जापानी सरकार डीएनए परीक्षण के लिए पूरी तरह से सहमत रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷मंदिर के पुजारी ने हमेशा कहा है कि अवशेष भारत वापस भेजे जाने चाहिए। यह उनके पूर्वजों की इच्छा थी।लेखक और शोधकर्ता सुमेरु रॉय चौधरी ने दावा किया कि नेताजी से जुड़े कई दस्तावेज बताते हैं कि 1990 के दशक में भारत सरकार ने इन अवशेषों को लाने की कोशिश की थी, लेकिन राजनीतिक फायदा न होने की वजह से यह योजना रुक गई।सूर्या कुमार बोस, नेताजी के भतीजे ने कहा कि 2019 में उनकी जापान यात्रा के दौरान रेनकोजी मंदिर के पुजारी ने उन्हें अवशेष सौंपने के लिए अपनी सहमति जताई थी।नेताजी के परिजन और प्रशंसक अब भी इस उम्मीद में हैं कि भारत सरकार इन अवशेषों को वापस लाकर डीएनए परीक्षण कराएगी, ताकि नेताजी की मृत्यु से जुड़ी गुत्थी सुलझ सके।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बाला साहेब ठाकरे को जयंती पर किया याद



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बाला साहेब ठाकरे को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, ÷उन्हें लोक कल्याण और महाराष्ट्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित और याद किया जाता है। जब बात अपने मूल विश्वासों की आती थी तो वे समझौता नहीं करते थे और हमेशा भारतीय संस्कृति के गौरव को बढ़ाने में योगदान देते थे।उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी 1926 को जन्मे बाला साहेब शिवसेना के संस्थापक हैं। हिंदू हृदय सम्राट के रूप में विख्यात बाला साहेब ने अपने करियर की शुरुआत एक कार्टूनिस्ट के तौर पर की। 1960 से राजनीति में कदम रखा। सबसे पहले मार्मिक नाम से एक साप्ताहिक अखबार निकाला। इसके बाद 'मराठी माणुस' को हक की लड़ाई लड़ने के लिए उन्होंने शिवसेना का गठन किया। बाला साहेब ठाकरे ने खुद कभी चुनाव नहीं लड़ा लेकिन कई बार किंग मेकर बने।

# बेतिया के डीईओ के ठिकानों पर एसवीयू की छापेमारी



**पटना,(हि.स.)।** विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने आज बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के खिलाफ केस दर्ज कर चार ठिकानों पर छापेमारी की है।विशेष निगरानी इकाई के मुताबिक, एसवीयू को खबर मिली थी कि बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी रजनी कांत प्रवीण ने 2005 में नौकरी में आए थे। तब से अब तक की अवधि के दौरान अवैध रूप से भारी चल और अचल संपत्ति अर्जित की है। यह संपत्ति आय से लगभग 1,87,23,625 रुपये अधिक है।रजनी कांत प्रवीण बिहार शिक्षा सेवा के 45 वीं बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने दरभंगा, समस्तीपुर और बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा अधिकारी के रूप में काम किया है। उनकी कुल सेवा अवधि लगभग 19-20 वर्ष है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी सुषमा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी सेवा छोड़ दी थी । वर्तमान में ओपन माइंड बिड़ला स्कूल, दरभंगा की निदेशक हैं। उन्होंने ही स्कूल मालिक भी हैं। आरोप है कि रजनी कांत प्रवीण के अवैध रूप से अर्जित धन के वित्तीय निवेश के साथ इस संस्थान को चला रही हैं।एसवीयू के मुताबिक, रजनी कांत प्रवीण और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर पटना, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कई करोड़ रुपये की जमीन और फ्लैट हैं। जिसकी कीमत 2,92,92,225 रुपये के करीब है।

# मप्र के जबलपुर से दो ग्रीन कॉरिडोर बनाकर ब्रेनडेट व्यक्ति का हार्ट भोपाल और लिवर भेजा गया इंदौर

**जबलपुर, (हि.स.)।** सड़क हादसे में घायल हुए सागर निवासी 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा (पटेल) के ब्रेनडेट घोषित होने के बाद गुरुवार को जबलपुर से दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए और उनके अंगों को इंदौर और भोपाल भेजा गया। हार्ट को भोपाल के एम्स भेजने के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज से डुमना एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रवाना किया गया है जबकि लिवर के लिए तिलवारा में हेलीपेड बनाकर हेलिकॉप्टर के जरिए लिवर को भी इंदौर के चोइथराम हॉस्पिटल भेजा गया है। इस अंगदान से दो लोगों को नया जीवन मिलने की उम्मीद है।दरअसल, सागर निवासी 61 वर्षीय बलिराम कुशवाहा दो दिन पहले 21 जनवरी को सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए जबलपुर के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लाया गया था। यहां डॉक्टरों ने बलिराम को ब्रेनडेड घोषित कर दिया गया था। उनकी किडनी फेल होने के कारण इस्तेमाल नहीं की जा सकी, लेकिन हार्ट और लिवर ट्रांसप्लांट के लिए लिए गए हैं। बलिराम के अंगों का अन्य मरीजों के लिए उपयोग हो सके, इस बात को ध्यान में रखते हुए परिजन ने अंग



दान करने की इच्छा जताई। आज जबलपुर के मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थापित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। एक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हार्ट को विमान से एम्स भोपाल भेजा गया जबकि लिवर को तिलवारा से हेलिकॉप्टर के जरिए इंदौर के चोइथराम हॉस्पिटल भेजा गया है।डीसीपी ट्रैफिक संजय सिंह ने बताया कि भोपाल एयरपोर्ट से एम्स तक लगभग 21 किमी का ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया था। जबलपुर से लाए ऑर्गन को एम्स में ट्रांसप्लांट के लिए पहुंचाया गया। सुबह 8 बजे से हमारी तैयारी चल रही थी और लगभग 11ः30 बजे ऑर्गन भोपाल पहुंचे। हमने केवल 11 मिनट में उन्हें एयरपोर्ट से एम्स तक पहुंचा दिया। एंबुलेंस समय पर एयरपोर्ट नहीं पहुंच पाई थी, इसलिए पुलिस के वाहन से ही ऑर्गन को पहुंचाया गया। ग्रीन कॉरिडोर में लगभग 80 पुलिस जवान और अधिकारी तैनात थे।जबलपुर सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि सागर के मरीज बलिराम कुशवाह का मंगलवार को रोड एक्सीडेंट हो गया था। उन्हें मस्तिष्क में गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जबलपुर के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रेफर किया गया। बुधवार को डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेनडेड घोषित कर दिया। ऐसे में परिजन ने अंगदान की इच्छा जाहिर की। इसके बाद यह पता लगाया गया कि अंगों की जरूरत कहां है। भोपाल एम्स में हार्ट ट्रांसप्लांट होना है। वहीं, चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर में एक मरीज को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है। इस प्रक्रिया के लिए रात भर तैयारी की गई और ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।मृतक के भतीजे विजय पटेल ने बताया कि बलिराम कुशवाहा मूलतः सागर के रहने वाले थे। वे जबलपुर के सूरतलाई गांव में एक मंदिर की देखरेख का काम करते थे। गत 21 जनवरी की शाम करीब 7 बजे कटंगी रोड पर एक मोटरसाइकिल चालक ने रोड क्रॉस करते समय उनकी ट्राइसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आई। उन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल लाया गया।

ब्रेनडेड घोषित किए जाने के बाद डॉक्टरों से सलाह-मशविरा कर परिजन ने अंगदान का फैसला लिया। उन्होंने हार्ट, लिवर और किडनी दान करने की सहमति दी थी। हालांकि, किडनी ने काम करना बंद कर दिया था, जिसके कारण किडनी का ट्रांसप्लांट नहीं हो सका। भतीजे ने बताया कि बलिराम अविवाहित और दिव्यांग थे। परिवार में भाई, भतीजा और भाभी हैं। डॉक्टर की सलाह पर हमने उनके अंगदान किए हैं। हम सभी को अच्छा लग रहा है कि उनके अंगदान से दो लोगों को नई जिंदगी मिल जाएगी।

# कमेडियन कपिल शर्मा व अभिनेता राजपाल सहित चार लोगों को पाकिस्तान से आई मेल से मिली धमकी, जांच जारी



**मुंबई, (हि.स.)।** फिल्म जगत के चार कलाकारों को पाकिस्तान से ईमेल पर जान से मारने की धमकी मिली है। इनमें अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा, अभिनेता राजपाल यादव, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और अभिनेता-गायिका सुगंधा मिश्रा के नाम शामिल हैं। फिल्म अभिनेता राजपाल यादव की मेल परआई इस धमकी के मामले में अंबोली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अंबोली पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि फिल्म जगत के चार कलाकारों को पाकिस्तान से जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी अभिनेता राजपाल के ईमेल पर आई है और इसकी शिकायत राजपाल की पत्नी राधा ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कराया है।मौत की धमकी वाले ईमेल में कहा गया है, ÷हम आपकी हाल की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और हमारा मानना है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम आपके ध्यान में एक संवेदनशील मामला लाएं। यह कोई पब्लिसिटी स्टंट या आपको परेशान करने का प्रयास नहीं है, हम आपसे इस संदेश को अत्यंत गंभीरता और गोपनीयता के साथ लेने का आग्रह करते हैं।÷ इस ईमेल में आगे की चेतावनियों में मांगें पूरी न होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। साथ ही लिखा गया है कि अगर हमें कोई रिप्लाई नहीं मिलता है, तो हम मान लेंगे कि आप इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और हम जरूरी कार्रवाई करेंगे। ईमेल को भेजने वाले ने %बिष्णु% नाम से साइन किया है।पुलिस के अनुसार अब तक की जांच में पता चला है कि यह पाकिस्तान से ही आया है। पाकिस्तान के आईपी पते का पता लगा लिया है और पाकिस्तान से पत्राचार करने के लिए सरकार से मदद मांग रही है।

# अफवाह की वजह से हुआ जलगांव रेल हादसा , 13 लोगों की मौत - अजित पवार

**मुंबई, (हि.स.)।** उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने आज पुणे में कहा कि जलगांव रेल हादसा अफवाह की वजह से हुआ। जलगांव के पास परधाड़े रेलवे स्टेशन के पास घटी घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दुर्घटना में 13 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें 10 लोगों की पहचान हो गई है और तीन अज्ञात हैं, उनके शव क्षत-विक्षत हो गए हैं। इस बीच ट्रेन में सफर कर रहे एक शख्स ने कहा कि उनके तीन रिश्तेदार अभी भी लापता हैं। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने पत्रकारों को बताया कि प्रशासन और अन्य एजेंसियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। श्रावस्ती के उधल कुमार और विजय कुमार ट्रेन में सवार थे। वे सामान्य डिब्बे में यात्रा कर रहे थे और ऊपरी बर्थ पर बैठे थे। पेंट्री में एक चाय विक्रेता ने चिल्लाकर बताया कि बोगी में आग लग गई है। दोनों ने यह सुना और चिल्लाने लगे। आग से बचने के लिए कुछ यात्री चलती ट्रेन से कूद गए। इस बीच एक



व्यक्ति ने चेन खींच दी और ट्रेन रुक गई। कई यात्री ट्रेन से उतरकर रेल पटरी पार करने लगे। उसी समय, कर्नाटक एक्सप्रेस बहुत तेज गति से आई और रेलवे ट्रैक पार कर रहे यात्रियों को टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि घायलों में 8 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह घटना उधल कुमार और विजय कुमार द्वारा फैलाई गई अफवाह के कारण हुई। दोनों घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है। प्रशासन को सभी घायलों को सरकारी खर्च पर उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस हादसे नेपाल से मुंबई आ रहे विश्वकर्मा परिवार के तीन सदस्य लापता हैं। तीनों के नाम नंदराम विश्वकर्मा, मैसरा विश्वकर्मा और हेमू विश्वकर्मा हैं। यह पूरा परिवार नेपाल से लखनऊ आया था और फिर लखनऊ से मुंबई आ रहे थे। उनके रिश्तेदारों के अनुसार, परिवार के अन्य सदस्य सुरक्षित हैं, लेकिन नंदराम विश्वकर्मा, उनकी पत्नी मैसारा विश्वकर्मा और दस वर्षीय बच्चा हेमू विश्वकर्मा लापता हैं। तीनों की तलाश के लिए रिश्तेदार सुबह पांच बजे से ही जिला अस्पताल में मौजूद हैं। इस घटना में मृतक नंदराम के बड़े भाई विक्रम विश्वकर्मा ने कहा है कि तीनों की तलाश की जाए और उनके बारे में कुछ जानकारी मुहैया कराई जाए।

# उप मुख्यमंत्री करेंगे संगम तट पर आयोजित ज्योतिष महाकुम्भ का उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भनगर।** प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर 25 जनवरी को जीवांजलि और माय ज्योतिष की ओर से ज्योतिष महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। कई ज्योतिषाचार्य व विद्वान इस महोत्सव में शामिल होंगे। ज्योतिष महा कुंभ का उदघाटन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक करेंगे। ज्योतिष विशेषज्ञ महाकुम्भ में ज्योतिष के गूढ़ रहस्यों पर चर्चा करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अद्भुत विज्ञान और इसकी गहराई के बारे में सार्थक विमर्श करना और उसे ज्योतिष में रुचि रखने वालों तक पहुंचाना इस महोत्सव का उद्देश्य है। उद्घाटन के बाद ज्योतिष विषय विशेषज्ञ ज्योतिष और धर्म के बीच संबंधों पर चर्चा करेंगे। साथ ही ज्योतिष के साथ सामंजस्य बैठाते हुए कैसे इसे जीवन में उतारा जा सकता है। महोत्सव के दौरान प्रश्न-उत्तर का सत्र भी होगा। इसमें कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले प्रतिभागी अलग-अलग विषयों पर ज्योतिषाचार्यों से प्रश्न पूछ सकेंगे। एक और सत्र के दौरान ग्रहों के गोचर से राशि पर पड़ने वाले प्रभावों पर विमर्श किया जाएगा। ज्योतिष महाकुंभ में वक्ता के रूप में अनिल वत्स, जीडी वशिष्ठ, पंडित जयप्रकाश शर्मा, अजय लूथरा, संजीव श्रीवास्तव, दामोदर बंसल, अजय भांबी कई ज्योतिषाचार्य शामिल होंगे।

# शराब, गुटका को तो पैसे हैं, परंतु बेटियों के वैक्सीनेशन पर धन नहीं खर्च करते

## यदि लोग दहेज लेना छोड़ दें तो बेटियों को बचाया जा सकता है

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सभी लोग नौ से 14 वर्ष की बेटियों को वैक्सीनेशन कराएं। दो वैक्सीनेशन कराकर हम अपनी बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचा सकते हैं। वर्तमान समय में सर्वाइकल कैंसर बढ़ते जा रहे हैं। हम शराब, गुटका, मसाला खाने में तो पैसे खर्च करते हैं, परंतु बेटियों को वैक्सीनेशन लगाने की बात आती है तो उनके लिए पैसे खर्च नहीं करना चाहते। हमारे अंदर सेवा का भाव होना चाहिए। हमारे आसपास जो बच्चे हैं, वे टीबी या अन्य बीमारियों से ग्रस्त न हों। इस मुहिम में हम सभी को लगना होगा। उन्होंने यह बात गुरूवार को महाकुंभ में मोरारी बापू के द्वारा कही जा रही मानस कथा में मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कथा में प्रभु श्रीराम और उनके भाईयों के नामकरण की सुंदर व्याख्या की गई है। जब भी मैं जेल का भ्रमण करती हूं तो देखती हूं कि जितने भी कैदी आज जेल में हैं, उनमें 80 प्रतिशत दहेज के कारण हैं। अगर हम दहेज प्रथा छोड़ दें, तो हमारी बेटियों को बचाया जा सकता है। जमीन के लिए पिता-पुत्र के बीच विवाद होते हैं, जिससे लोग जेल में जा रहे हैं। इसलिये हमें उदारता से माता-पिता के साथ समझौता करना चाहिए। थर्ड जेंडर के लिए न तो स्कूल हैं, न पढ़ाई है। हम सब को मिलकर थर्ड जेंडर की शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय में कार्य करना होगा। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की सेवा की भी सराहना की। मोरारी बापू ने कहा कि महाकुंभ के दिव्य अवसर पर प्रयाग में प्रयोग किया जा रहा है। वर्तमान समय में क्लबवासी, कल्पवासी बन रहे हैं। मलूकपीठाधीश्वर राजेन्द्र दास ने कहा कि श्रीरामचरित्र मानस साक्षात प्रभु श्रीराम का चरित्र है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है , क्योंकि आज आज़ादी की बिगुल बजाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है।इस दौरान संतोषदास (सतुआ बाबा), साध्वी भगवती सरस्वती, आचार्य लोकेश मुनि, योगी स्वामी वचनानन्द के साथ ही मंत्री नंदगोपाल नंदी भी मौजूद रहे।

# उप्र के 51 नेता दिल्ली में करेंगे प्रचार, दो पूर्व मंत्री पहले से हैं मौजूद

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उप्र के लोगों को लुभाने के लिए यहां के स्थानीय नेताओं की ड्यूटी लगा दी है। उप्र के कई नेताओं की विधानसभावार पहले से ड्यूटी लगायी गयी है। वहीं गुरुवार से उप्र के 51 नेता दोपहर बाद से 51 विधान सभा क्षेत्रों में ड्यटी पर लग जाएंगे। इनका मुख्य काम उप्र के लोगों के बीच संपर्क करना और संगठन के लोगों के साथ बैठक कर रणनीति बनाना है। इससे पहले पूर्व मंत्री स्वाती सिंह और उपेन्द्र तिवारी जनवरी के प्रथम सप्ताह से ही प्रचार में लगे हुए हैं। गुरुवार से उप्र के जिन 51 नेताओं की 51 विधानसभाओं में ड्यूटी लगायी गयी है, उनमें प्रमुख रुप से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला को दिल्ली विधानसभा में विधायक प्रकाश द्विवेदी की मातीनगर में, आनंद स्वरूप शुक्ला की ड्यूटी लक्ष्मीनगर में, भूपेश चौबे का कालका जी में, गोविंद माधव की किराड़ी में, सुरेन्द्र चौरसिया की अंबेडकरनगर में, शलभमणि त्रिपाठी की माडल टाउन में, आशीष सिंह आशू की नई दिल्ली में ड्यूटी लगायी गयी है। इससे पूर्व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ओखला में जनवरी के प्रथम सप्ताह से ही प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। जब वहां प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ था, तब से वे प्रचार कर रही हैं।

पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी लक्ष्मीनगर में प्रचार कर रहे हैं। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला का कहना है कि हम पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। जहां ड्यूटी लगायी जाएगी, वहां जाना है। आज से हमारी ड्यूटी दिल्ली में लगी है। वहां दिल्ली कैंट में प्रचार करना है।

# वनमंत्री ने रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के रहमानखेड़ा जंगल और आसपास के 20 किमी एरिया में 50 दिनों से बाघ की दहशत है। टाइगर अब तक 15 शिकार कर चुका है। वन विभाग के एक्सपर्ट टीम की सारी कवायद फेल हो रही है। इस बीच राजधानी से सिर्फ 25 किमी दूर बाघ वाले एरिया में वन मंत्री को पहुंचने में 50 दिन लग गए। गुरुवार को प्रदेश के वन मंत्री अरुण सक्सेना रहमानखेड़ा के केंद्रीय उपोष्ण बागवानी (सीआईएसएच) संस्थान पहुंचे। वन विभाग के सीनियर अधिकारियों, रेस्क्यू टीम के एक्सपर्ट्स से मुलाकात की। साथ ही बाघ का सुरक्षित रेस्क्यू करने के निर्देश दिए।



इधर, बाघ लखनऊ के सीआईएसएच परिसर में पड़वा का शिकार करने के बाद फ्तेहनगर गांव की ओर निकल चुका है। बुधवार को गांव के पास बेहता नाला के किनारे खेतों में बाघ के पैरों के ताजे निशान मिले। मंगलवार को शिकार करने के बाद बाघ ने लोकेशन चेंज कर दी है और शिकार से करीब 10 किलोमीटर दूर पहुंच चुका है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पग चिह्नों की जांच की और बाघ की मौजूदगी बताई। ड्रोन कैमरे से तलाश की गई, लेकिन बाघ का कहीं पता नहीं चल सका।

डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय के अनुसार, संस्थान में भी बाघ के पग चिह्न मिले हैं। वन विभाग ने एक अस्थायी मचान बनाकर निगरानी शुरू कर दी है। बाघ को पकड़ने के लिए मीठे नगर की तरफपिंजरे में बकरी को बांधा गया है। वन विभाग की टीम बाघ के दोबारा शिकार वाली जगह पर लौटने की प्रतीक्षा कर रही है। सीसीएफ रेणु सिंह प्रतिदिन रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी कर रही हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले न निकलने और खेतों में समूह में जाने की सलाह दी है। टीमों को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग को भी यह डर है कि अगर बाघ ने इंसानी बस्तियों की तरफ रुख किया तो मुश्किल बढ़ जाएगी।

# अखिलेश यादव बोले, 'गुमनामी बाबा' के संग्रहालय को गुमनामी में जाने से रोके सरकार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या में बने 'गुमनामी बाबा' के संग्रहालय को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से आग्रह है कि सपा सरकार में अयोध्या में बने 'गुमनामी बाबा' के संग्रहालय का सही रखरखाव करें और उसे गुमनामी में जाने से रोके। दरअसल, समाजवादी पार्टी के शासन काल में 'गुमनामी बाबा' के नाम से संग्रहालय का विस्तार किया गया था। आप को बता दें कि अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में गुमनामी बाबा की गैलरी भी बनी है। इसमें रहस्यमयी बाबा के आवास रामभवन से मिली बड़ी संख्या में सामग्री को रखा गया है जो नेता जी सुभाष चंद्र बोस जुड़े हैं। इनमे दुर्लभ पुस्तकें ,घड़ी, अखबार की कटिंग के अलावा अन्य सामग्री हैं जो हाई कोर्ट के आदेश के बाद ट्रेजरी के डबल लॉक में रखे सामानों को राम कथा संग्रहालय में शिफ्ट किया गया था। इसकी इंवेंट्री तैयार करने में और शिफ्ट करने में कई हफ्ते लगे थे। हालांकि गुमनामी बाबा के सामानों की गैलरी बनी है। लेकिन कई साल बीतने के बाद भी अभी तक इसका लोकार्पण कर आमजन के लिए इसे खोला नहीं गया है।

# नेताजी का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल: सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नेताजी के देश के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल है। मुख्यमंत्री ने नेताजी के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने भारतवासियों के दिलों में देशभक्ति की ऐसी अलख जगाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम नेताजी की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। नेताजी का नाम हर भारतवासी के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी के योगदान को सम्मानित करते हुए 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह निर्णय नेताजी के प्रति देश की कृतज्ञता का प्रतीक है।

सीएम योगी ने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन के सबसे प्रतिष्ठित समय में सिविल सेवा की नौकरी को त्याग दिया, क्योंकि वह विदेशी हुकूमत के अधीन कार्य करना नहीं चाहते थे। यह कदम न केवल उनके देशप्रेम का परिचायक था, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। सीएम योगी ने युवाओं को राष्ट्रधर्म का महत्व समझाते हुए कहा कि हर नागरिक को जाति, मजहब, भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने करियर से आगे बढ़कर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। नेताजी का हर कदम युवाओं के लिए एक संदेश था।

# यूपी दिवस आज, आधा दर्जन लोगों को मिलेगा यूपी गौरव सम्मान: जयवीर

▸▸ उपराष्ट्रपति और सीएम योगी रहेंगे मौजूद

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी दिवस पर आधा दर्जन लोगों को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। लोकभवन में मीडिया से मुखातिब पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी दिवस 24 जनवरी से 26 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों, प्रदर्शनी आदि का आयोजन विभाग की तरफ से भी किया जा रहा है। अवध शिल्प ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में इस बार छह लोगों को यूपी गौरव सम्मान दिया जाएगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इसमें प्रत्येक को 11, 11 लाख रुपये और शील्ड आदि दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर 75 जिलों के ओडियोपी उत्पाद, खान पान, कला, संस्कृति का भी प्रदर्शन किया जायेगा। विकास व विरासतरू प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश का गौरवशाली इतिहास और वर्तमान दोनों दिखेगा। इससे जुड़ी प्रदर्शनी व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी को मतदाता जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम होंगे। लखनऊ के साथ ही नोएडा शिल्प ग्राम, महाकुंभ में विभाग के पंडाल और जिला मुख्यालयों पर भी आयोजन किया जाएगा। कुंभ में लोगों के रुकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की सवाल पर उन्होंने कहा कि काफी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं, हम उनके ठहरने का बेहतर प्रबंध करने का प्रयास कर रहे हैं।

# सपा महिला कार्यकर्ताओं का महंत राजू दास के खिलाफ प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में समाजवादी पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा के गेट नम्बर 3 के सामने जमकर हंगामा और नारेबाजी की। सपा कार्यकर्ता नारा लगा रही थे श्महंत नहीं गुंडा है, राजू दास की एक ही दवाई, जूता चप्पल और पिटाई। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर टिप्पणी के बाद राजू दास का चौतरफा विरोध हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने राजू दास की गिरफ्तारी की भी मांग की। प्रदर्शन कर रही महिला कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच में काफी देर तक संघर्ष चला। पुलिस ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को हिरासत में ले लिया। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेताजी के खिलाफ राजू दास ने शर्मनाक बयान दिया है। जिस भाषा का इस्तेमाल किया है वह बेहद घटिया है। देश के रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री, कई बार के सांसद और विधायक के प्रति ऐसा बयान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संवैधानिक पदों पर रहने वाले व्यक्ति का खुला अपमान करके कानून व्यवस्था को चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि इतनी घटिया मानसिकता रखने वाला व्यक्ति खुद को बाबा और महंत कहता है। देशभर के साधु संत राजू दास को तत्काल महंत समाज से बाहर करें। सपा नेता रामा यादव ने कहा कि महंत राजू दास संत नहीं बल्कि गुंडा है। नेताजी मुलायम सिंह यादव के खिलाफ जिस भाषा का इस्तेमाल किया है यह सभ्य समाज की बोली नहीं हो सकती। राजू दास जैसे लोगों की जगह जेल में होनी चाहिए। यह बेहद शर्मनाक है कि पद्म भूषण हासिल करने वाले देश के पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफइतनी घटिया बात कही। तत्काल राजू दास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और उसे जेल भेजा जाए। यह बेहद अफसोस नाक है कि यह घटिया आदमी खुलेआम कानून को चुनौती देने के बाद घूम रहा है।

# महाकुंभ: महाराज जी का योगदान अभूतपूर्व: पूजा पाल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज में जारी भव्य, दिव्य और नव्य महाकुंभ को लेकर लोगों ने तरह तरह की प्रतिक्रियाये की है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में एक महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से शुरू होकर अगले 26 फरवरी तक चलेगा। करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ के आयोजन को लेकर समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफकरते हुए कहा कि महाराज जी यानि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचार बहुत सुन्दर हैं, उनकी अगुवाई में आज हमारा उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। समाजवादी पार्टी नेता पूजा पाल ने कहा, जबसे उत्तर प्रदेश की बागडोर उनके हाथों में आई है, चारों तरफविकास हो रहा है। सबको प्रदेश सरकार का विकास कार्य जमीनी स्तर पर भी देखने को मिल रहा है। चायल विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल ने कहा, कुंभ की वजह से महाराज जी ने पूरे प्रयागराज का विकास किया है। आज हम गुंडा मुक्त कुंभ मना रहे हैं, इसके लिए महाराज जी का योगदान अभूतपूर्व है। पूजा पाल के जरिये सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर दिए गए इस बयान के बाद सियासी गलियारों में नई चर्चा शुरू हो गई है.। पूजा पाल वर्तमान में कौशांबी चायल विधानसभा सीट से सपा की विधायक हैं।वह तब सुर्खियों में आई जब उनके पति और बीएसपी विधायक राजू पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राजू पाल की हत्या के बाद, मोहम्मद अशरफजो हत्या के आरोपी थे, ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूजा पाल ने अशरफ को हरा दिया। पूजा पाल ने अपने पति की हत्या की सीबीआई जांच की मांग भी की थी। 2022 में उन्होंने समाजवादी पार्टी से चायल विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।2022 के विधानसभा चुनाव में अपने शपथ पत्र में पति के नाम के आगे बृजेश वर्मा का नाम लिखा, जिसके बाद अंतरजातीय विवाह करने को लेकर विवाद शुरू हो गया।

# महाकुंभ में भारी अव्यवस्था: अजय राय

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष × पूर्व मंत्री अजय राय और प्रयागराज से कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह ने प्रेसवार्ता कर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार पर महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों के लिए इंतजामों में बरती जा रही उदासीनता और महाकुंभ की आधी अधूरी तैयारी पर सवाल खड़ा किया है , सांसद उज्जवल रमण सिंह ने सरकार और अधिकारियों द्वारा साधु संतों और श्रद्धालुओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार और पूरा अधिकारी तंत्र सिर्फ वी.आई.पी. लोगों की मेहमान नवाजी और फोटो खिंचवाने में लगा हुआ है जिस वजह से आम श्रद्धालु भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं, प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सरकार द्वारा महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और महाकुंभ के बाद इसे तथ्यों और आंकड़ों के साथ उजागर करने की बात कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह के साथ प्रेस वार्ता



में मुख्य रूप से मीडिया वाइस चेयरमैन डॉ मनीष श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी , प्रियंका गुप्ता,_ सचिन रावत, सुधा मिश्रा एवं सेवादल के प्रदेश संगठन प्रमोद पांडे उपस्थित रहे ।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा महाकुंभ के नाम पर बड़े स्तर की तैयारी का दावा करके सरकार सभी को भ्रमित करने का काम कर रही है, कैबिनेट बैठक पर सवाल करते हुए अजय राय ने कहा कि आस्था और अध्यात्म के पावन महासंगम स्थल पर कैबिनेट का ड्रामा कर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को ईवेंट बना दिया है। सरकार ने महाकुंभ की परम्पराओं को बदल दिया है। महाकुंभ में व्यवस्था के नाम पर गुजराती कंपनियों को ठेका देकर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है।_ महाकुंभ में कैबिनेट मीटिंग कर धार्मिक और आस्था के आयोजन में राजनैतिक संदेश दिया जा रहा है ।

सांसद उज्जवल रमण सिंह ने सरकार को भ्रष्टाचार पर घेरते हुए कहा भ्रष्टाचार की नींव तो बहुत पहले से ही डाल दी गई थी जब 200 करोड़ के साल की लड़की जो पीपे के पुल बनाने में स्लीपर का काम करते हैं उसकी हमेशा सप्लाई राज्य सरकारो के वन विभागों करायी जाती थी, ञ्जद्गठ्ठस्रद्गह्ल ह्य1ह्ल ह्य ह्य1ह्ल होता था, जो कि अबकी निजी कई फर्मों में अवैध एवं गैर कानूनी तरह से बांट दिया गया। जिसका नतीजा हुआ समय से स्लीपर की सप्लाई नहीं हो पाई और हुये भी वो रद्दी क्वालिटी के जिससें शुरुआत में बनते ही टूट गये_।

उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि 2019 के कुंभ में भाजपा सरकार द्वारा कहा गया था कि कि महाकुंभ 2025 तक मेट्रो चलने लगेगी लेकिन मेट्रो का अता पता नही है, गंगा नदी पर छह लेन पुल कुम्भ से पहले बनकर तैयार हो जाएगा, यह घोषणा हुआ था पर वो भी अधूरा रह गया जिसका खामियाजा राजकीय कोष पर पड़ा जब 60 करोड़ से स्टील ब्रिज का निर्माण हुआ उसी स्थान पर सिर्फ 60 दिन के लिए इस नुकसान का जिम्मेदार कौन हैं और जबाब देही किसकी है? सांसद ने महाकुंभ की तैयारियों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सड़क निर्माण भी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया। हर कुम्भ में मोहल्लों की गली नाली तक बनती थीं इस बार तो मुख्य सड़क व चौराहे को भी नहीं छुआ गया।

# पसमांदा मुस्लिम समाज ने लिखा केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए एक विस्तृत पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने विशेष रूप से पसमांदा मुसलमानों, अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्गों के शैक्षिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को प्राथमिकता देने वाले सुझाव दिए हैं। अनीस मंसूरी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का शिक्षा पर वर्तमान व्यय सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 2.9त्न है, जो वैश्विक मानकों से काफी कम है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप शिक्षा बजट को जीडीपी के 6त्न तक बढ़ाने की अपील की। उन्होंने शिक्षा के निजीकरण पर रोक लगाने और इसे प्रत्येक नागरिक के लिए सुलभ बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया।



मंसूरी ने आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी और मेडिकल कॉलेजों जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की फीस में कमी का सुझाव दिया, जिससे ये संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए भी सुलभ हो सकें। उन्होंने छात्रवृत्ति योजनाओं की संख्या और राशि दोनों बढ़ाने की सिफारिश की और उच्च शिक्षा संस्थानों में बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, और डिजिटल पुस्तकालयों के विकास के लिए अधिक धनराशि आवंटित करने की मांग की।

उन्होंने अनुसंधान और फेलोशिप अनुदान में पर्याप्त वृद्धि के साथ-साथ पसमांदा तबके के लोगों के लिए योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। मंसूरी ने पसमांदा मुसलमानों और अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीण इलाकों में नए स्कूल खोलने का आह्वान किया। पसमांदा मुसलमानों के पारंपरिक शिल्प और कौशल के विकास के लिए, जैसे भदोही में कालीन बुनाई, मुरादाबाद में धातुकर्म, और बीदर में बिदरी कला,सीतापुर के दरी, अलीगढ के ताले आदि,मंसूरी ने अनुसंधान और शिक्षा के लिए समर्पित विश्वविद्यालयों की स्थापना और इन क्षेत्रों में कौशल-आधारित डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने की सिफारिश की। अनीस मंसूरी ने पसमांदा मुसलमानों के क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए, उन्होंने विशेष शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम और परामर्श केंद्रों की स्थापना पर जोर दिया।

## इको कार ने खोखे में मारी टक्कर





लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** गुरुवार को अलीगंज में केलठा चौराहे पर रखा खोका को नशे की हालत में वेकाबू इको गाड़ी से टक्कर मार दी टक्कर लगते ही खोखा क्षतिग्रस्त हो गया वही पास में बंधे जानवर भी चुटेल हो गए कोतवाली अलीगंज में केलठा निवासी अमर सिंह पुत्र अभिलाख सिंह ने तहरीर देते हुऐ बताया कि प्राथी के घर के सामने परचून का खोखा है स्वयं खोखे पर बैठा था सरोठ मार्ग से तेज गति से आ रही इको कार ने मेरे खोखे में टक्कर मार दी बताया गया कि चालक शराब के नशे में था गाड़ी की स्पीड भी काफ़ी तेज थी टककर लगने से मेरा खोखा व सामान टूट गया कई लोग बाल बाल बच गए प्रत्यक्ष दर्शयो का कहना है जैसे ही इको गाड़ी की टक्कर खोखे में लगी तो एक तेज आवाज हुई और भिड़ एकत्रित हो गयी गांव वालों ने गाड़ी के चालक को पकड़ लिया पकड़े गए युवक ने अपना नाम रितेश बताया वह गाड़ी को चलना सिख रहा था मोके पर पहुंची पुलिस ने युवक रितेश व उसकी इको गाड़ी को कब्जे में लें लिया है युवक अलीगंज का ही रहने बाला है यदि कोई और वाहन आ जाता तो घटना और घटित हो जाती लेकिन सब ठीक रहा.कोई ज्यादा नुकसान नहीं है।

## नालियों में गंदा घरों में घुसा, लोग परेशान

### पाइपलाइन डालने के बाद खुदी छोड़ी गयी थी गली, कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं की गई गली की मरम्मत

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज में जल निगम द्वारा घर घर पेय जल आपूर्ती हेतु पाइप लाइन डाली गयी थी लेकिन जगह जगह पानी की पाईप लाइन के लोगों व दुपहिया वाहनों का निकलना दूभर हो गया वही जगह जगह खुदी गलियों में जगह जगह गंदा पानी भर रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मोन बने हुऐ है. अलीगंज में पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कें व गलियां मरम्मत न होने से परेशानी का सबब बनी हुईं हैं आए दिन गलियों में पानी भर जाता है जिसका है आने जाने वालों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है सबसे ज्यादा समस्या स्कूली बच्चों को होती है इसके बावजूद सुधार की दिशा में जिम्मेदार कदम नहीं उठा रहे हैं बताते चले कि कस्बे मे हर घर पानी की आपूर्ति के लिए जलजीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए मुख्य सड़क के अलावा गली-मोहल्लों तक सड़क को खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा



रही है। आमजन की सुविधा का ध्यान रखते हुए शासन की ओर से खोदी गई सड़कों की शीघ्र ही मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए, लेकिन अफसरों की ओर से इसको लेकर गंभीरता नहीं बरती गई। अलीगंज के मोहल्ला काजी वार्ड नंबर 1 में पानी की पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई इंटरलॉकिंग सड़क की अभी तक कोई भी मरम्मत नहीं की गई है करेगी एक माह से स्थानीय लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है सड़क खुद ही होने के चलते घरों से निकलने वाला पानी गली में भर जाता है जिस कारण लोगों के निकलने के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार संबंधित अधिकारियों से वार्ड की गली की मरम्मत करने के लिए कहा गया लेकिन समस्या का कोई भी समाधान नहीं हुआ। पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है। इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को झेलना पड़ रहा है।

### नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्ड के लोगों ने बताया

मोहला काजी कि शोभा यादव का कहना है कि एक महापूर्व पाइपलाइन डालने के लिए गली को खुद गया था लेकिन पाइपलाइन डलने के बाद भी गली की मरम्मत नहीं की गई जिस कारण स्थानीय लोगों को समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है।

राजीव यादव का कहना है कि गली क्षतिग्रस्त होने के चलते आए दिन लोग चुटैल होते रहते हैं समस्या के समाधान के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन फिर भी कोई सुधार नहीं हो सका है।

वार्ड मेंबर मनोज राठौर ने बताया कि कई बार जल निगम के अधिकारियों से संबंधित शिकायत की लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिशासी अधिकारी अलीगंज नगर पालिका कृष्ण प्रताप सरल का कहना है कि मुझे जानकारी दी गयी थी कि घरों व नाले नालियों में गंदा पानी भर गया है मेने मोके पर जेसीबी व कर्मचारियों को भेजा साफ सफाई की व्यस्था शुरआत करवाई गयी।जल निगम के जेई आदर्श कुमार कहना है कि जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा काम की शुरआत हो गयी है जिससे लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। जल निगम के एक्सीयन तारिक अली का कहना है जल निगम द्वारा जिन जगहों पर सड़क व गली टूटी पड़ी है जल्द ही एक दो दिन में कार्य करवाया जायेगा मामला मेरे संज्ञान में है कार्य की शुरूआत करवा दी है।

## दीनदयालपुरी में युवक की गोली मारकर नृशंस हत्या

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नंदग्राम की दीनदयालपुरी में बुधवार की रात करीब नौ बजे चंचल कुमार (34) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर के बाहर टहल रहे थे। आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ लोग बाइक पर आए। उन्होंने चंचल को देखते ही गोली मार दी। इसके बाद तमंचा और पिस्टल लहराते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनकी तलाश करने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक छानबीन में हत्या की वजह पुरानी रंजिश होना सामने आई है।

तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि चंचल कुमार रात का खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे। वह घर से 100 मीटर दूर पहुंचे थे कि बाइक पर तीन युवक आ गए। तीनों ने चंचल को घेर लिया और तेज आवाज में बोलने लगे। कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले ही उन्होंने



गोली चला दी। एक गोली उनके सीने पर मारी गई। वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। इसके बाद हमलावर भाग निकले। सूचना पर एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा, सिहानी गेट और विजयनगर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित परिजनों से पूछताछ कर आरोपियों के घर दबिश दी। हालांकि घर पर आरोपी के परिजनों में से केवल महिलाएं मिली।एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि डेढ़ साल पहले मृतक चंचल के छोटे भाई कुलदीप ने नई बस्ती निवासी गौरव को गोली मार दी थी। गौरव की बमुश्किल जान बची थी। इसके बाद से दोनों परिवारों में रंजिश चली आ रही है। लोगों ने बताया है कि इसी रंजिश में यह वारदात की गई है।

## एटा महोत्सव का मुख्य विकास अधिकारी ने किया दौरा




लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** महोत्सव के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के स्टाल पर जिला मुख्य विकास अधिकारी एंव डीडीओ ने भ्रमण किया। इस मौके पर दोनो ने बेसिक शिक्षा से संबंधित योजनाओं और परियोजनाओं पर चर्चा की और विभाग द्वारा किए गए कार्यों को सराहा। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा, ÷बेसिक शिक्षा में सुधार के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। यह आवश्यक है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, ताकि वे भविष्य में समाज और राष्ट्र के लिए योगदान दे सकें।÷ उन्होंने शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए अधिकारियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की। साथ ही विद्यालय में किया जा रहे शून्य निवेश नवाचार, मिशन शिक्षण संवाद के अंतर्गत बच्चों को दी जा रही नि÷शुल्क शैक्षणिक सामग्री की प्रशंसा की। जसवंत यादव (जनरलिस्ट) ने भी शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते संसाधनों के विषय में कहा, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करके बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ गर्भ शिक्षा के दिशा में कदम उठाने होंगे।

उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक नवाचार होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के स्टाल में विभिन्न योजनाओं, जैसे शिक्षा का अधिकार और समावेशी शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर प्रकृति मित्र अभियान के अंतर्गत जिला संयोजिका अनुपमा द्विवेदी एवं साथ में नीतू सिंह ओमवीर सिंह, कविता सिंह शौर्या मिश्रा, गुंजन शिक्षकों ने मिलकर सीडीओ एंव डी डी ओ को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा भी बेसिक के स्टॉल पर भ्रमण कर व्यस्थाओं की देख रेख की।

## जैथरा धुमरी अलीगंज नगरों की हिंदू युवा वाहिनी की टीम गठित



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** गुरुवार को हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौर, प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्धराज सिंह, हिन्दू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मोहित पाठक, ब्रजप्रान्त अध्यक्ष संजीव गौड़ व मण्डल अध्यक्ष ललित वर्मा ने गुरुवार को हिन्दू युवा वाहिनी परिवार मे जैथरा धुमरी अलीगंज नगरों में काफी लोगों को पदभार ग्रहण कराया गया। दीपक मिश्रा को जिला मंत्री एटा मनोनीत किया गया।

सचिन गुप्ता भामाशाह जी को नगर अध्यक्ष जैथरा मनोनीत किया गया।सचिन गुप्ता जी को नगर महामंत्री जैथरा मनोनीत किया गया। नीरज गुप्ता ऊर्फ चुन्नालाल जी को नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जैथरा मनोनीत किया गया।अनुज जैथि जी को नगर कोषाअध्यक्ष मनोनीत किया गया। सुबेक गुप्ता को नगर अध्यक्ष धुमरी मनोनीत किया गया।

आकाश मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष धुमरी मनोनीत किया गया। रितिक गुप्ता जी को नगर महामंत्री धुमरी मनोनीत किया गया। लोकेश कुमार जी को नगर मंत्री धुमरी मनोनीत किया गया। पुष्पेंद्र कुमार जी को ब्लॉक अध्यक्ष अलीगंज मनोनीत किया गया।

## राम स्तुति ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शन के भव्य पंडाल में आयोजित विराट जनपदीय कवि सज्मेलन में कवि प्रशांत प्रताप की प्रस्तुति ने श्रोताओं को विशेष रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भावपूर्ण राम स्तुति राम राम राम बोलो, जय सिया राम बोलो ने आयोजन स्थल को भगवान राम के प्रति गहरी भक्ति में डूबो दिया। यह कार्यक्रम राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कवि प्रशांत प्रताप सिंह ने अपनी रचना के माध्यम से भगवान राम के जीवन, उनके गुण और उनकी दिव्यता का बखान करते हुए श्रोताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने अपनी कविता में कहा, राम नाम तारता है, अवगुणों को मारता है, राम का ही नित गुणगान करते रहो। इस कविता ने भगवान राम के मर्यादित, धैर्यवान और गुणवान चरित्र को उजागर किया और उनके आदर्शों का मूल्यांकन करते हुए




श्रोताओं को प्रबुद्ध किया। कवि ने अपनी प्रस्तुति में रामायण और भगवान राम के जीवन से जुड़े कई प्रसंगों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, दशरथ दुलारे, माता कौशल्या के प्यारे, कई यज्ञों का फ्ल और परिणाम श्री राम है। उनके शब्दों ने न केवल भगवान राम के व्यक्तित्व को उजागर किया, बल्कि दर्शकों के दिलों में राम के प्रति श्रद्धा और आस्था को और भी प्रगाढ़ किया। कार्यक्रम के अंत में पूरा पंडाल जय सिया राम के गगनचुंबी नारों से गूंज उठा। यह प्रस्तुति न केवल धार्मिक उत्साह का संचार करने वाली थी, बल्कि भगवान राम के प्रति आस्था को और अधिक मजबूत करने वाली साबित हुई। महोत्सव में इस प्रकार की भव्य और भावुक प्रस्तुतियों ने न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बल दिया, बल्कि शहरवासियों के दिलों में भक्ति और संस्कृति के प्रति गर्व की एटा। भावना भी उत्पन्न की।

कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन न सिर्फ क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक एकता को भी सशक्त करते हैं। संयोजक ने आगंतुकों का अभार व्यक्त किया।

## नक्शे के विपरीत हो रहे निर्माण को आवास विकास ने किया ध्वस्त



लोकमित्र ब्यूरो

**वसुंधरा।** नक्शे के विपरीत हो रहे निर्माण को बुधवार शाम आवास विकास परिषद ने तोड़ गिराया। विभागीय टीम ने सेक्टर-पांच और 12 में कार्रवाई की। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार मित्तल ने बताया कि पूर्व में कई बार सभी को नोटिस दिया जा चुका था, बावजूद इसके बिल्डर चोरी-छिपे निर्माण कर रहे थे। वसुंधरा योजना में अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सेक्टर -पांच और 12 में तीन भूखंडों पर अवैध निर्माण किया गया था। बिल्डर को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे, जिसका जवाब नहीं मिला। सूचना मिलने पर प्रवर्तन दल ने पुलिस बल के साथ जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मोत्सव समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने अपने कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिवस समारोह आयोजित किया जिसमें नेताजी की फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्र के लिए किए गए उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया।

पार्टी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव जी के निधन के बाद यह पहली मीटिंग पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई थी, सबसे पहले उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद समारोह की अध्यक्षता सुभाषवादी पार्टी के संस्थापक सतेन्द्र यादव ने की।उन्होंने नेताजी की फोटो पर माल्यार्पण करने के बाद कहा की नेता जी ने इस देश की आजादी के लिए बहुत योगदान दिया है जँहा महात्मा गांधी ने अहिंसा को आजादी के लिए अपना हथियार बनाया वही नेता जी ने अंग्रेजों को




उन्ही की जबान में समझाने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। इस अवसर पर बोलते हुए सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के मुरादनगर से पूर्व विधायक-प्रत्याशी मनोज कुमार शर्मा ÷हौदिया÷ ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस जी ने देश की महिलाओं और युवाओं से देश की आजादी में भाग लेने के लिए कहा और तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दुँगा का नारा दिया उनके इस आह्वान पर लाखों की संख्या में युवाओ और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विधी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री बी एल बत्रा जी ने नेताजी के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी के नाम से गांधी ब्रिगेड बनाई थी और पहली बार गांधी जी को राष्ट्रपिता कह कर संबोधित किया था गांधी जी और नेताजी में कोई मतभेद नहीं था दोनों का ही एकमात्र लक्ष्य भारत देश की आजादी था। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा बबीता डागर जी ने नेताजी को याद करते हुए बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनके विचारों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया।

दिल्ली की सड़क स्वतंत्रता की सड़क है। इस कथन के माध्यम से उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

पूर्व साहिबाबाद विधायक प्रत्याशी सुजीत तिवारी ने बताया कि नेताजी कहा करते थे, ÷आशा की कोई न कोई किरण होती है, जो हमें कभी जीवन से भटकने नहीं देती।

नेताजी ने आशावाद का महत्व बताते हुए कहा कि हमें कभी भी उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। इसके अलावा कैप्टन गोपाल सिंह, डॉ राजीव श्रीवास्तव, रोहित कसाना, जे पी द्विवेदी, सतपाल यादव एडवोकेट ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संघर्ष के बारे में बताया।इस अवसर पर अनिल सिंह, राजेश्वर यादव, संजय शास्त्री, अनुपम अग्रवाल, धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, राजेंद्र गौतम, राजेंद्र यादव, राम नरेश ठाकुर, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, गौरव यादव, मयंक ग्रोवर, सुजीत तिवारी, पवन कुमार सक्सैना, रवि राणा, गोपाल सिंह, हरीश शर्मा, जगदीश गोयल, रोहित, रिंकू, अक्षय, दीपक वर्मा, नवीन, विकास, प्रिंस, विवेक राणा, अक्षय ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन गो तस्कर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मंगलवार देर रात एयरपोर्ट जंगल के पास से तीन गोकशी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मेरठ के लिसाड़ी गेट स्थित लख्खीपुरा निवासी परवेज, शाहजहांपुर निवासी मेहताब और फतेहपुर के ज्वालागंज स्थित तुरावली निवासी शमशेर शामिल हैं। तीनों आरोपी गाय पकड़कर ले जाने के लिए ट्रक लेकर पहुंचे थे। मुठभेड़ में आरोपी परवेज के पैर में गोली लगी है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि परवेज मेहताब और शमशेर कुछ दिनों पहले काका फार्म के पास हुई गोकशी के मामले में आरोपी थे। मंगलवार रात तीनों ट्रक लेकर एयरपोर्ट जंगल की तरफ खड़े थे और गाय बांधकर ले जा रहे थे।

मुखबिर की सूचना पर टीलामोड़ थाना पुलिस और स्वाट टीम मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। वहीं, मेहताब और शमशेर ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें भी पुलिस ने पकड़ लिया। तीनों ने पूछताछ में काका फार्म के पास गोकशी करने और गो तस्करी के लिए गाय ले जाने की बात स्वीकार की है।

## टीएचए में बन रहे हैं 33 केवी के दो सबस्टेशन

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** टीएचए में ऊर्जा निगम की तरफ से निर्बाध बिजली आपूर्ति की लिए दो नए सब स्टेशन बनाने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। 33 केवी का एक सब स्टेशन हिंडन एयरपोर्ट के पास व दूसरा नूरनगर में बनने जा रहा है। इसके बनने से यहां के 20 हजार से अधिक लोगों को बिजली आपूर्ति की समस्याओं से निजात मिलेगी। साथी ही इसके बनने के बाद राजेंद्रनगर व लाजपतनगर सब स्टेशनों का लोड कम होगा। इन दो स्टेशनों को बनाने का कुल बजट 13.5 करोड़ है।

बढ़ते ओवरलोडिंग का कारण डिवीजन तीन में दो सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसके बनने से 20 हजार लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग तेजी से बढ़ने के कारण ओवरलोडिंग एक बड़ी समस्या बन जाती है। इससे बिजली कटौती की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे स्थानीय



निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए ऊर्जा निगम द्वारा हिंडन एयरपोर्ट के पास व नूर नगर में सब स्टेशन बनाने काम शुरू कर दिया है। बढ़ते ओवरलोड के कारण राजेंद्रनगर, लाजपतनगर, मोहननगर, सिहानी, नंदग्राम में बिजली कटौती की समस्या बढ़ती जा रही है।

इससे लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित होते है। इससे ध्यान में रखते हुए हिंडन एयरपोर्ट के पास व नूरनगर में 33 केवी का नया सब स्टेशन बनाया जा रहा है। इससे 20 हजार से अधिक उपभोक्ता को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी।

मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल के अनुसार बढ़ते ओवरलोड को देखते हुए गर्मियों से पहले हिंडन एयरपोर्ट के पास व नूरनगर में दो सब स्टेशन बनाने का लिए केवल लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। इनके बनने से लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी।

## पुलिस और गो तस्करों के बीच हुई मुठभेड़, एक बदमाश हुआ घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**मोदीनगर।** पुलिस व गो तस्करों के बीच बुधवार देर रात मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गए, जबकि तीन चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों की तलाश के लिए लिए चार टीमों का गठन किया गया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया देर रात एक बजे के आसपास भोजपुर पुलिस गश्त कर रही थी। जब वह दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे अण्डरपास के नीचे पहुंची तो एक कार खड़ी हुई थी। जिसमें चार व्यक्ति बैठे हुए थे । पुलिस द्वारा जब उनसे वहां बैठने का कारण पूछने का प्रयास किया गया तो चारों बदमाश निकल कर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों और से कई राउंड फायरिंग हुई। जिसमें से एक बदमाश के पैर में गोली लगी तथा अन्य



तीन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में फरार हो गए। जिनकी तलाश की जा रही है। घायल बदमाश ने अपना नाम रोशन पुत्र वकील ग्राम कलछीना थाना भोजपुर बताया और फरार साथियों के नाम हबीब, हनीफ व काले बताया है। पुलिस पूछताछ पकड़े गए बदमाश ने बताया कि बताया कि वह गौकशी करने की फिराक में आये हुए थे और इसने अपने अन्य साथियों के साथ एक माह पहले भी गौकशी की थी। इसी कार से गौमांस परिवहन करने में इसी गाड़ी का प्रयोग किया था। गाड़ी की तलाशी से गौकशी करने के औजार बरामद हुए है।

## टीबी के प्रति समाज को किया जागरूक




लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज, आगरा में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया।

रैली की संयोजक डा0 रेनू अग्रवाल नोडल अधिकारी, पब्लिक हेल्थ, एन.टी.ई.पी. एवं आचार्य और विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग रहीं।

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक एवं जनजागरूकता संदेशों के माध्यम से टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के प्रति जानकारी प्रदान की गई। साथ ही टीबी उन्मूलन के इस अभियान में सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज के सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे इस गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

यह रैली जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका के उद्देश्य से की गयी ।

प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता ने कहा कि टीबी उन्मूलन हेतु समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक उचित चिकित्सा सुविधा, सुलभ जांच एवं दवाओं की सहज उपलब्ध कराने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

उक्त रैली में प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता (प्राचार्य एवम् डीन) ,डॉ. संतोष कुमार (प्रोफेसर), डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, टी.बी. चेस्ट विभाग), डॉ. मनीषा, डॉ. हिमालय सिंह, रेजिडेंट डॉक्टर और अंडरग्रेजुएट छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली की परेड में शामिल होंगी प्रधान अल्लापुर रानीमऊ



**रामनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परेड मे ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत अल्लापुर रानीमऊ की ग्राम प्रधान अर्चना शर्मा अपने पति बृजेश शर्मा के साथ शामिल होंगी।प्रदेश सरकार द्वारा जारी हुई सूची में दोनो का नाम आया है जिसकी सूचना पाकर दोनो लोग रवाना हो गए हैं। प्रधान व उनके पति 24 जनवरी की शाम को दिल्ली पहुंचेगी फिर 25 जनवरी को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के ऑफिसर इंस्टिट्यूट मे आयोजित कार्यक्रम स्पेशल गेस्ट टू रिपब्लिक डे में भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्री व अधिकारियो के साथ शामिल होंगी। इसके बाद 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में शामिल होकर बाराबंकी जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्लॉक रामनगर क का गौरव बढ़ाएंगी। इसके पूर्व इन्हे मुख्यमंत्री पुरस्कार भी मिल चुका है व राज्य स्तर पर आयोजित सेमिनारो में भी हिस्सा ले चुकी हैं।

## हर्षोल्लास से मनाया गया शौर्य दिवस




**बाराबंकी।** आज शौर्य दिवस व नेता सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में नगर के छाया चौराहे पर स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मिष्ठान वितरण किया गया। अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र गौरव नेता जी द्वारा गठित अजेय सेना के पराक्रम से ब्रिटिश सत्ता का पूरा साम्राज्य हिल गया तथा अंग्रेजों को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, योगेन्द्र गुप्ता, अनन्तराम वर्मा, अरविंद वर्मा, अर्चना सैनी, रिषि शर्मा,शरद श्रीवास्तव, अधिवक्ता राजा तिवारी, राजेश वर्मा, विकास श्रीवास्तव, पूर्व सभासद अजय तिवारी, राजीव श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर जगमगाए दीपक



**असोहा,उन्नाव।** काफी प्रतिक्षा के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से उत्साहित लोगों ने 1 वर्ष पूरे होने पर जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर भंडारे के आयोजन कर प्रसाद वितरण किया 1 वर्ष पूर्व न्यायालय के आदेश के बाद भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय दिखा उल्लास 1 वर्ष बाद भी कायम दिखाई दिया जैसे बनवास से घरआने के बाद घर-घर दीपक जलाकर लोगों ने दीपावली मनाई थी उसी प्रकार प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर लोगों ने देव दीपावली मनाई लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों घरों व देवालयों पर दीपक जलाकर प्रकाश प्रकाशित किया तथा लोगों ने पटाखे भी फोड़ भंडारे के भी आयोजन किए गए हवन के बाद प्रसाद का वितरण हुआ रामचरितमानस का सुंदरकांड पाठ भी किया गया क्या बच्चे क्या बूढ़े सभी ने वर्षगांठ पर खुशी का इजहार किया सुबह से लोग तैयारी में व्यस्त देखे गए आज के दिन उत्तर भारत में यह पर्व दीपावली से कम नहीं रहा।

## विराट बौद्ध धम्म सम्मेलन आज



**एटा।** शुक्रवार को विराट बौद्ध धम्म सम्मेलन का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की सह संयोजिका श्रीमती भावना सिंह ने बताया है कि अलीगढ़ और आगरा के धम्म के ज्ञानी पधार रहे है। जनपद वासियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रदर्शनी पंडाल में पहुंचकर धम्म लाभ कमाने का काम करें।

## डिग्री कॉलेज से छात्र की मोटरसाइकिल चोरी

**अमेठी।** नगर पंचायत अमेठी के प्रतापगढ रोड पर स्थित रणवीर रणञ्जय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र सक्षम बरनवाल पुत्र संजय बरनवाल बीए मे पढता है। इतिहास द्वितीय की परीक्षा देने कॉलेज मे आया था। लेकिन मोटरसाइकिल यूपी-36-यफ-9325 हीरो- यचफ- डीलक्स वाहन परीक्षा देने के बाद वापस लौटा। तो बाईक चोरी हो गई थी।मामले की तहरीर थाना कोतवाली अमेठी मे दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने कहा कि अभी मामले की जांच होगी। थाना प्रभारी ने बताया कि बाईक के चोरी होने की तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल हो रही है। गौरतलब है। कि भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री डा संजय सिंह के डिग्री कॉलेज से बाईक चोरी हो रही है। अब भाजपा नेता का संस्थान सुरक्षित नही है। चोरो ने पैठ बना ली है।

## सड़क मार्ग जर्जर, पुलिया टूटी,राहगीर परेशान

**अमेठी।** अमेठी जिले के अमेठी-दुर्गापुर रोड से राजापुर (गुगवाछ)से मडौली को जोडने सड़क मार्ग जर्जर हो चली है। सड़क मार्ग जगह जगह धस गयी है। गडढे उभर आए है।भरेथा ड्रेन की पुलिया सरायपान के समीप ध्वस्त हो चली है। राजापुर मार्ग से आने जाने लोग सडक पर गिर कर चोटिहिल हो रही है। सड़क मार्ग के किनारे झडिया उगी है। अवर अभियन्ता से ग्रामीणो ने शिकायत की है। राहगीरो ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी निशा अनन्त से की है।

## सचिव के खिलाफ पीड़ित पहुंचा न्यायालय

**अमेठी।** जिले के विकास खण्ड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत तारापुर मे पीएम आवास को लेकर घमासान मचा है। जो कि थमने का नाम नही ले रहा है। ग्राम पंचायत के प्रधान प्रेम कुमार निर्मल ने सोशल साइट्स पर खबर चलने पर अपने आप को पाक साफ जताने के साथ थाना संग्रामपुर मे मुकदमा दर्ज करवाया। जिसमे इलाके के ग्राम पंचायत के प्रधान शमिल हुए। थानाध्यक्ष संग्रामपुर पर दबाव बना कर मुकदमा दर्ज कराने मे कामयाब रहे। इधर पीड़ित के मोबाइल नंबर पर ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी प्रबीण कुमार ने 5000 रूपये भेज कर और रंग भर दिया। पुलिस कुछ करती इसके पहले सोशल साइट्स को संज्ञान लेते हुए पीएम आवास के मामले मे जिले के परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी प्रवीण कुमार का अस्थाई वेतन बृद्धि पर रोक लगा दी। राजेश कुमार अनुसूचित ने ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी तारापुर से सोशल साइट्स के मालिक त्रिपुरारी के फोन पे पर रूपये भेजने की बात कही। तो ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी ने राजेश कुमार अनुसूचित को लात घूसो से मारा पीटा। जाति सूचक गाली-गलौज की। अब मामले ने और तूल पकड लिया है।

# मेडिकल स्टोरों पर बाल श्रम विभाग ने जाकर दिये निर्देश

लोक मित्र संवाद



**शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरुवार को बाल श्रम विभाग ने शुक्लागंज में एक विशेष अभियान चलाया, जिसका मुख्य उद्देश्य मेडिकल स्टोरों पर बहके हुए किशोरों को नशीली दवाइयां बेचने पर रोक लगाना और बाल श्रम का रोकथाम करना था। यह अभियान बाल श्रम और नशीली दवाइयों के दुरुपयोग से बच्चों को बचाने के लिए किया गया। बाल श्रम विभाग की टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया, खासकर पोनी रोड और फोरलेन इलाके के स्टोरों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान विभाग की टीम ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बच्चों को नशे की दवाइयां किसी भी स्थिति में न बेचें, चाहे वह पर्ची पर ही क्यों न हो। टीम ने यह भी बताया कि यदि किसी परिजन द्वारा बच्चा दवाई लेने आता है तो मेडिकल स्टोर संचालक को परिजन का नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज करके उसकी पूरी जांच करनी होगी।

इस दौरान, बाल श्रम विभाग के एसआई अनिल कुमार सिंह और कांस्टेबल नेहा सिंह ने मेडिकल स्टोर संचालकों को समझाया कि बच्चों को नशीली दवाइयों से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके अलावा, टीम ने बाल श्रम के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए दुकानदारों को बाल श्रम के कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। टीम ने यह स्पष्ट किया कि अगर किसी दुकानदार या मेडिकल स्टोर संचालक ने विभाग के निर्देशों का उल्लंघन किया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान न केवल मेडिकल स्टोरों पर बल्कि अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी प्रभावी था, जहां बाल श्रम की संभावना हो सकती थी।

विभाग ने दुकानदारों को यह चेतावनी दी कि वे बाल श्रम को बढ़ावा न दें और किसी भी परिस्थिति में बच्चों से काम न कराएं। बाल श्रम विभाग ने बताया कि यह अभियान केवल एक शुरुआत है और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। दवाइयों के दुरुपयोग से बचाना और बाल श्रम को पूरी तरह से समाप्त करना है। विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं पर बच्चों को नशीली दवाइयां बेची जाती हैं या बाल श्रम होता है, तो वे तुरंत विभाग को सूचित करें। इस तरह की कार्रवाई से बाल श्रम और नशे की दवाइयों का दुरुपयोग रोकने में मदद मिलेगी और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

## विद्यार्थियों सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा की ली शपथ




लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा की शपथ ली तथा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में विद्यालय के छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर शपथ दिलाई गई तथा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। एसएसपी एटा श्री श्याम नारायण सिंह द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था।मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्रों ने यातायात के बुनियादी नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसमें दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट का उपयोग और यातायात संकेतों का कड़ाई से पालन करने जैसे आवश्यक बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर एसएसपी श्याम नारायण सिंह के साथ एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एडीएम फाइनेंस लालता प्रसाद शाक्य, एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ता, होमगार्ड कमांडेंट विनोद कुमार शाक्य, जिला विद्यालय निरीक्षक इंद्रजीत सिंह,एआरटीओ प्रशासन सत्येंद्र कुमार, कोतवाली नगर प्रभारी राजेश चौहान, टीएसआई अनिल कुमार वर्मा सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा स्कूल स्टाफ तथा छात्र मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेत्री के निधन पर सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**अमेठी।** कांग्रेस सांसद किशोरीलाल शर्मा ने कांग्रेस नेत्री कापूर शुक्ला के निधन पर उनके पैतृक गांव भेटुआ पूरे जिउधर गुरुवार को गये। वहॉ पर श्रीमती शुक्ला के पुत्र कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल को ढाढस बाधया। तथा सुख दुख मे कांग्रेस पार्टी खडी होने की बात कही। इस मौके पर बेटे बिकास शुक्ल,बिबेक शुक्ल,ब्लाक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल,उमा शुक्ला,जय वाहिनी शुक्ला,सरपंच बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति भेटुआ सुनील कुमार शुक्ल,सुभाष कुमार मिश्र,दिवाकर पाण्डेय,कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। काग्रेस सांसद किशोरीलाल शर्मा ने श्रीमती कापूर शुक्ला को श्रद्धाञ्जालि अर्पित की। आत्मा की शन्ति के प्रार्थना की। देर शाम लोगो की भीड जमा रही।

## रिलीविंग से पहले जॉइंट बीडीओ से बीडीओ बने नंद कुमार पांडेय का हुआ सम्मान



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** प्रमोशन पाकर बीडीओ बने नंद कुमार पांडेय का ब्लॉक सभागार में स्वागत हुआ।उनका स्थानांतरण रामनगर ब्लॉक से शाह जंहा पुर हुआ है। रामनगर में जॉइंट बीडीओ पद पर श्री पांडेय तैनात थे जिनका प्रमोशन हुआ है और वे फुल बीडीओ बनकर शाहजंहा पुर गए हैं। ब्लॉक से उनको रिलीव करने से पहले बीडीओ जितेंद्र कुमार ने उनका स्वागत समारोह आयोजित किया।उनको बुकें व शाल उढाकर सम्मान दिया गया। कर्मचारियों ने भी माल्यार्पण किया।जिला प्रधान संघ अध्यक्ष राम कुमार मिश्रा ने कहा कि श्री पांडेय का कार्य व्यवहार बहुत अच्छा रहा।अब बीडीओ बनकर जा रहे।जंहा भी रहें अच्छा कार्यकाल बीते। प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष सभाजीत सिंह,एडीओ कृषि डा दल जीत सिंह,ए डी ओ सहकारिता सूबेदार यादव, जेई के पी सिन्ह ,सरवर ,अमित मौर्या सहित स्टॉफ के सभी लोगों ने भी कार्यकाल की तारीफ़ की।बीडीओ ने उनके आगामी कार्यकाल और बेहतर होने की उम्मीद कर उन्हे ब्लॉक से विदाई दी।

## राम मंदिर के वर्षगांठ का भव्य समापन

जगह जगह राज्याभिषेक और भंडारे का आयोजन

लोक मित्र संवाद



**शुक्लागंज, उन्नाव।** श्रीराम जानकी मंदिर की वर्षगांठ का दो दिवसीय आयोजन बुधवार को भव्य समापन के साथ संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में चल रहे अखंड पाठ का समापन हुआ, जिसके बाद भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

बुधवार को मंदिर में विशेष सजावट की गई थी और वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। अखंड पाठ के समापन के बाद आचार्यों द्वारा विधि-विधान से भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक कराया गया। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने जयकारे लगाए और वातावरण भक्ति और श्रद्धा से गूंज उठा। भजन मंडली ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित सभी भक्त भाव-विभोर होकर झूमने लगे। राज्याभिषेक के बाद अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न कराए गए। मंदिर के आयोजकों द्वारा प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर निर्भय मिश्रा, नरेश मिश्रा, आरती मिश्रा, अर्चना मिश्रा, ओपी पांडे, केडी त्रिवेदी, दुर्गा तिवारी, बब्लू शुक्ला, हरीश शुक्ला, महेन्द्र सिंह, महेश पाल, पूनम पांडे, शक्ति पांडे, सुमित मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वहीं, राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में मुकेश श्रीवास्तव, शिवराम राजपूत, गोविंद तिवारी, रंजीत सिंह, रोहित श्रीवास्तव द्वारा अयोध्या में राम मंदिर में श्री राम जी के विराजमान होने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो कि बुधवाव पूर्वाह्न 8 बजे से शुरू होकर रात तक चलता ही रहा। इस भंडारे में सदर विधायक पंकज गुप्ता भी पहुंचे और उन्होंने भक्तों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और इस तरह के धार्मिक आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। वर्षगांठ के इस पावन अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। साकेतपुरी में वैभव शुक्ला, संतोष मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, विनय गुप्ता, राहुल मिश्रा, दीपक सिंह, राजन, प्रियांशु यादव इस दो दिवसीय आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल बना दिया। मंदिर समिति के सदस्यों और आयोजकों के प्रयासों की सभी ने सराहना की।

## सरयू नदी के पार जाकर जमका में पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने बांटे कंबल



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** तहसील मुख्यालय से साठ किमी दूर सरयू नदी के उस पार जमका में समरसता भोज व कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने 500 जरूरत मंदो को कंबल प्रदान किए। उन्होंने कहा की समरसता भोज आपसी भाई चारा को बढ़ाते हैं।ऐसे आयोजन समाज को जोड़ कर रखते है।सभी के साथ भोजन करने से आपसी प्रेम मजबूत होता है। ऐसे आयोजन सभी को करने चाहिए। उन्होंने कंबल वितरित कर लोगो से अपील भी किया कि जरूरत मंद गरीब लोगों की मदद में आगे आए। ग्रामीणों की समस्याए सुनकर बिजली विभाग पखरपुर के जे ई से कहा कि यंहा बिजली नहीं आ रही है।

इसे जल्द सही कराए। छुट्टा पशुओं की दिक्कत बताने पर बीडीओ सूरतगंज को फोन कर समस्या समाधान की बात कही इस अवसर पर रामअवध, आशीष सिंह,बसंत, अंबरीश, इउमेश प्रधान, सुशील वर्मा, गोलू, सुनील कुमार, सत्येन्द्र, चंदन आदि मौजूद रहे।

## सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए लोग

लोक मित्र संवाद



**बीघापुर,उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन भागवताचार्य श्री कृष्ण महाराज ने सुदामा चरित्र व एकादशी व्रत के महात्म की सुंदर कथा सुनाई सुदामा का चरित्र सुनकर लोगों की आंखों में आंसू भर आए।

भागवत कथा के अंतिम दिन भागवताचार्य श्री कृष्ण महाराज ने कहा कि दरिद्रता के श्राप से अपने मित्र श्री कृष्ण को बचाकर स्वयं सुदामा निर्धन बने।सहधर्मिणी सुशीला ने पति सुदामा को श्री कृष्ण का सखा जान श्री कृष्ण के पास द्वारिका भेजा।

अपने मित्र सुदामा के आने की खबर सुनते ही भगवान कृष्ण सब कुछ छोड़ नंगे पैर ही सुदामा को लेने दौड़े और अपने हाथों से उनके चरण धोकर उन्हें सम्मान दिया।सुशीला द्वारा चावल खाकर अपने समान ही वैभवशाली ऐश्वर्यशाली बनाया। आचार्य ने कहा की मित्र धर्म बहुत कठिन है आज वर्तमान समय में एक दूसरे के साथ धोखाधड़ी करना ही तथा धर्म रह गया है कृष्ण ने सखा धर्म के उच्च मानदंडों को स्थापित किया है आज सामने मुंह पर मीठी मीठी बातें करने वाले और पीछे अनेक करने वाले लोग मित्र कहलाने के हकदार नहीं।

उन्होंने कहा देत लेत मन शंक न धरई,बल अनुमान सदा हित करई।बिपति काल कह सद्गुण नेहा, श्रुति कह संत मित्र गुन एहा। भागवत आचार्य ने कहा कि भगवत आराधना के साथ-साथ लोकहित और लोकमंगल करने वाला इस भूलोक में सभी प्रकार के सुखों को प्राप्त करता है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि समाज के लिए कुछ न कुछ अवश्य करें सामाजिक बुराइयों का प्रतिकार कर लोगों को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए यह भी ईश्वर की भक्ति है। उन्होंने एकादशी के महत्व की कथा सुनाई।कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप रूप से निर्भय मिश्रा, ओ पी एडवोकेट, सूरज बाजपेई एडवोकेट, संदीप द्विवेदी ,दशरथ चौधरी, रामविलास चौधरी, मुन्नू शुक्ला गड़ारी, सुनील दीक्षित ,रामू अवस्थी, श्यामू अवस्थी, संजय कोटेदार आदि रहे।

## सडक पार कर रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर, महिला व बाइक चालक घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर के मोहल्ला मुन्नू मियां तलैया निवासिनी शिवप्यारी 55 वर्ष पत्नी राजेन्द्र आज गुरुवार को तड़के पैदल नानामऊ मार्ग पार करने लगी। तभी बिल्हौर की ओर से बाइक पर मशरूम लादकर तेज गति से आ रहे बाइक सवार दीपक 24 वर्ष पुत्र कल्लू निवासी नया पुरवा फतेहपुर 84 ने अधेड़ महिला के जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद बाइक पलट गई। जिससे बाइक सवार दीपक भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन घायल महिला और बाइक सवार को लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि घायल बाइक सवार का इलाज जारी है।

## जगह-जगह मनाई गई नेता जी की जयंती

लोक मित्र संवाद



**शुक्लागंज, उन्नाव।** मां भारती के वीर सपूत और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयंक बाजपेई द्वारा पोनी रोड पर नेता जी चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस अवसर पर जिला सचिव पुत्तीलाल वर्मा ने कहा नेताजी ने आजाद हिंद फौज बना कर अंग्रेजों को भारत से भगाने का काम किया। महासचिव जयपाल साहू ने कहा कि नेता जी ने एक नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। जो नारा आज भी बहुत प्रसिद्ध है नेताजी असहयोग आंदोलन का प्रमुख हिस्सा भी रहे इसके बाद वह इंडियन नेशनल कांग्रेस के लीडर भी रहे इसलिए लोग उन्हें नेताजी के नाम से बुलाने लगे। नगर महामंत्री रवि शंकर गुप्ता ने कहा नेताजी का एक मात्र उद्देश्य भारत देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद करना था। आज देश को सुभाष चंद्र बोस जैसे नेता की सख्त जरूरत है आज जिस तरह से देश में नफरत की राजनीति हो रही है यदि महान क्रांतिकारी अपनी आंखों से देखते तो वह भी विचलित हो जाते। जिन्होंने एक सुंदर भारत का सपना देखा था आज की राजनीति बहुत ही गंदी हो चुकी है।

इस अवसर पर पुत्तीलाल वर्मा, मयंक बाजपेई,रवि शंकर गुप्ता, जयपाल साहू, मुन्ना सोनी, राजेश रावत, संजय सिंह, भगवती साहू, डब्बू, नरेश झा, आदि लोगों उपस्थित रहे। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर मे बच्चों ने क्रांति के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने संभाषण प्रतियोगिता में नेताजी के जीवन की वीर गाथा प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने आज़ाद हिंद फौज के गठन और ष्तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा नारे का उल्लेख किया। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों ने नेताजी के साहसी प्रयासों को याद किया। कार्यक्रम में दीपिका, सुरेश कुमार मालती, वीरेन्द्र, सुरेन्द्र कुशवाहा, प्रवीण, संजय, प्रेमशंकर, आदित्य, रवि, अनुराग, वंदना, शिवांगी, नेहा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## नेता जी दो सप्ताह तक पंजाब में शहीद भगत सिंह के घर पर रहेः बाबा मनोहर जोशी

**अमेठी।** नेता जी सुभाष चन्द बोस की जयंती पर गुंगवाछ में लगी उनकी प्रतिमा पर गुरुवार को 20साल बाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज शास्त्री डॉ धनंजय सिंह के संयोजन में प्रतिमा पर माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिले के अमेठी -दुर्गापुर मार्ग पर नेता जी सुभाष चन्द बोस की एक प्रतिमा का निर्माण लगभग 21वर्ष पहले हरीराम ने किया था।यह प्रतिमा सड़क के किनारे लगी हुई है। यहां गुरुवार को पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला अध्यक्ष और आर आर पी जी कालेज के समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय सिंह की नजर पड़ने पर उन्होंने बुधवार को नेता जी जयंती इसी प्रतिमा के पास मनाने का निर्णय लिया। गुरूवार को प्रतिमा के आसपास साफ सफाई के बाद माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## ट्रकों की टक्कर में चालक घायल,जिला अस्पताल रिफर

लोकमित्र संवाद




**बांगरमऊ।** क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक दूसरे ट्रक के पीछे जा घुसा। हादसे में चालक गंभीर रूप घायल हो गया। घायल चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला कन्नौज कस्बा मुस्तफाबाद निवासी चालक तेजराम पुत्र रामसनेही ट्रक में दिल्ली से शटरिंग का समान लादकर लखनऊ जा रहा था।

तभी रास्ते में कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आज गुरुवार को तड़के गांव रघुराम पुर के निकट अचानक तेज रफ्तार ट्रक आगे चल रहे अन्य ट्रक के पीछे घुस गया। हादसे में ट्रक का केविन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केविन में ही फंस गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने घायल चालक को क्षतिग्रस्त केविन से बाहर निकाला और बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि ग्रेनाइट पत्थर लदे दूसरे ट्रक के चालक फूलचंद पुत्र भगीरथ निवासी त्रिलोक पुरा थाना अजीतमल जनपद सीकर राजस्थान को मामूली चोटें आईं। यूपीडा टीम ने दोनों ट्रकों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर आवागमन बहाल कराया।

संक्षिप्त खबरें

## वारंटियों के पीछे हाथ धोकर पड़ी पढुआ पुलिस



**पढुआ-खीरी।** जनपद में अपराध की रोकथाम व शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए थाना प्रभारी निराला तिवारी एक्टिव मोड में नजर आ रहे है जो की प्रत्यक्ष तौर पर देखा जा रहा है साथ ही वारंटी वांछित व शातिर अपराधियों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है जैसा कि विदित हो नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देश अनुसार कुशल नेतृत्व व निर्भीक थाना प्रभारी निराला तिवारी ने कमर कसते हुए अपराध की रोकथाम व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियान चलाकर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण वासुदेव निषाद पुत्र स्व0बैजू निषाद निवासी पटना थाना खानपुर जनपद गाजीपुर,दिनेश गुप्ता पुत्र रामनरेश निवासी ढकेरवा चौराहा को धारा 170/126 व 135 में पुलिस हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष भेजा गया इसी दौरान पास्को एक्ट का अपराधी शिवा पुत्र मौजीलाल ( 19 ) निवासी परमोधापुर को पोस्को एक्ट की सुसंगत धाराओं में गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक अभिषेक सिंह,कॉन्स्टेबल योगेन्द्र कुमार,विक्रांत चौधरी मौजूद रहे।

## एटा सपा जिला कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र को दी श्रद्धांजलि



**एटा।** जिला समाजवादी पार्टी ने अपने कैंप कार्यालय पर महान समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र को 15 वीं पुण्यतिथि पूरी श्रद्धा के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई । इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष परवेज़ जुबैरी की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष परवेज़ जुबैरी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से भी जाना जाता है वह समाजवादी आंदोलन के बड़े नेता थे सरकार के विरुद्ध चलाए गए आंदोलनों मे अनेकों बार जेल गए साथ ही समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य भी थे।मारहरा के पूर्व विधायक अमित गौरव यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र छात्र जीवन से ही राजनीति मे शामिल हो गए थे वो केंद्र में मंत्री भी रहे समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सोनू शर्मा ने कहा कि जनेश्वर मिश्र कई बार लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य भी रहे उन्होंने हमेशा सर्व समाज को साथ लेकर कार्य किया और समाजवादी विचारधारा को मजबूत किया। विचार गोष्ठी को रविन्द्र सिंह यादव आदि ने भी संबोधित किया संचालन जिला महासचिव भूपेंद्र सिंह प्रजापति ने किया।इस अवसर पर सोनू शर्मा आकाश यादव आलोक यादव धीरेन्द्र सिंह जाटव फरहान अली बबलू सरफराज मोहित डॉ. इब्राहीम युनुस सिद्दिकी नफीस गौरी अभिषेक धीरू यादव प्रमोद यादव अनुज गुड्डू दादा आदि बड़ी संख्या मे सपाई मौजूद थे।

## नेताजी जी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से व भव्यता पूर्ण मनाई गई। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन कर नेताजी के विचारों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा व्यक्त किया गया एवं उनके आदर्श पर चलने की प्रेरणा ली गई। इसके साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के ग्राउंड में सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी स्टेट होल्डर्स विभागों की उपस्थिति में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक वृहद मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नवोदय विद्यालय, एस0जे0एस0 स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, एमजेएस स्कूल व आरआरपीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, एनएनएस, सेपियन स्कूल के स्काउट गाइड के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, प्राचार्य नवोदय विद्यालय उपस्थित रहे। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा हेलमेट वितरित किया गया। जनपद स्तर पर कक्षा 8 से कक्षा 12 तक के सभी 702 विद्यालयों तथा 65 महाविद्यालयों के कुल 88675 बच्चों ने अपने-अपने विद्यालयों में मानव श्रृंखला बनाते हुए यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध, भाषण, चित्रकला, पोस्टर, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही सभी विद्यालयों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती भव्यता पूर्ण ढंग से मनाई गई।

# सड़क जागरूकता के लिए एकजुट हुआ खीरी

## हजारों की तादाद में डीएम ने बच्चों ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर गुरुवार को जिले के हजारों स्कूली छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का न केवल संकल्प लिया बल्कि दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस मानव श्रृंखला में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक, शिक्षणेत्तर स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मानव श्रृंखला में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जो सड़क जागरूकता, देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाई। डीएम-एसपी ने मानव श्रृंखला के लिए निर्धारित रूट का भ्रमण कर उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह, एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी, पीटीओ कौशलेंद्र यादव, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में सड़क जागरूकता की भावना जगाना और जनभागीदारी की भावना से सड़क सुरक्षा माह व्यापकता से मनाना है।

**कलेक्ट्रेट की 10 किमी परिधि में बनेगा जोन ऑफ एक्सीलेंस:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले में नवाचार के तहत कलेक्ट्रेट को केंद्र मानकर 10 किमी की परिधि में जोन ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित स्टेकहोल्डर समन्वित प्रयास करते हुए एक एकीकृत कार्यक्रम के तहत इस जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस जोन में दो एनएच, दो स्टेट हाईवे, चार प्रमुख जिला मार्ग और अन्य जिला मार्ग सहित शहरी क्षेत्र के मार्ग भी शामिल हैं। गाइडलाइन के अनुसार इंजीनियरिंग, जागरूकता, प्रवर्तन के साथ-साथ आकस्मिक चिकित्सा को व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे जीरो मृत्यु दर के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस अनुशासन की मिसाल थे, उनके जन्म जयंती पर सड़क सुरक्षा का संकल्प लिया जाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वाधीनता सेनानी और युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और आगे भी रहेंगे उनकी प्रासंगिकता आज भी है, भविष्य में भी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करते समय सुभाष चंद्र बोस की अनुशासन प्रियता को अपने ध्यान में रखना होगा।

### इन विद्यालयों के बच्चे हुए शामिल

जीआईसी, जीजीआईसी, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कुँवरखुशवक्तराय कन्या इ0का0, सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज, कृषक समाज इण्टर कालेज, डीएस कालेज, गुरूनानक इण्टर कालेज, गुरूनानक विद्यक सभा, पीके इण्टर कालेज, गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज, इस्लामियाँ इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इण्टर कालेज, सेंट डॉनबास्को स्कूल अजमानी पब्लिक स्कूल, पं0 दीन दयाल स0वि0मं0 इण्टर कालेज, ला मटीना इण्टर कालेज सहित सभी जिला मुख्यालय के विद्यालय।

### मानव श्रृंखला को लेकर विद्यार्थियों में दिखा जबरदस्त उल्लास

कलेक्ट्रेट से लेकर विभिन्न मार्गो से होती हुई कई किमी तक बनाई गई मानव श्रृंखला में शामिल बच्चे खासा उत्साहित दिखे, इस दौरान वह हाथों में सड़क जागरूकता का संदेश देती तख्तियां लिए जागरूकता नारे लगाते नजर आए। इस दौरान बच्चों ने अपने सेक्टर, जोन में ड्यूटी पर तैनात अफसरों, मजिस्ट्रेट के साथ सेल्फी खिंचाई। ठीक 11 बजे मौजूद सेक्टर अधिकारियों ने अपने सेक्टर में श्रृंखलाबद्ध बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

## जनपद के विद्यालयों में मनाई गई नेताजी की जयंती

**अमेठी।** जिले में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर सभी स्कूलों में माल्यार्पण और गोष्ठी के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। नेता जी की 128वीं जयंती पर कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में शिक्षकों, शिक्षिकाओं और बच्चों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इं प्र अ संजीव कुमार ने कहा कि नेता जी का जन्म दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने देश की आजादी के लिए विदेशों में जाकर अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध लोगों को संगठित किया और आजाद हिन्द फौज के माध्यम से अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंकने का काम किया।संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने बताया कि नेता जी का जन्म 23जनवरी 1897को उड़ीसा के कटक राज्य में हुआ था।1939में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे। गणेश प्रसाद शर्मा, शिवकरन गुप्ता, लालती देवी,रिपु मौर्य , सीता, निर्मला, बलवीर आदि मौजूद रहे।

## गुरेला-पट्टी में हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन



▸▸ 11 फरवरी से शुरू होगा पांच दिवसीय आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**ईसानगर-खीरी।** ईसानगर क्षेत्र के सीमांत गांव गुरेला-पट्टी में गायत्री परिवार द्वारा 11 फरवरी से आरंभ होने जा रहे राष्ट्र जागरण नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए गुरुवार को भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। भूमिपूजन कर्मकांड गायत्री परिवार सीतापुर के जिला समन्वयक राम नरेश चौधरी, संजय रस्तोगी, सर्वेश कुमार वर्मा और संतोष वर्मा की टोली द्वारा सम्पन्न कराया गया। भूमि पूजन के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर नियमित जप साधना आरम्भ कर दी गई है जिसके अंतर्गत महायज्ञ आरम्भ होने तक प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे गायत्री परिजनों द्वारा सामूहिक अखंड गायत्री महामंत्र जप किया जाएगा। युवा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए समीपवर्ती नौ गाँवों- मोहम्मदापुर, शेखनापुर, इब्राहिमपुरवा, चहलुआ, बरेती, अमरनगर, गुरेला, पट्टी, महेवा गांवों से एक-एक कुण्ड की मिट्टी आएगी जिससे यज्ञशाला में हर गांव का एक यज्ञ कुण्ड बनाया जाएगा। युवा प्रकोष्ठ और महिला मंडल कार्यकर्ता इन गांवों के घर-घर जाकर यज्ञ के लिए आमंत्रण अक्षत वितरित करेंगे।

## फटा कम्बल देख नाराज हुए सीएमएस



लोकमित्र ब्यूरो

ओयल-खीरी। आपको बताते चलें भर्ती मरीज के पास फटा हुआ कम्बल देख कर सीएमएस डॉ आरके कोली भड़क उठे। उन्होंने तैनात स्टाफ को फटकार लगाते हुए कम्बल को तत्काल बदलने के निर्देश दिए, कहा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर संबंधित स्टाफ पर कार्रवाई की जाएगी गुरुवार को अपने नियमित भ्रमण के दौरान सीएमएस डॉ आरके कोली मेडिकल वार्ड में पहुंचे, यहां पर मरीज से मिलते समय और उनका हाल-चाल लेते समय एक मरीज का कम्बल उन्हें फटा हुआ दिखा। इस पर उन्होंने वहां तैनात स्टाफ नर्स और वार्ड बॉय से इस संबंध में पूंछा तो वह लोग सटीक जवाब नहीं दे पाए।

इस पर उन्होंने तल्ख लहजे में कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में शासन का निर्देश है कि सभी मरीजों को बेहतर सेवाएं दी जाए, इसीलिए चिकित्सालय में ब्लोअर, हीटर और अतिरिक्त कंबल की व्यवस्था पहले से की गई है।

इसके बावजूद भर्ती मरीज को फटा हुआ कम्बल कैसे दिया गया। उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तत्काल अपने ही सामने मरीज को नया कम्बल दिलाया और उसके बाद उन्होंने प्रत्येक वार्ड में जाकर स्वयं यह देखा कि किसी मरीज का कम्बल फटा हुआ तो नहीं है। किसी अन्य वार्ड में ऐसा नहीं मिला।

भ्रमण के दौरान उनके साथ मैट्रन रजनी मसीह, काउंसलर देव नन्दन श्रीवास्तव, सुपरवाइजर अखिलेश श्रीवास्तव,निलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित हुआ बच्चों का सम्मान समारोह



लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** क़स्बा धौरहरा मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेता जी सुभाष चंद्र की जयंती के अवसर पर बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया किया। बृहस्पतिवार को कस्बे के जय मिश्रा कोचिंग सेंटर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर हाई स्कूल, इंटर मीडियट मे उत्कृष्ट अंक लाने वाले बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सीओ धौरहरा पीपी सिँह, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव जायसवाल,प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा मौजूद रहे। सीओ धौरहरा ने नेता जी सुभाष चंद्र के बारे मे बताया और शिक्षा के बारे मे बच्चों को शिक्षा का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम का आयोजन श्री जय मिश्रा कोचिंग सेंटर के संचालक धनंजय मिश्रा ने किया।

इस दौरान राजेंद्र वर्मा,विजय जायसवाल, अपनेश वर्मा,कस्बा इंचार्ज वीरेंद्र सिंह सहित बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र मिश्रा ने किया।

## बारात शालाओं को अवैध कब्जों से मुक्त कराने में सफल केडीए की टीम एक्सीएन मयंक यादव का परिश्रम

▸▸ जनता के लिए केडीए ने की बरात शालाओं के संचालन की तैयारी

▸▸ कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता मयंक यादव की अगुवाई में कब्जों से मुक्त कराई गई की लगभग एक दर्जन बारात शालाएं

सुनील बाजपेई



**कानपुर।** यहां का कानपुर विकास प्राधिकरण अपनी सभी संपत्तियों को हर तरह से संरक्षित करने में लगातार जुटा हुआ है। इसी के साथ कानपुर विकास प्राधिकरण सभी सामुदायिक केंद्रों बारात शालाओं को आम जनमानसके लिए उपलब्ध कराने की भी तैयारी को अंतिम रूप दे चुका है जिसके तहत बहुत जल्द टेंडर भी डाले जाएंगे। शहर की लगभग एक दर्जन 1 दर्जन बारात शालाओं को संरक्षित सुव्यवस्थित करने के इस अभियान में कानपुर विकास प्राधिकरण के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के कठोर परिश्रमी अधिशासी अभियंता एक्सीएन मयंक यादव अपनी टीम के साथ लगातार जुटे हुए हैं।

जिसके तहत उन्हें शहर की लगभग सभी एक दर्जन बारात शालाओं को अवैध कब्जों से मुक्त कराने में भी सफलता मिली है।

अधिशासी अभियंता के रूप में यहां अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से ही योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अपने कर्तव्य पालन में निरंतर लगे और जनहित में अपनी सराहनीय सेवाओं में भी अग्रणी केडीए के तेज तर्रार व्यवहार कुशल अधिशासी अभियंता मयंक यादव ने बताया कि जहां भी आवश्यक होगा वहां बारात शालाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए उनका सुंदरीकरण भी कराया जाएगा।

फिलहाल आम जनता के हित में कानपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जो तैयारी है ,उसके मुताबिक इन बारात शालाओं के लिए बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया भी संपादित की जा जायेगी।

जिसके बाद इसका लाभ शादी विवाह में वह लोग भी उठा सकेंगे ,जो अपने आयोजनों को महंगे गेस्ट हाउस लेकर करने में सक्षम और समर्थ नहीं है।

## चार विद्यालयों को मिली आरो प्लांट की सौगात

▸▸ नौनिहाल पियेंगे शुद्ध पेयजल,दाँतों के पीलेपन से मिलेगा छुटकारा

▸▸ सीडीओ बोले,इन क्षेत्रों में प्राथमिकता पर पूरा कराए जल जीवन मिशन का काम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** तहसील सदर ब्लॉक फूलबेहड़ क्षेत्र अंतर्गत शारदा नदी बंधे के किनारे बसे गांवो में संचालित चार परिषदीय विद्यालयों (बेड़हा सूतिया, जंगल नंबर 11, गूम, पिपरा गूम) को गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने सीएसआर से एक-एक आरओ प्लांट की सौगात दी।

गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने इस क्षेत्र के चिन्हित 09 विद्यालयों के सापेक्ष प्रथम चरण में चिन्हित चार विद्यालयों को प्रधानाध्यापकों को विद्यालय प्रयोग के लिए एक-एक आरो प्लांट प्रदान किए, ताकि वहां अध्यनरत नौनिहाल शुद्ध पेयजल पी सके और दांतों के पीलेपन से छुटकारा मिल सके।

सीडीओ ने संकेत दिए कि जल्द ही अन्य पांच विद्यालयों को भी सीएसआर से आरओ प्लांट उपलब्ध कराए जाएंगे।

बताते चले कि हाल ही में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जंगल नंबर 11 में संचालित परिषदीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया कि वहां के बच्चों के दांत पीले हैं। इस पर उन्होंने जल निगम से पेयजल की जांच कराई। जांच के दौरान फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई।

बच्चों को इस समस्या से तत्काल निजात दिलाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र के चिन्हित सभी नौ विद्यालयों में प्रथम चरण में सीएसआर से चार आरओ प्लांट विद्यालय को सौंपे। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रा) योगेंद्र कुमार नीरज को निर्देशित किया कि इन चिन्हित गांव में जल जीवन मिशन के तहत परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय बढ़ता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करते हुए इस समस्या का निदान करते हुए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराए।

**सीडीओ के पंचायत भवन में पंजिकाएं मिली अधूरी, सचिव का स्पष्टीकरण तलब:** सीडीओ अभिषेक कुमार ने जंगल नंबर 11 में पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन्म मृत्यु पंजिका और शिकायत रजिस्टर न बनाने और मेंटेन करने पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए ग्राम सचिव गायत्री राना का स्पष्टीकरण तलब किया।

निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायत में उनके निर्देश के अनुसार जन्म मृत्यु पंजिका और शिकायत पंजिका को दुरुस्त रखा जाए।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

लोकमित्र ब्यूरो




**अलीगंज/एटा।** बार एसोसियेशन के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एल्डर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने शपथ दिलाई।

समारोह में मुख्य अतिथि प्रत्याशी सदस्य वार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश इलाहबाद श्रीमती राधा यादव एड.विधायक पुत्र सूरज राठौर सहित एल्डर्स कमेटी के चेयर मेन ब्लवीर सिंह राठौर सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

गुरवार को अलीगंज बार एसोसियेशन के सभागार में नवनिर्वाचित अध्यक्ष शेष तिवारी तथा सचिव प्रमोद कुमार सक्सेना स्वदेश मिश्रा कोषाध्यक्ष राघव शाक्य कनिष्ठ सदस्य शैलेन्द्र चौहान पुस्तकालय सदस्य प्रशांत सक्सेना कनिष्ठ सदस्य ब्रजेश शाक्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश यादव कनिष्ठ सदस्य शिवांग दुवे जय कुमार शाक्य राकेश चंद्र दीक्षित संजय सिंह यादव अरुण कश्यप को श्रीमती राधा यादव (एड.)ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई साथ ही एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बलवीर सिंह राठौर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शेष तिवारी ने शपथ समारोह कार्यक्रम में कहा कि सभी अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि रहेगा। अधिकारियों से वार्ता करके जिन अधिवक्ता भाइयों के काम रूके हुए हैं उन्हें पूरा कराया जाएगा। सभी अधिवक्ताओं को एकजुट करके बार को मजबूत किया जाएगा। चुनाव हर वर्ष होते हैं इसमें हार-जीत बनी रहती है।

जो साथी हमारे चुनाव लडे और रह गए उन्हें मायूस नहीं होना चाहिए। सभी पदाधिकारी समय-समय पर बैठक आयोजित करके रणनीति के तहत कार्य करेंगे। बार और बैंच का सामांजस्य बना रहे इसके लिए पूरा प्रयास रहेगा।

इस मोके पर अलीगंज तहसील के अधिवक्ता प्रमोद मिश्रा पूर्व वार अध्यक्ष अलीगंज रामेन्द्र पाल पाण्डेय केशव सिंह सहित कोतवाली प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर नगर के सभान्त नागरिक सूर्य कांत गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## सरकार और नागरिकों के मध्य पारदर्शिता एवं विश्वास को मजबूत करता है सूचना का अधिकार कानूनः प्रो0 अशोक राय

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि विभाग में उत्तर प्रदेश शासन के प्रशासनिक सुधार अनुभाग के निर्देशाक्रम एवं कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के मार्गदर्शन में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, उत्तर प्रदेश सूचना अधिकार नियमावली 2015 एवं जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के प्रावधानों पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय ने विद्यार्थियों के बीच विभिन्न विधानों की महत्ता, उनके व्यावहारिक पहलुओं और समाज पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो सरकार और नागरिकों के मध्य पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत करता है। यह शासन में उत्तरदायित्व सुनिश्चित करता है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश अधिरोपित करने में सक्षम है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का संविधान लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना करता है, जिसमें शासन प्रणाली की पारदर्शिता और नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य मानी जाती है। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि नागरिक न केवल शिक्षित हों, बल्कि उनके पास ऐसी पारदर्शी और सटीक जानकारी उपलब्ध हो, जो शासन की प्रक्रिया को समझने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में सहायक हो।कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार सिंह ने अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अधिनियम लोकतंत्र को सशक्त बनाने का एक प्रभावी उपकरण है। इससे नागरिक अपने अधिकारों और सरकार की नीतियों की पारदर्शिता को समझने में सक्षम होते हैं।प्रत्येक लोक अधिकारी का निरंतर यह प्रयास होना चाहिए कि वह स्वप्रेरणा से, जनता को नियमित अन्तरालों पर संसूचना के विभिन्न साधनों के माध्यम से, अधिक से अधिक सूचना उपलब्ध कराने के लिए उपाय करें जिससे जनता को सूचना प्राप्त करने के लिए इस अधिनियम का कम से कम अवलंब लेना पड़े। डॉ. संतोष पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सूचना अधिकार नियमावली ने नागरिकों को सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बना दिया है। यह नियमावली प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाती है और आमजन को सशक्त करती है। डॉ. विवेक ने जनहित गारंटी अधिनियम 2011 पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अधिनियम सरकारी सेवाओं को समयबद्ध तरीके से प्रदान करने की गारंटी देता है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार होता है, बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों का समय पर लाभ मिलता है। डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि इन अधिनियमों का प्रभाव तभी संभव है जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उनका सही तरीके से उपयोग करें। यह जागरूकता शासन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और नागरिक सहभागिता की अपील के साथ हुआ। इस अवसर पर दिलीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर हुआ गोष्ठी का आयोजन




**अयोध्या।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके उपरांत गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम नेकी। अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा किनेता जी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में शामिल थे। उन्हें प्यार और सम्मान से नेताजी कहा जाता है। सुभाष चंद्र बोस साहस, त्याग और देशभक्ति की अद्भुत मिसाल हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर उन्होंने उसे समय के युवाओं में जोश भरने का कार्य किया। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा की गांधी जी को राष्ट्रपिता की उपाधि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने ही दी थी,। संबोधन के अंत में किए जाने वाले तीन बार जय हिंद के नारे को कांग्रेस पार्टी ने सुभाष चंद्र बोस से ही लिया था। बिटिया ही नहीं उनके अमेरिका कांग्रेस पार्टी के 51वें अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी चुना गया था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र मणि पांडे, कविंद्र साहनी,प्रवीण श्रीवास्तव, उमेश उपाध्याय, प्रेम पांडे, चंचल सोनकर, अशोक कुमार राय,करण त्रिपाठी, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा, अशोक कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

## पराक्रम दिवस पर मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गयी। एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में छात्रा पद्मिनी और कृतिका ने नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला साथ ही अनंत और सत्यम की सुभाष चंद्र बोस तथा अब्दुल्ला, देवेश, आकृत, मुजम्मिल और जसन द्वारा आजाद हिन्द फौज की जीवंत प्रस्तुति ने छात्रों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। डॉ शर्मा ने अपने उद्बोधन में आजादी के महानायक को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि ष्तुम मुझे खून दो, मै तुम्हे आजादी दूंगाष् , ष्दिल्ली चलोष् और ष्जय हिन्दष् का नारा देने वाले माँ भारती के वीर सपूत का सम्पूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित रहा, उन्होंने ब्रिटिश शासन से देश को आजादी दिलाने के लिए आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नया जोश भर दिया, नेताजी ने सर्वप्रथम भारत से बाहर एक आजाद सरकार की स्थापना की जिसे लगभग 11 देशों ने मान्यता भी प्रदान की। डॉ शर्मा ने विद्यार्थयों को उनकी करिश्माई नेतृत्व क्षमता, समर्पण और साहस से प्रेरणा लेते हुए अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारा देश के प्रति समर्पण हमारे देश को उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर करेगा। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, रामदेव, बी एस त्रिवेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, राकेश अवस्थी, पिंकी जायसवाल, मंजरी श्रीवास्तव, शुभी, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनिल कुमार वर्मा ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), अयोध्या का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती भी धूमधाम से मनाई गई।निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार वर्मा ने किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य और भोजन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। अपचारियों ने बताया कि स्वास्थ्य की नियमित जांच होती रहती है और भोजन मीनू के अनुसार दिया जाता है। साथ ही, शिक्षा के बारे में भी पूछताछ की गई, जिसमें बच्चों ने बताया कि उन्हें अच्छी शिक्षा दी जा रही है और निबंध लेखन जैसे आयोजनों का भी आयोजन किया जाता है।इस दौरान, सहायक अधीक्षक को समुचित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अनिल कुमार वर्मा ने किशोर अपचारियों को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी और बताया कि यदि किसी किशोर को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या के एलएडीसीएस के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।निरीक्षण के अंतर्गत, सचिव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की और सहायक अधीक्षक को निर्देशित किया कि किसी भी किशोर अपचारी को कोई भी समस्या न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं।

## कुलपति ने प्रभारियों के साथ नैक के निर्धारित मानदण्डों की समीक्षा की

**लोकमित्र ब्यूरो**

**▸▸ नैक मूल्यांकन के लिए एनुअल क्वालिटी एसोरेंश रिपोर्ट सबमिट करने की तैयारी**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में बुधवार को पूर्वाह्न नैक मूल्यांकन को लेकर एनुअल क्वालिटी एसोरेंश रिपोर्ट (एक्यूएआर) सबमिट किए जाने के संबंध में निर्धारित मानदण्डों के प्रभारियों के साथ कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। कुलपति ने सर्वप्रथम प्रभारियों से नैक के निर्धारित मानदण्डों की समीक्षा की। इसके उपरांत सभी से पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण को देखा गया। इस दौरान कुलपति ने कमियों को इंगित करते हुए दूर करने का प्रभारियों को निर्देश दिया। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने सभी से कहा कि अगले वर्ष नैक 'ए' प्लस प्लस ग्रेडिंग के लिए तैयार रहे। इसके लिए 27 जनवरी तक 2023-24 का एक्यूएआर अपलोड किया जाना है। विश्वविद्यालय को अच्छी ग्रेडिंग मिलने पर एक अलग पहचान बनेगी। इससे सुविधाएं भी बढ़ेगी। इसलिए नैक डेटा अपलोड करने में कोई कमी नही रखनी है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय को नैक 'बी' ग्रेड प्राप्त है। हम सभी को विश्वविद्यालय की एक अलग छवि बनाने के लिए नैक 'ए' ग्रेडिंग के लिए प्रयास करना होगा। इसमें पूरी तन्मयता के साथ लग जाना है। बैठक में कुलपति ने विश्वविद्यालय के इण्टरनल क्वालिटी एसोरेंश सेल (आइक्यूएसी) के समन्वयक डॉ0 पीके द्विवेदी व उनकी टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि नियत तिथि पर नैक पोर्टल पर निर्धारित मानदण्डों को पूरा करते हुए अपलोड करना है। इसमें कोई कमी नही होनी चाहिए। इस बैठक में प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 महिमा चौरसिया सहित अन्य प्रभारी मौजूद रहे।

## आठवीं बार उद्घोषक की भूमिका में नजर आएंगे खाकी वाले गुरूजी उप निरीक्षक रणजीत यादव

**अयोध्या।** जनपद अयोध्या के रिजर्व पुलिस लाइन में गणतन्त्र दिवस पर आयोजित रैतिक परेड में आठवीं बार उप निरीक्षक रणजीत यादव द्वारा उद्घोषक की भूमिका का निर्वहन किया जाएगा! पुलिस लाइन अयोध्या में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड का वर्ष 2015,2018, 2019, 2020, 2022,2023 व 2024 में सकुशल उद्घोषक की भूमिका निभा चुके समाजसेवी दारोगा को इस वर्ष भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस वर्ष इनके सहायक के रूप में आर्मी स्कूल की शिक्षिका रचना श्रीवास्तव भी इनका साथ देंगी। पुलिस लाइन जनपद अयोध्या के परेड प्रांगण में आयोजित इस वर्ष के रैतिक ड्रिल परेड में प्रथम कमांडर की भूमिका में पियूष क्षेत्राधिकारी बीकापुर व द्वितीय कमांडर निरीक्षक सूर्य प्रकाश शुक्ला तथा तृतीय कमांडर के दायित्वों का निवर्हन उनि सशत्र पुलिस सुभाष यादव करेंगे। इस वर्ष दस टोलियां जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस,सीआरपीएफ,होमगार्ड के जवानों सहित,अटल आवासीय विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं,घुसवार पुलिस, एटीएस दस्ता, चीता मोबाइल, फिल्ड यूनिट,सर्विलांस, फायर ब्रिगेड,डॉग स्क्वाड, डायल 112 की टीम,यातायात पुलिस, दंगा निरोधी दस्ता के साथ डोगरा मिलिट्री पाइप बैंड के जवान सम्मिलित होंगे। उद्घोषक रणजीत रक्तदान,पौधरोपण, गरीब असहायों और दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करना, शिक्षा, सुरक्षा और नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करना जैसे सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं।

# अभाविप खेल के माध्यम से युवाओं का करती है उत्साहवर्धन - प्रवीण तिवारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के साकेत महाविद्यालय अयोध्या के खेलों भारत द्वारा ÷नगर खेल कुम्भ÷ के अंतर्गत एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन साकेत महाविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी,मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण तिवारी,विभागाध्यक्ष खेल विभाग पूनम जोशी विभाग प्रमुख डॉ नागेन्द्र प्रताप सिंह ,प्रांत शोध सह प्रमुख डॉ आलोक सिंह महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी साकेत महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष अनुराग शुक्ल ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ।




कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेंद्र ने बताया एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बैडमिंटन के 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने महिला बैडमिंटन के पहले मैच की शुरआत फीता काटकर और टॉस कराकर की जिसमें अनुष्का ,श्रेया और आस्था ,प्रिया के बीच पहला मैच हुआ जिसमें पहले मैच में आस्था और प्रिया ने जीत दर्ज की। पुरुष बैडमिंटन में पहला मैच आशुतोष,अनुभव और अभय,सचिन यादव के बीच हुआ जिसमें आशुतोष,और अभिनव ने बाजी मार कर जीत दर्ज । पुरुष बैडमिंटन फाइनल में आशुतोष ,अभिनव और राजदीप ,प्रांजल के बीच मैच हुआ जिसमें आशुतोष और अभिनव ने जीत दर्ज की वही महिला बैडमिंटन फाइनल में अनुष्का ,श्रेया और दिव्यांशी,अनुराधा के बीच मैच हुआ। जिसमें दिव्यांशी,और अनुराधा ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने सभी प्रतिभागी का उत्साहवर्धन किया । एवं सभी प्रतिभागियों और विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र मेडल और सील्ड प्रदान की गई ।

प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी ने बताया अभाविप खेलो भारत के माध्यम से ऐसी खेल प्रतियोगिता करा कर विद्यार्थियों के बीच मे समरस भाव भर रही है जिससे खेल के विधार्थी विद्यार्थी परिषद से जुड़ रहे है। मुख्य वक्ता प्रवीण तिवारी ने शिकागो में दिए गए स्वामी विवेकानंद जी के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि जब एक विदेशी महिला ने स्वामी जी से आप जैसा एक पुत्र हमें चाहिए तो स्वामी जी ने कहा में ही आप का पुत्र हूँ उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद ऐसे पुत्रो को तैयार करने का काम करती है जो समाज मे राष्ट्रभाव की भावना से काम करते है ।

## धूमधाम से मनाई गई नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**अयोध्या।** अपनी क्षमता और कुशलता से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा देने वाले नेताजी की जयंती पर आज सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर रामनगर में श्रद्धासुमन अर्पित की गई। विद्या मंदिर की प्रथा के अनुसार विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । श्री तिवारी ने नेताजी के चित्र पर मालार्पण किया तथा दीप प्रज्वलित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की । अपने अभिभाषण में उन्होंने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की नेताजी द्वारा किस प्रकार अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए गए। विद्यालय के आचार्य सुमित ने भी सुभाष चंद्र बोस से जुड़ी विभिन्न घटनाओं का वर्णन विद्यालय के भैया/ बहनों के समक्ष किया । इस विशेष अवसर पर विद्यालय के आचार्य भैया अजय सिंह, विश्वनाथ, अजीत सिंह, अजय उपाध्याय आदि तथा बहने सोनम सिंह, शालिनी सिंह, सरिता पाण्डेय, श्रद्धा, साक्षी, आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के भैया अभय गुप्ता, बहन एंजल पाण्डेय, स्नेहांजलि, ईशिका, आकांक्षा तथा अन्य द्वारा नेताजी को अपने शब्दों के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित की गई। विद्यालय के आचार्य अमित पाण्डेय द्वारा नेताजी से जुड़ी विभिन्न घटनाओं का वर्णन किया गया अपने भाषण में उन्होंने अयोध्या में बनी गुमनामी बाबा की समाधि का जिक्र करते हुए बताया की किस प्रकार हम अयोध्यावासियों से भी नेताजी का जुड़ाव रहा । श्री पाण्डेय द्वारा आभार भी ज्ञापित किया गया ।

## मजदूर सभा ने भरी हुंकार, मिल्कीपुर में सिर्फ अजीत प्रसाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** उप चुनाव मिल्कीपुर के सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में सपा मजदूर सभा पूरी ताकत के साथ मैदान में ''मजदूर सभा ने भरी हुंकार, मिल्कीपुर में सिर्फ अजीत प्रसाद''। यह विज्ञप्ति जारी करते हुए मजदूर सभा जिलाध्यक्ष कैलाश कोरी ने बताया कि मजदूर सभा जिला कमेटी के साथीगण डोर-टू-डोर जाकर समाजवादी पार्टी के द्वारा जनता के हित में किये गये कार्यो को जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रदेश सचिव/प्रभारी अवध जोन अखिलेश चतुर्वेदी के दिशा-निर्देश में मिल्कीपुर विधान सभा की ग्राम देवरिया, बारून बाजार, टकसरा, बसावाँ, सारी, कुचेरा बाजार, कुमारगंज, शाहगंज, अमावा, बिठला, छिप्पन का पुरवा आदि गांवों में सम्पर्क किया गया।

जनता भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ मुखर हो चुकी है और वह अपने आपको समाजवादी पार्टी में ही अपना हित-निहित समझ रही है। जनता भाजपा को हराकर नफरत की भाषा को बन्द करना चाहती है। संविधान सुरक्षा मुख्य बिन्दु है। आम जनमानस, गरीब, मजदूर, किसान, भाजपा की तानाशाही रवैये से आजिज आ चुकी है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी इस चुनाव में दूर-दूर नजर नहीं आ रहे हैं। जनता ने अपना रूझान सपा प्रत्याशी के पक्ष में दे दिया है अब सिर्फ चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु अपनी भूमिका का निर्वाहन करे।मजदूर सभा के प्रान्तीय सचिव अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि जनता ने मन बना लिया है मिल्कीपुर में साइकिल ही चलेगी। मिल्कीपुर क्रान्तिकारियों की धरती है। यहाँ के लोग इतिहास बनाते हैं और अब एक बार फिर सपा को जिताकर इतिहास लिखा जाएगा।अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि चुनाव को धार देने के लिये प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक जी का आगमन 25 जनवरी को हो रहा है जिसे लेकर मजदूर सभा में काफी उत्साह है। मिल्कीपुर सीट जिताकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को तोहफा के रूप में दिया जायेगा जिसमें मजदूर सभा का अहम रोल रहेगा।

## नगर पंचायत प्रशासन की एक बार फिर मनमानी आई सामने



**अयोध्या- गोसाईगंज।** नगर पंचायत प्रशासन की एक बार फिर मनमानी सामने आई है।अबकी बार उसने नगर पंचायत कार्यालय पर बने सार्वजनिक शौचालयो(यूरिनल/शौचालय) का इस्तेमाल करने वालों से 5 रुपया शुल्क निर्धारित किया है।मजेदार बात तो यह है कि इस नए कार्य के लिए पंचायत प्रशासन ने न तो किसी समाचार पत्रों में कोई विज्ञापन निकालवाया और न ही बोर्ड के सदस्यों को विश्वास में लिया। फिलहाल नगर पंचायत के इस तुगलकी फरमान से बाजार वासियों में जहां रोष व्याप्त है वही पंचायत प्रशासन के इस कार्य पर सभी सभासदों ने इस नए फरमान पर आपत्ति जाहिर की है।आम जन की शिकायत पर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचे सभासद रविन्द्र यादव,मुन्ना वर्मा, कल्लू कुरैशी,ध्रुव भोजवाल,काली चरण वर्मा,सभासद प्रतिनिधि अजय कन्नौजिया,दिनेश कुमार जायसवाल,पूर्व सभासद एवं भाजपा नेता प्रशांत गुप्ता सहित अन्य ने ईओ सीमा रॉय से मुलाकात कर जब इस नए नियम का विरोध किया तो उन्होंने यूरिनल शुल्क 2 रुपए निर्धारित करने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में जब ईओ सीमा रॉय से पत्रकारों ने बात किया तो उन्होंने वसूले जा रहे इस शुल्क को शौचालयों को मेंटेनेंस के लिए वसूला जाना बताया।उन्होंने कहा कि अब जल्द ही गोसाईगंज अस्पताल पर बने पिंक शौचालय एवं उसके बगल बने सार्वजनिक शौचालयों पर भी मेंटिनेंस के लिए शुल्क वसूला जाएगा।

## ठगे ठगे से महसूस कर रहे व्यापारी... रिझाने में जुटे भाजपा के पदाधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** मिल्कीपुर में चुनावी सरगर्मियां तेज होते ही नेताओं, मंत्रियों की फौज व्यापारियों का वोट निकालने में जुट गई है। मिल्कीपुर तहसील में व्यापारियों के 20 हजार वोटों पर सेंध न लगे इसके लिए उन्हें रिझाने में जुटे भाजपा पदाधिकारी।आपको बता दें कि नगर पंचायत कुमारगंज के भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष अनिल अग्रहरि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे उनका इलाज 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा है। व्यापारियों ने बताया कि विगत एक माह से कुमारगंज बूथ का भाजपा बूथ अध्यक्ष चारपाई पर पड़ा है, कोई भी मंत्री, विधायक, नेता उनसे मिलने नहीं आया और ना ही उनका हाल-चाल जाना। जबकि इसकी जानकारी सभी को दे दी गई थी। भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अनिल अग्रहरि ने बताया कि वह आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर है साइकिल से फेरी कर कबाड़ का काम करता है, पैर मैं चोट लग जाने के कारण परिवार के जीवन यापन में समस्या उत्पन्न हो गई



तथा इलाज कराने में भी असमर्थ है। व्यापारियों का आरोप है कि जब-जब चुनाव नजदीक आते हैं, नेताओं को वोट की जरूरत पड़ती है तब व्यापारियों को याद किया जाता है अन्यथा नहीं। व्यापारियों ने बताया कि विधानसभा मिल्कीपुर के तहसील, थाना, ब्लॉक आदि सरकारी कार्यालयों में उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। व्यापारी दुकान छोड़कर ब्लॉक थाना तहसील आदि का चक्कर लगाता रहता है और उसका काम नहीं होता बल्कि व्यापारी जानकर उसका उत्पीड़न किया जाता है। व्यापारियों में फैले रोष की खबर मिलते ही अयोध्या के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता बुधवार व्यापारियों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओं को जाना।सभी व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्या को विधायक के सामने रखते हुए सुरक्षा एवं सुविधा की मांग की। करीब 3 घंटे तक व्यापारियों के मानङ्मनौवल के बाद उनकी समस्याओं को सुनकर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यापारियों को पूर्ण आश्वासन दिया है, उन्होंने कहा कि समस्त व्यापारी भारतीय जनता पार्टी के परिवार है तथा सरकार व्यापारियों के साथ खड़ी है। इसके बाद उन्होंने खबर का संज्ञान लेते हुए भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता अनिल अग्रहरि के आवास पर पहुंचकर उनका हाल- चाल जाना और 100 शैय्या अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार को समुचित इलाज हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर भाजपा के व्यापारी नेता बैजनाथ वैश्य, दिनेश कौशल, गयालाल अग्रहरि, कृष्ण कुमार कसौधन, वरिष्ठ पत्रकार विनय गुप्ता, पत्रकार सूरज कौशल, दिवाकर चंद्र सहित सैंकड़ों व्यापारीगण मौजूद रहे।

# भाजपा ने अपर्णा यादव के साथ-साथ रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को भी मैदान में उतारा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा ने जातिगत समीकरणों को लेकर अपनी रणनीति को पूरी तरह से सुदृढ़ किया है। यादव वोटों को साधने के लिए भाजपा ने अपर्णा यादव के साथ-साथ रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को भी मैदान में उतारा है। रामचंद्र यादव ने दावा किया कि मिल्कीपुर का यादव समुदाय भाजपा के साथ है और इस बार अयोध्या के पिछले चुनाव परिणाम का बदला मिल्कीपुर की जनता लेगी।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अयोध्या के सांसद ने इस क्षेत्र के सम्मान और महिमा को बार-बार ठेस पहुंचाया है। राम पथ पर सवाल उठाने के बाद सांसद ने शिकायत तो वापस




ली, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मिल्कीपुर की जनता इस बार इसका जवाब देगी।

रामचंद्र यादव ने आगे बताया कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत किसान और यादव समुदाय हैं। वे खुद यादव बिरादरी से हैं और इसी बिरादरी के बीच काम करने का दावा किया। उन्होंने कहा, ÷जिस काम को कभी किसी ने नहीं किया, वह हम कर रहे हैं। यादव परिवार के नौजवानों को बिना घूस दिए नौकरी मिल रही है। इस सरकार में किसी को भी एक पैसा देने की जरूरत नहीं पड़ी है। पुलिस और पीएसी की भर्ती में यादव बिरादरी के नौजवानों को सबसे ज्यादा लाभ हुआ है।÷रामचंद्र यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि इन सब कारणों से मिल्कीपुर का यादव समाज इस बार भाजपा के साथ है और उपचुनाव में पार्टी को मजबूत समर्थन देगा।

# समाजवादी पार्टी ही जनमानस की सच्ची की हितैषी- हसीब खान

## मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा नेता के तूफानी जनसंपर्क से विरोधियों की उड़ी नींद





### ➪सपा नेता के साथ जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसंपर्क में जुटे

**अयोध्या/मिल्कीपुर।** विधानसभा उप चुनाव को लेकर वरिष्ठ सपा नेता एवं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान ने कार्यकर्ताओं के साथ सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को लेकर बड़ा जनसंपर्क किया है। सपा नेता के साथ जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद शामिल रहे हैं। उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ सपा नेता हसीब खान ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए सपा की नीतियों से जनमानस को अवगत कराया है ।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में जो विकास कार्य किए हैं उसे पर मौजूदा सरकार खरा नहीं उतर रही है। सपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं को रोजगार, ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में सड़क ,नाली,रोड लाइट शाहिद तमाम व्यवस्थाओं से लैस किया गया। बेटियों को कन्या विद्या धन बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता पढ़े-लिखे नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई इतना ही नहीं महिलाओं को पेंशन, एवं बेटी शिक्षा को बढ़ावा सहित समाजवादी एंबुलेंस, शिक्षक भर्ती, चिकित्सक भर्ती, लेखपाल सेक्रेटरी पुलिस अधिक विभागों में भारी पैमाने पर भर्ती करके एक मिसाल कायम की गई। यही कारण है कि लोकसभा में समाजवादी पार्टी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मौजूदा सरकार के मंसूबे को फेल किया।

उन्होंने जनमानस से अपील किया है कि समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के पक्ष में अपना जन समर्थन दे। इस कार्यक्रम में अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद भी शामिल रहे हैं सपा नेता ने जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद के साथ सपा नेता राम अचल राजभर ,रुश्दी मियां आदि जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल रहे हैं।

# तथाकथित बाबा ने बेच डाली थी राजशाही बग्घी

**सुल्तानपुर।** वर्षो से विवादों में चल रहे बाबा सहज़राम आश्रम की ऐतिहासिक धरोहरे अब सुरक्षित नहीं हैं। सैकड़ों वर्ष पुरानी राजशाही बग्घी का सौदा कर डाला गया। जानकारी होने पर श्री महंत धर्मेद्र दास ने बुधवार को पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को फोन घुमाया तो हड़कंप मच गया। सोमवार को बेची गई बग्घी को पुनःमंगवा कर आश्रम रखवा दिया है। हालांकि, इस बाबत बंधुआकला थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में आश्रम में मौजूद जीतू बाबा ने बताया कि बग्घी काफ़ी पुरानी है। वर्तमान में इसका उपयोग नहीं है। इसे बनवाने के लिए कहीं भेजा गया था। शिकायत के बाद बग्घी मंगवा कर आश्रम में सुरक्षित रखवा दी गई है।

**'जाने कितनी पुरानी है बग्घी'**

श्री महंत धर्मेद्र दास ने बताया कि राजशाही बग्घी बाबा सहजराम के ज़माने की है। कहीं आने जाने में बाबा इसी बग्घी की सवारी किया करते थे। चंदन की लकड़ी से निर्मित राजशाही बग्घी क़ो खींचने के लिए आठ घोड़े लगते थे। यह बग्घी सैकड़ों वर्ष पुरानी और बाबा की निशानी है।

# तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा,,के नायक को छात्रों ने किया याद

## सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल में नेता सुभाष चंद्र जयंती पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**बलरामपुर।** सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल एवं मॉडर्न सिटी मार्केट स्कूल में नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती पर रंगारंग देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के बच्चों ने नेता सुभाष चंद्र बोस पर मनमोहक नाटक प्रस्तुत कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक जीडी पांडे में नेता सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर छात्रों को उनसे जुड़े हुए वीर गाथा को अवगत कराया है। स्कूल प्रधानाचार्य रजनी कसेरा ने नेताजी के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया है। उनके साहस एवं बलिदान से प्रेरणा लेने की अपील की है। विद्यालय के बच्चों में आजाद हिंद फौज के नायक नेता सुभाष चंद्र बोस पर उत्कृष्ट देशभक्ति नाटक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है साथ ही साथ नेताजी के संघर्ष की वीरगाथा से सीख लेने की अपील की। विद्यार्थियों ने नेता



सुभाष चंद्र बोस के नारे तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा को याद करते हुए उनके जीवन एवं सिद्धांतों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया है। छात्रों ने नेताजी का इंडियन आर्मी का यूनिफॉर्म पहनकर अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित किया है इस टीम में अनस ,साहिल शाह,अनामिका, वरदान साहू,अरकान शाह,रेहान, सारी छात्रों ने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले नेता जी को याद करते हुए उनके बताएं मार्गो का अनुसरण करने की बात कही है इस अवसर पर अखिल आर्य,एमबी पांडे, शिवम तिवारी, आराधना, शालिनी ,मुस्कान शुक्ला आदि मौजूद रहे है।

# अटल आवासीय स्कूल प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ी

**बलरामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इस विद्यालय में वहीं छात्र प्रवेश ले सकते हैं जिनके अभिभावक पंजीकृत निर्माण श्रमिक होंगे। इसके साथ-साथ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों सहित कोविद-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों के शैक्षिक सत्र 2025 26 के लिए कक्षा 6 में अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा इसके लिए छठवीं कक्षा में 140 सीट निश्चित है एवं नवी कक्षा में 140 सीट उपलब्ध है इनमें 70 बालक एवं 70 बालिकाओं के सीट निश्चित है अटल आवासीय विद्यालय गोंडा में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन निशुल्क श्रम विभाग कार्यालय में अथवा जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में किया जा सकता है आवेदन पत्र निशुल्क है अभिलेखों के साथ 25 जनवरी 2025 तक आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि शासन से निश्चित थी लेकिन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है।

### जिम्मेदार के बोल

सहायक श्रम आयुक्त कुलदीप सिंह की माने तो अटल आवासीय विद्यालय में छठवीं एवं नवी कक्षा में दाखिले के अंतिम तिथि 25 जनवरी 2025 से पढ़कर 30 जनवरी 2025 किया गया है। अटल आवासीय विद्यालय के पात्र छात्र श्रम विभाग अथवा जिला प्रोबेशन कार्यालय में 30 जनवरी 2025 तक ऑफलाइन कर सकते हैं। इस विद्यालय में अब तक कक्षा छठवीं में प्रवेश परीक्षा के लिए 60 आवेदन एवं नवी कक्षा में 60 आवेदन छात्रों द्वारा किए जा चुके हैं।

# मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों के पालन का लिया शपथ

## छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों ने नेता सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

**बलरामपुर।** गुरुवार को नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती पर स्पोर्ट स्टेडियम में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए यातायात नियमों के पालन का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल ने नेता सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके अदम्य साहस बलिदान को याद कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि सड़क पर गाड़ियों के बढ़ते भार के कारण दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है जिसके कारण प्रतिवर्ष कई लोगों को सड़क दुर्घटना में जान गवना पड़ता है सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए सरकार के दिशा निर्देश पर



कार्य किया जा रहे हैं । जिले में सुरक्षा माह के तहत जन आंदोलन के रूप में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके साथ ही साथ सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बेहतर इंजीनियरिंग के साथ सड़क निर्माण का निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित करते हुए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना हमारी जिम्मेदारी है सुरक्षित ड्राइविंग से स्वयं के साथ-साथ अन्य उपयोगकर्ताओं को भी सुरक्षित रखें। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं शिक्षकों अभिभावकों सहित जन समूह से अपील किया है कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अभिभावक किसी भी दशा में वाहन चलाने की अनुमति न दें। वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहनों का संचालन न करें। नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती पर सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई साथ ही साथ मानव श्रृंखला बनाकर जागरूक किया गया है। मानव श्रृंखला कार्यक्रम में जिले के 14 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शामिल होकर सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर यातायात नियमों का पालन करने का शपथ लिया है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुल आनंद सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अन्य बुद्धिजीवी शामिल रहे हैं।

# सांसद ने झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाने को लेकर केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

**बलरामपुर।** श्रावस्ती लोकसभा सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा ने जिले की समस्याओं को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान जिले की प्रमुख सड़क के चौड़ीकरण एवं झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण करने की मांग की है केंद्रीय मंत्री ने सांसद को आश्वासन दिया है कि जल्द ही उनके कार्यों को गति दी जाएगी।

श्रावस्ती लोकसभा सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर सुनील चौधरी ने बताया है कि बीते दिन सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली आवास पर मुलाकात की है मुलाकात के दौरान जिले के प्रमुख सड़क के चौड़ीकरण एवं ओवरब्रिज को निर्माण को लेकर अवगत कराया है। संसद में केंद्रीय मंत्री को मांग पत्र देकर जरवल रोड से गोंडा होते हुए बलरामपुर के बीच में चौराहा तक सड़क का चौड़ीकरण एवं 730 राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण, झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर मांग पत्र सौंपा है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने संबंधित विभाग को निर्देश दिया है कि पत्र को संज्ञान में लेकर प्राथमिकता के आधार पर निर्माण के कार्य को गति दिया जाए। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जिला मुख्यालय पर झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का बनना जरूरी है ट्रेन के आवागमन से घंटों दो-दो किलोमीटर तक वाहनों के भीड़ लग जाते हैं। जाम के झाम से जिले वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिले वासियों की समस्याओं को लेकर श्रावस्ती लोकसभा सांसद ने सड़क के चौड़ीकरण सहित झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास में जुटे हुए हैं।

# शिक्षा ही युवाओं का हथियार- सत्येंद्र

## पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य ने युवाओं से की मुलाकात

**बलरामपुर।** गुरुवार को जिले के एकदिवसीय भ्रमण पर आये उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सतेन्द्र ने परिचय सम्मेलन में प्रदेश सरकार की नीतियों की जानकारी दी। सम्मेलन में सरकार की जननीतियों की सराहना की है। बलरामपुर नगर के टेढ़ी बाजार निवासी आनंद कुमार चौहान पुत्र मन्नू लाल चौहान के आवास पर 22 जनवरी की देर शाम को एक निजी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदस्य उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग सतेन्द्र ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह परम सौभाग्य है कि आज मुझे रामलला विराजमान के प्रथम वर्षगाँठ पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान आयोजित परिचय सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की विधिवत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के लिए



कल्याणकारी योजनाओं के तहत, छात्रवृत्ति, ऋष्ण, कौशल विकास, व स्वरोज़गार जैसे कई तरह के लाभ मिलते हैं। जानकारी के अभाव में लोग इसका लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं। समस्त समस्याओं को समाधान करने का एक मात्र हथियार शिक्षा है। युवाओं को इस हथियार का सही उपयोग करते हुए स्वयं व समाज के हित में कार्य करना चाहिए। सम्मेलन के संयोजक आनंद कुमार चौहान ने मुख्य अतिथि सतेन्द्र को बुके,स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। मन्नू लाल चौहान ने मुख्य अतिथि सतेन्द्र सहित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथिने भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित हनुमान चालीसा पाठ व आरती में सम्मिलित हुए। हनुमान चालीसा का पाठ डॉ मनोज कुमार ,हर्षिता, मानसी , शिवम,उदित ,आदित्य,मानस, देवांश, विनायक व साक्षी ने किया। इस अवसर पर डॉ राजकुमार, दीपक कुमार, संजय कुमार,घनश्याम चौहान, पवन कुमार, विजय कुमार, हर्ष चौहान व उज्ज्वल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 36146 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में होंगे शामिल,67 केंद्र पर तीसरी आंख का होगा पहरा

## डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापकों को बोर्ड गाइडलाइन से कराया अवगत

**बलरामपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद से आयोजित होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर एमपीपी इंटर कॉलेज में केंद्र व्यवस्थापको सहित राजकीय प्रधानाचार्य की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संकलन केंद्र के साथ परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं से लैस करने के लिए रणनीति बनाई गई है। साथ ही साथ नकल विहीन परीक्षा कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने किया है। उन्होंने कहा कि इस बार बोर्ड परीक्षा का संकलन केंद्र एमपीपी इंटर कॉलेज को बनाया गया है। बोर्ड परीक्षा आगामी 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित होगी। बोर्ड परीक्षा केंद्र के रूप में चार राजकीय इंटर कॉलेज, 18 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, 45 निजी वित्त पोषित विद्यालय केंद्र बनाए गए हैं। बैठक में डीआईओएस में कहां कि इस बार के बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल संस्थागत बालक वर्ग में 11126 एवं हाई स्कूल व्यक्तिगत बालक वर्ग में 74 परीक्षार्थी परीक्षा



देंगे इसी क्रम में हाई स्कूल संस्थागत बालिका वर्ग में 9586 एवं हाई स्कूल व्यक्तिगत बालिका में 37 छात्र परीक्षा देंगे। हाई स्कूल में कुल 20823 एवं इंटरमीडिएट में 15323 छात्र पंजीकृत हैं। इंटरमीडिएट संस्थागत बालक वर्ग में 7781, एवं व्यक्तिगत बालक वर्ग में 325 छात्र पंजीकृत हैं इसी क्रम में इंटर संस्थागत बालिका वर्ग में 7024 एवं इंटर व्यक्तिगत बालिका वर्ग में 193 बेटियां परीक्षा में शामिल होंगी। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र व्यवस्था को निर्देशित किया की जनपदीय कंट्रोल रूम एमपीपी इंटर कॉलेज को बनाया गया है। बैठक में वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा के निर्धारित समस्त परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्न पत्रों एवं अवशेष प्रश्न पत्रों को रखने के लिए प्रधानाचार्य कक्ष से पृथक एक सुरक्षित कक्षा को स्ट्रांग रूम बनाया जाना अनिवार्य है इसमें प्रश्न पत्र के सुरक्षित रख रखाव एवं उनके व्यवहार के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार की गतिविधि का संचालन बिल्कुल नहीं होगा इस स्ट्रांग रूम में एवं इसमें प्रश्न पत्रों को रखे जाने वाली डबल लाख युक्त दो अलमारी होगी। जो 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रहेगी रात में भली भांति निगरानी के लिए अच्छी क्वालिटी के नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे को लगाया जाएगा इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होने दीजाए। परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्रों के पहुंचने से 3 दिन पहले से स्ट्रांग रूम स्थापित कर लिया जाए 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील रखा जाए। कैमरे की रिकॉर्डिंग क्षमता कम से कम 30 दिनों की अनिवार्य होनी चाहिए। एवं समस्त रिकॉर्डिंग 6 महीने तक सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था की जाए आवश्यकता पड़ने पर परिषद को भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिला मुख्यालय के डबल लाख स्ट्रांग रूम से पुलिस अधीक्षक में प्रश्न पत्रों के शील्ड बॉक्स को बंद गाड़ी में संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को हस्तगत कराया जाएगा। स्ट्रांग रूम के दरवाजे की चाबी परीक्षा केंद्र पर तैनात की स्थिति मजिस्ट्रेट की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा जाएगा इस कमरे को प्रत्येक बार खोलने एवं लाख सील किए जाने की कार्रवाई अनिवार्य रूप से केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही किया जाएगा जिसका विवरण लागबुक रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। आदि आवश्यक दिशा निर्देश केंद्र डीआईओएस ने व्यवस्थापको को बोर्ड संबंधी दिए गए हैं। बैठक में वर्ष 2025 की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट बोर्ड के दिशा निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान राजकीय विद्यालय प्रिंसिपल डॉक्टर चंदन पांडे, एमपीपी इंटर कॉलेज प्रिंसिपल राकेश प्रताप सिंह, बसंत लाल इंटर कॉलेज प्रिंसिपल अशोक कुमार पांडे, वीरेंद्र शुक्ला, केपी यादव , अब्दुल हक ,कुमेश सरोज, अमरीश पांडे ,हरिप्रकाश वर्मा, रविंद्र सिंह आदि बोर्ड परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापक एवं राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मौजूद रहे हैं।

# नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती को लेकर एमपीपी के छात्रों को दी गई जानकारी

## 23 जनवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 स्कूलों के छात्र मानव श्रंखला व सड़क सुरक्षा का लेंगे शपथ

**बलरामपुर।** नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में जिले के 20 माध्यमिक विद्यालय के बच्चे शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एमपीपी इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह ने एक दिन पूर्व छात्रों को जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि नेता सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर स्पोर्ट स्टेडियम में माध्यमिक शिक्षा विभाग से मानव श्रृंखला रैली एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के 20 माध्यमिक विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षक शामिल होंगे इनमें मुख्य रूप से बलरामपुर मार्डन इंटर कॉलेज



,बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज ,एमपीपी इंटर कालेज ,डीएवी इंटर कॉलेज भगवती आदर्श इंटर कॉलेज, बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज, जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जवाहर नवोदय विद्यालय ,केंद्रीय विद्यालय ,सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज सहित अन्य स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे शामिल होंगे। एमपीपी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सुरेश कुमार यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा है कि मानव श्रृंखला के साथ सड़क सुरक्षा शपथ का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाना है। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के एक रिपोर्ट के अनुसार 31त्न सड़क दुर्घटना में 18 साल से 31 साल के लोग शामिल है ऐसे में हम सभी को सड़क दुर्घटना को कम करना है सावधानी पूर्वक वाहन संचालित करने हैं 18 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी भी सूरत में दो पहिया चार पहिया वाहन नहीं चलाने देना है इसी को लेकर 23 जनवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती पर विभाग की मुखिया जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद की निगरानी में छात्रों एवं शिक्षकों सहित अभिभावकों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया जाएगा। इस दौरान गीता गौतम अनुराग मोहन पांडे रमेश चंद्र सुरेश कुमार यादव सहित तमाम छात्र उपस्थित रहे हैं। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को निर्देश दिया है कि स्पोर्ट स्टेडियम में समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# मॉडिफाई साइलेंसर बुलेट सवारों पर कब होगी कार्यवाही

**सुल्तानपुर।** मॉडिफाई साइलेंसर वाली बुलेट के लिए पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है न तो इनका चालान हो रहा न ही सीज हो रहे। इनकी धमक से राहगीर परेशान हो रहे। जनपद सुल्तानपुर में बुलेट बाइक में पटाखे जैसी आवाज करने वाले साइलेंसर का इस्तेमाल करने वाले धूम मचा रहे ऐसे बाइक चालकों पर चालानी और जब्ती की कार्रवाई नही की जा रही। लेकिन पुलिस ने जांच अभियान न चलाया न ही तेज आवाज वाले बुलेट चालकों पर चालानी कार्रवाई की। फर्राटेदार बुलेट सवारों की शिकायत मिल रही है। प्रेस कांफ्रेंस में एसपी कुंवर अनुपम सिंह को भी पत्रकारों ने अवगत कराया है। बावजूद इसके नतीजा सिफर है। बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलने वालों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई नही की जा रही है। लोगों का कहना है कि बुलेट का अमानक साइलेंसर निकलवा कर चालानी कार्रवाई करना बेहद जरूरी है।

# जरूरतमंद की मदद करना संस्था का मुख्य उद्देश्य- किरन मिश्रा

## सत्य दुर्गा संस्था ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को शाल देकर किया सम्मानित

**बलरामपुर।** सामाजिक संस्था सत्य दुर्गा फाउंडेशन ने शीतलहर एवं ठंड को देखते हुए बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने वाली स्वयंसेविक अध्यापिका एवं रसोइयों को शाल देकर सम्मानित किया है। संस्था गरीब निराश्रित बेसहारा जरूरतमंद को समय-समय पर मदद करती रही है।

संस्था अध्यक्ष किरण मिश्रा में कोषाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने मीरा देवी सलमान खान जरीना बेगम प्राची अग्निहोत्री सहित तमाम महिलाओं को सामाजिक में कार्य करने पर उन्हें साल भेंट का सम्मानित किया है। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना है। कोषाध्यक्ष ने कहा कि संस्था का प्रयास है कि महिलाओं को हुनरमंद बनाया जाए इसके लिए समय-समय पर विभिन्न कौशल विकास के कार्य सहितगरीब ,जरूरतमंद ,बेसहारा की मदद करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सक्षम



व्यक्ति को समझ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुद्धिजीवी को समय-समय पर सम्मानित करना चाहिए

ताकि उनके हौसले अच्छे कार्यो के लिए बुलंद रहे। यह कार्यक्रम पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल नगरक्षेत्र में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय अध्यापिका शमा खान, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन अरुण कुमार मिश्रा ,रोशन आरा , आमना खातून शिक्षामित्र गीता देवी सहित संस्था पदाधिकारी भोला साहू ,गीता ,अमित कुमार आदि मौजूद रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

## एक सैकड़ा किसान दलहनी खेती का प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण



**बांदा।** जिले के लगभग एक सैकड़ा किसानो को चन्द्रशेखर कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय व भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर के लिये राकेश बाजपेयी जी,समाजसेवी के नेतृत्व मे किसानों को पद्म उमाशंकर पाण्डेय और विजय कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक ने हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस भ्रमण व प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानो को क्षेत्र मे दलहन की खेती के लिये प्रेरित करना है और उनकी खेतो के साथ साथ उनके परिवारो को आर्थिक रूप से मजबूत आधार बनाकर राष्ट्र की उन्नति मे सहभागी बनाना है। इस दौरान शिवचरण शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि जमालपुर, भजन सिंह, पूर्व प्रधान रामपुर विजय शंकर तिवारी सचिव, राजबहादुर पटेल पूर्व प्रधान दोहतरा, शिवा कान्त तिवारी, गुडडन प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई




**बांदा।** राजकीय हाईस्कूल बडोखर बुजुर्ग में गुरवार को आजाद हिंद फौज के प्रणेता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अन्तर्गत सुरक्षित यातायात की शपथ मानव श्रृंखला बनाकर प्रधानाचार्या डॉ. शशि मिश्रा ने विद्यार्थियो एवं ग्रामीणों को दिलाई। बोस की जयंती पर भाषण एवं प्रश्नोंतरी प्रतियोगिता समायोजित करायी गयी। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वीर सुभाष अनंत काल तक शुभ आर्दश रहेंगे। भारत के वासी युग युग तक उनकी कथा कहेंगे। प्रधानाचार्या ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस भारत माता के मंदिर के वह प्रदीप हैं, जो युगों युगों तक भारतीयो का पथ प्रशस्त करेंगे। इस अवसर पर श्रीमती मानसी ओमर नोडल प्रभारी यातायात, श्रीमती नीलम एवं श्रीमती कमला देवी श्री मधुसूदन त्रिवेदी सहित अनेकानेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित हुई तीन दिवसीय श्रीरामलीला

**बबेरू।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ के मौके पर कस्बे में तीन दिवसीय श्रीराम लीला मंचन का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में दर्शकों ने श्रीराम लीला मंचन का आनंद लिया। धनुष भंग लीला और परशुराम लक्ष्मण संवाद देखने के लिए श्रोता डटे रहे। तीन दिवसीय रामलीला के आयोजन मे निम्न पात्रों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें राम रौनक दीक्षित,लक्ष्मण राधव पांडे, सीता रुद्ध मिश्रा, परशुराम अवधेश गौतम, रावण रविशंकर पांडे, बाणासुर शिवा सोनी,जनक अनुराग द्विवेदी,पेटू राजा अजय, विश्वामित्र चंद्रपाल द्विवेदी आदि पात्रों द्वारा भव्य रामलीला का मंचन किया गया।जनक जी द्वारा धनुष को राजाओ द्वारा तोडना तो दूर उसे उठा न सके। इसमें जनक भी विलाप करते है। और कहते है किया वसुंधरा वीरो से खाली है। अगर ऐसा होता तो मै प्रण न करता। इसमें लक्ष्मण भी को रोष आ जाता है। और कहा जहाँ पर रधुवंशी उपरिथत हो वही ऐसे शब्द नही कहने चाहिये राम लक्ष्मण जी को रोष शांत करते है। और धनुष का मंचन करते है। इसके बाद भव्य परशुराम लक्ष्मण संवाद सम्पन्न होता है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने फंदा लगाकर जान दी

**बांदा।** रुपए के लेनदेन को लेकर पत्नी से चल रहे विवाद से परेशान पति ने कमरे के अंदर दीवार में लगे खूटे पर मफलर से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया । मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

पैलानी थाना क्षेत्र के पड़ोहरा गांव निवासी 35 वर्षीय अरुण कुमार पुत्र भोगीलाल ने बुधवार की रात कमरे के अंदर दीवार में लगी खूंटी में मफलर से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह पत्नी ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ी। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनो से पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पुत्र अमित ने बताया कि उसका पिता किसानी के अलावा मजदूरी करता था। कई साल पहले करंट से भैंस मर गई थी। भैंस मरने का मुआवजा तीस हजार रूपए मिला था। जिसमें बीस हजार रूपए नशे मे उड़ा दिया था। शेष बचे दस हजार रूपए को लेकर पति पत्नी अक्सर विवाद होता रहता था। घरवाले रूपया मांगते थे। वह देता नही था। इसी बात से नाराज होकर अरूण ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी जानकी के अलावा दो पुत्र अमित और सुमित छोड़ गया है।उधर मृतक के छोटे भाई अनिल ने बताया कि अरूण दो भाईयो में बड़ा था। दोनो भाईयो का चौदह साल पहले बटवारा हो चुका है।

## डिजिटल बैंकिंग के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को दी गई जानकारी

**बांदा।** इंडियन बैंक आरसेटी में रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया कानपुर से आये अधिकारीयों नए इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग के बारे में प्रशिक्षुओं को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में रिजर्व बैंक के प्रबंधक अभिषेक वर्मा एवं सहायक प्रबंधक सतेंद्र कुमार का आरसेटी वरिष्ठ संकाय सदस्य दीपक शुक्ला एवं संकाय सदस्य ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ संकाय सदस्य दीपक शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में आरबीआई प्रबंधक ने प्रशिक्षुओं को बैंकिंग लेनेदेन में धोखाधड़ी से जागरूक कराया। डिजिटल बैंकिंग के फायदे भी बताये। सहायक प्रबंधक सतेंद्र ने भारत पे यूपीआई के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बिना इंटरनेट के भी यूपीआई का लाभ लिया जा सकता है एवं एटीएम कार्ड के सुरक्षा के तरीके बताये और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना गुप्तेकोड साझा न करने की सलाह दी। जागरूकता कार्यक्रम महिला सिलाई एवं बकरी पालन के 60 प्रशिक्षु एवं आरसेटी स्टॉफ में वरिष्ठ संकाय दीपक शुक्ला, संकाय अभय सिंह, कार्यालय सहायक अरूण कुमार एवं अमितेन्द्र कुमार एवं परिचर शीलू शर्मा एवं मौजूद रहे।

## बुजुर्ग का शव झाड़ियो मे मिला

**बांदा।** निमंत्रण में जा रहे बुजुर्ग का शव झाड़ियो में पड़ा पाया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौध थाना क्षेत्र के बसहरी गांव निवासी 75 वर्षीय पुन्ना का शव गुरूवार की सुबह जखौरा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित झाड़ियो में पड़ा पाया लोगो ने देखा तो स्टेशन मास्टर को सूचना दी।

# 1500 मीटर दौड़ में गुरुदयाल, 800 मीटर दौड़ में अशोक व मनोरमा अव्वल

▸▸ प्रतियोगिता के दौरान लंबी कूद में अनीस ने बाजी मारी
▸▸ भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** ग्रामीण खेल लीग के तहत जिला स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज हुआ। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल, कुश्ती, जूडो एवं फुटबाल आदि खेल विधाओं में विकास खण्ड स्तर ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया।

सब-जूनियर पुरूष वर्ग में 800 मीटर दौड़ में अशोक कुमार, लम्बी कूद में अनीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालिका वर्ग में 800 मीटर दौड एवं लम्बी कूद में कमासिन ब्लाक की मनोरमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गोला फेक एवं चक्का में बबेरू ब्लाक की बिट्टो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर पुरूष वर्ग में 200 मीटर दौड़ व 1500 मीटर दौड़ में भोलाराम, 800 मीटर दौड में जगनायक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर महिला वर्ग में गोला,चक्का एवं भाला फेक में बडोखर ब्लाक की कनिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर महिला वर्ग में 200 मीटर दौड में प्राची ने एवं गोला,चक्का एवं भाला फेक में बडोखर ब्लाक की अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर पुरूष वर्ग में 200 मी0 दौड में मंयक ने एवं 1500 मीटर दौड में गुरूदयाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उदघाटन भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज बांदा के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दौरान जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी बांदा श्री राहुल सिद्धार्थ, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी श्री सतीश कुमार,श्री आदित्य कुमार, श्री जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे। खेल निर्णायक की भूमिका में जिला व्यायाम प्रशिक्षक श्रीमती अमिता कुशवाहा, ब्लाक व्यायाम प्रशिक्षक आनन्द सिंह गौतम, ब्रजकिशोर अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहें। भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज बांदा के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र एवं जिला युवा कल्याण एवं अधिकारी राहुल सिद्धार्थ के द्वारा विजेता खिलाडियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

## बीमारी से परेशान युवती ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** मायके में रह रही युवती ने बीमारी से परेशान होकर आगन में छप्पर की धन्नी में दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया । मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बदौसा थाना क्षेत्र के गजपतिपुर गांव निवासी 29 वर्षीय ओमकली पत्नी नरेश मकर संक्रांति में अपने मायके बिसंडा थाना क्षेत्र के अजीत पारा गांव आई थी। गुरुवार की सुबह वह अपने 3 वर्षीय पुत्र प्रियांशु को लघुशंका कराने के बाद उसे कमरे के अंदर भेज दिया। आंगन में छप्पर की धन्नी में दुपट्टा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर के बाद उसकी छोटी बहन ओमबाई की नींद खुली शव देखते ही वह चीख पड़ी। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काट कर शव को नीचे उतार लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया । मृतका के पिता कि नरेश वापी में रह कर मजदूरी करता है।

## 17 हजार छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

▸▸ आयुक्त ने कहा - नेताजी सुभाषचंद्र बोस के सिद्धांतों और आदर्शों को अपनाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को मानव श्रृंखला बनाई गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने महाराणा प्रताप चौक में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र के सिद्धांतों एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया, इस स्वतंत्रता को बनाए रखने के साथ दूसरों की स्वतंत्रता के संबंध में भी विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए एकाग्रता के साथ सड़क पर वाहनों का संचालित करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का सही रूप से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी चीज असंभव नहीं है, अपने आप को जगाते हुए अपने अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र एवं लगन से लगे रहें सफलता अवश्य मिलेगी। जिलाधिकारी जे. रीभा ने कहा कि सभी छात्र सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक होते हुए उनका पालन करें। वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन संचालन के समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं करने से दुर्घटनाओं में काफी लोगों की हानि होती है।, कार्यक्रम उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी व सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए मानव श्रृंखला में लगभग 17000 छात्र-छात्राओं ने शहर के विभिन्न चौराहाओं से होते हुए 10 किलोमीटर की सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु मानव श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर अखंड हिंद फौज के छात्रों द्वारा देशभक्ति से संबंधित एवं सड़क सुरक्षा के प्रति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, संभागीय परिवहन अधिकारी उदयवीर सिंह, एआरटीओ शंकर सिंह सहित अन्य संभ्रांत लोग एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## डीएम बनीं शिक्षिका, ब्लैक बोर्ड पर सवाल लिखकर समझाए प्रश्न

### डीएम ने बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय गुरेह का किया निरीक्षण






**बांदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा ने गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय गुरेह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरेह का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर व छात्र-छात्राओं के उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 92 बच्चे उपस्थित पाये गये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता को चेक किये जाने के लिए कक्षा-6 के बच्चों से प्रोटीन, कार्बोहाइडेट, कक्षा-8 के बच्चों से विज्ञान एवं गणित के सम्बन्ध में बच्चों से प्रश्न पूंछे। उन्होंने स्वयं भी बच्चों को स्वयं ब्लैक बोर्ड में लिखकर गणित के प्रश्नों को समझाया। उन्होंने बच्चों को डेऊस में स्कूल आने को कहा तथा विद्यालय में समय से सभी बच्चें उपस्थित रखने के निर्देश अध्यापकों कों दिये। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिये कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति नामांकन के अनुरूप करायें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक व एक सहायक अध्यापक अवकाश पर मिले। विद्यालय के शौचालय में गन्दगी पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय व शौचालय में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को मिड-डे-मील गुणवत्ता के साथ मीनू के अनुरूप दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने रसोई घर का निरीक्षण करते हुए खाद्यान को सुरक्षित ढंग से पर्याप्त मात्रा में रखे जाने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम ने प्राथमिक विद्यालय गुरेह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कक्षा-1 से 5 तक के 143 बच्चे उपस्थित पाये गये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता के लिए कक्षा चार के बच्चों से गुणा एवं भाग के प्रश्न पूंछते हुए हल कराए, जिस पर बच्चों द्वारा सही ढंग से सवालों को हल करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में आंगनबाडी केन्द्र बन्द पाया गया। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से केन्द्र के बन्द होने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए केन्द्र को सुचारू रूप से संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अव्यक्त राम तिवारी सहित विद्यालय के अध्यापक गण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## विधान से समाधान कार्यक्रम दी गई कानूनी जानकारियां





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. बब्बू सारंग के निर्देश पर विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिलाओं के हित सरंक्षण व उनके अधिकारों के बारे में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन हुआ। ब्लाक महुआ में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सिविल जज (सीडि) गरिमा सिंह ने अपने सम्बोधन में महिलाओं को प्राप्त मुफ्त कानूनी सहायता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव, देश की प्रत्येक महिला को सुरक्षा की भावना प्रदान करना, पुरुषों के समान पारिश्रमिक का लाभ आदि के सम्बंध में विस्तार से व्याख्यान किया गया। महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, पीछा करना, यौन शोषण, लिंग के आधार पर परेशान करना, यौन उत्पीड़न और इनमें सबसे भयावह अपराध बलात्कार जैसे अत्याचारों का शिकार होना पड़ता है। ऐसे उत्पीड़न का शिकार असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं, घरेलू काम करने वाली महिलाएं, निजी या सरकारी संगठनों में कार्य करने वाली महिलाएं होती है। जज महोदया ने बताया कि महिलाओं को ऐसी किसी प्रकार की समस्या होने पर वे अपना प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा स्वयं आकर अथवा डाक के माध्यम से भी दे सकती है जिस पर उन्हे मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जायेगी। अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने कहा कि किसी भी महिला या बालिका का गर्भपात कराना कानूनन अपराध है। चिकित्सीय गर्भ समापन अधि0-1971 एवं संशोधित अधिनियम-2002 के प्रावधानों के अनुसार इस कानून का उल्लंघन करने पर 02 से 07 वर्ष तक की सजा का प्रावधान हैं। गर्भवस्था को समाप्त करने की गर्भकालीन समय सीमा 20 से 24 सप्ताह के अन्दर होना चाहिए। उन्होंने पूर्व गर्भाधान और प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम-1994 के बारे में जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी महुआ प्रियांशी ने महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताया गया। पराविधिक स्वयं सेवक सुमन ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आत्मचिंतन एवं स्वनिर्णय की शक्ति होना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होने बताया कि महिलाओं को उन नकारात्मक स्थितियों से बचना चाहिए जो उनके सशक्त होने में बाधक है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमन्त्री कन्या सुमंगला योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि के सम्बंध में जानकारी प्रदान करते हुए धारा 125 सीआरपीसी के अन्तर्गत भरण-पोषण के सम्बंध में विस्तार से व्याख्यान किया। इस दौरान काउंसलर अंजू निशांत वन स्टॉप सेंटर ने भी संबोधित किया। शिविर का संचालन सुमन शुक्ला ने किया। इस मौके पर उमा मुख्य सेविका, ब्लाक महुआ व राशिद अहमद डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुश्री राधा शर्मा, कुसमा, विद्या, मन्जू आदि उपस्थित रहीं।

## प्रथम वर्षगांठ पर जलाए गए दीप, वितरित किया प्रसाद

**तिंदवारी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को लेकर नगर के स्वयंसेवकों में खुशी का माहौल रहा । राम भक्तों के द्वारा नगर के काली देवी मंदिर में दीप जलाकर प्रभु श्री राम की आराधना की गयी।मुख्य रूप से ऐतिहासिक काली देवी मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्थानीय श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर में दीपक जलाये गये।साथ ही भगवान की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गयी।इस मौके पर भगवान को पारंपरिक भोग लगाने के साथ-साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। आसाराम गुप्ता ने बताया कि लोक जन कल्याण की भावना से दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आशाराम गुप्ता, रितेश कुमार ,प्रतीक सिंह ,हिमांशु अग्रवाल ,राकेश कुशवाहा, कुलदीप गुप्ता ,गोलू गुप्ता, चंदन कुशवाहा ,मोहन कुशवाहा मौजूद रहे।

## ससुराल में युवती की फांसी से मौत

**बांदा।** ससुराल में युवती का शव कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी के सहारे फंदे पर लटकता पाया गया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बदौसा थाना क्षेत्र के उतरवां गांव निवासी 22 वर्षीय मंजू पत्नी राम मनोहर का शव बुधवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी के सहारे फंदे पर लटकता पति ने देख तो फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। जीवित होने की संभावना पर घरवालों ने उसे पीएचसी बिसंडा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव देखते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई। मृतका के पिता देवी दयाल निवासी ओरा चित्रकूट का कहना है कि मंजू की शादी 2019 में हुई थी। उसके 4 वर्ष का बेटा रीशू है। पति मजदूरी करता है अक्सर उसकी बेटी के साथ मारपीट करता है। मकर संक्रांति में मंजू मायके आई थी । त्यौहार के बाद तत्काल पति अपने साथ लिवा ले गया था। बताया कि दो दिन पहले मंजू ने अपनी मां सुखरानी को फोन करके बताया था कि पति ने उसे लात घुसो से मारपीट कर जख्मी कर दिया है। बुधवार को दोबारा फोन कर रही थी। तो फोन नही करने दिया। पिता का आरोप है कि ससुराली जनो ने उसकी बेटी को मारपीट कर मार डाला। उसके शरीर पर चोट के निशान है।

## वाहनों में भरे 44 मवेशी पकड़े, छह लोग किए गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** मवेशियों को पिकअप वाहन में भरकर ले जाते समय कमासिन थाना पुलिस ने छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दावा किया कि मवेशियों को काटने के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने पिकअप व डीसीएम वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।

अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तहत गश्त और चेकिंग के दौरान कमासिन थाना पुलिस ने बुधवार को कस्बा कमासिन से छह अभियुक्तों को एक पिकअप व एक डीसीएम में मवेशियों को लादकर ले जाते पकड़ लिया। वाहनों में 34 भैंसे व 10 छोटै मवेशी शामिल हें। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि पिकअप में लदे 11 भैंसे व दो छोटे मवेशी ग्राम सेमरिया सीधी (मप्र) से जनपद फतेहपुर व डीसीएम में लदे 23 भैंसे व 08 पड़वा ग्राम छवारी सीधी (म0प्र0) से उन्नाव ले जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में सनी सिंह उर्फ गुल्लू पुत्र बड़े सिंह निवासी सेमरिया, जनपद रीवां, अमन कोल पुत्र कल्लू कोल निवासी सेमरिया जनपद रीवां, मोहम्मद सहिजाद पुत्र शेरअली निवासी हटवा कमर्जी जनपद सीधी मप्र, अख्तर खां पुत्र वाहिद खां निवासी छवारी, मझौली जनपद सीधी, अरविंद चौधरी पुत्र रामनाथ निवासी सेमरिया, जनपद रीवां और रावेन्द्र दीवान पुत्र रामदीन दीवान निवासी छवारी, मझौली जनपद सीधी मप्र शामिल हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमासिन अजीत प्रताप सिंह, उप निरीक्षक पवन कुमार पांडेय हेड कांस्टेबल अश्वनी प्रताप सिंह, नीतीश द्विवेदी, कांस्टेबल संदीप कुमार व मनीष शुक्ला शामिल रहे।

# महाकुम्भ में दहेज प्रथा के खिलाफ उठी आवाज

## राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने समाज को जागरूक करने का किया आह्वान

### राज्यपाल ने परमार्थ निकेतन के शिविर में दिव्य मानस कथा में लिया हिस्सा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ-2025 के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयाग में आयोजित परमार्थ निकेतन शिविर में गुरुवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, आनंदी बेन पटेल ने उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने यहां राष्ट्रसंत पूज्य मोरारी बापू जी के श्रीमुख से हो रही श्रीरामचरित मानस कथा का भी श्रवण किया। इस अवसर पर आनंदी बेन पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके पराक्रम और साधना को नमन किया। उन्होंने कहा कि महापुरुष अपने कार्यों और विचारों से सदैव जीवंत रहते हैं।



राज्यपाल ने बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन पर जोर दिया। उन्होंने बेटियों के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही, दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

## पूज्य बापू का ज्ञान मार्ग

**प्रयागराज।** राष्ट्रसंत मोरारी बापू ने श्रीरामचरित मानस के माध्यम से श्रद्धा और आस्था का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कथा, धर्म और परमार्थ का गूढ़ अर्थ प्रदान करती है। मलूकपीठाधीश्वर श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि श्रीरामचरित मानस, श्रीराम का सजीव चरित्र है। उन्होंने पूज्य बापू की कथा को सत्य, प्रेम और करुणा का संगम बताया।स्वामी चिदानंद सरस्वती जी ने नेताजी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सत्संग और कथा मन की गुलामी से आज़ादी प्रदान करती है।

## कार और ट्रक की टक्कर बुजुर्ग की मौत और छह घायल

**प्रयागराज।** रुदापुर गांव के सामने हाईवे पर गुरुवार की सुबह अयोध्या दर्शन करने जा रही दर्शनार्थियों से भरी इनोवा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई, जिससे कार में बैठे एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तत्काल स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार छतरपुर (मध्य प्रदेश) के उदय नगर निवासी 40 वर्षीय चंद्रप्रकाश गोस्वामी अपने परिवार के साथ इनोवा कार से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। फाफामऊ थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव के सामने गुरुवार की सुबह करीब सात बजे हाईवे पर पहुंचे, तभी अचानक सामने मवेशी आने से चालक ने कार से नियंत्रित खो दिया। बेकाबू कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई।

# संस्कार भारती की शोभायात्रा का केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारत के उत्थान में भारतीय वीरांगनाओं का अमूल्य योगदान रहा है उन्ही के उत्सर्ग और समर्पण में संस्कार भारती ने एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जिसको मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने केसरिया झंडा दिखाकर गंगा तट पर रवाना किया।

संस्कार भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री अभिजीत गोखले के नतृत्व में भव्य शोभायात्रा गंगा पूजन एवं विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान द्वारा पूर्ण हुआ जिसमें देश भर के 16 राज्यों से 300 कलाकारों ने प्रतिभाग किया। हमारा देश महीमसी मीराबाई की 525 वीं जयंती मना रहा है, चंदेल कन्या महारानी दुर्गावती की500 वीं और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती बहुत ही श्रद्धा से मना रहा है।



भव्य आयोजन मे संस्कार भारती के पदाधिकारियों में अनीता करकरे, हेमलता देशमोहन, मिथिलेश तिवारी, अशोक तिवारी, विजय कुमार देवेंद्र रावत, देवेंद्र त्रिपाठी, गणेश प्रसाद अवस्थी, सुजीत श्रीवास्तव, उदय कुमार दास, दीपक शर्मा, सुशील राय, योगेंद्र मिश्रा, प्रेमलता मिश्रा, विभव मिश्रा, ज्योति मिश्रा, कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा, डॉ सचिन सैनी, प्रियंका सिंह, अंजना त्रिपाठी, रागनी चंद्रा, संदीप कुमार वर्मा तथा 300 कलाकारों ने उत्साह पूर्वक शोभयात्रा में प्रतिभाग किया।

पंडाल में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ सचिन सैनी के संयोजन में युवा कलाकारों द्वारा सैंड आर्ट में बनाई गई अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने पुष्प अर्पित किया और मंच पर दीप प्रज्वलित कर पंडाल के सांस्कृतिक का शुभारंभ किया।

# जीआईसी मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में बंधे 320 जोड़ें



**सीतापुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत शहर के जीआईसी मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 320 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने सभी जोड़ो को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। इसके बाद सभी जोड़ो को उपहार भी वितरित किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि बेटियों की शादी के लिये यह अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री लगातार अपने वादे निभा रहे हैं। राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी सोच को धरातल पर उतारते हुए इस वृहद योजना को कुशलतापूर्वक क्रियान्वित कराया है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों से अपेक्षा की कि विवाह के दौरान दिये गये 07 वचनों का पूरी निष्ठा से पति-पत्नी पालन करते हुये खुशहाल जीवन व्यतीत करें। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि सामूहिक विवाह में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा का परिणाम है। जहां एक ही स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न हुये हैं। डीएम अभिषेक आनंद ने योजना के विषय में जानकारी देते हुये उपस्थित सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर सीडीओ निधि बंसल, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड जैसी शक्तिशाली संस्था से जुड़ें छात्र- सीडीओ

## 63वीं जनपदीय स्काउट/गाइड रैली का हुआ उद्घाटन






**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में जनपदीय स्काउट/गाइड रैली का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। रैली प्रतियोगिता तीन दिवसीय तक चलेगी।जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ तथा स्कॉर्प पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह व जिला सचिव कमलेश द्विवेदी ने जिला नोडल उपाध्यक्ष व डीआईओएस पी एन सिंह को पुष्प गुच्छ तथा बैज अलंकरण कर स्वागत किया।विद्यालय प्रांगण में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कुबेर सिंह को भी बैज अलंकरण कर पदाधिकारी ने स्वागत किया।

मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर रैली का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहां कि जनपद के सभी छात्रों को स्काउट गाइड जैसी शक्तिशाली संस्था से जुड़ने के लिए आवाह्न किया और बताया कि नियम तथा आदर्शो को आत्मसात् करने के लिए प्रेरित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट की वर्दी पहनने के बाद इसमें अलग प्रकार की देश भावना जागती है।

आज प्रथम दिन रैली में प्रतिभागियों को वर्दी मार्च पास्ट, कलर पार्टी, स्काउट गाइड सभी प्रतिभागियों की जांच हुई है। कार्यक्रम के मंच का संचालन प्रभाकर त्रिपाठी, जिला सचिव कमलेश द्विवेदी तथा जिला संगठन आयुक्त वेद प्रकाश भगत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पीपी सिंह, संतोष सिंह, डॉ हरि प्रकाश यादव, प्रधानाचार्या जीआईसी नीलम मिश्रा, शशि वाला चौधरी, जिला नोडल डॉ आकांक्षा केसरी व जनपद के नोडल स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन वालंटियर उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका खारिज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अंतरिम जमानत को लेकर गुरुवार को फिर से सुनवाई हुई। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनी। इसके बाद याचिका को खारिज कर दिया। देर शाम एडीजे दिनेश नागर ने अपना फैसला सुनाया।



सांसद पक्ष के अधिवक्ता अरविंद मसलदान ने तर्क दिया था कि एफआईआर में घटना का दिन नहीं लिखा गया है। साथ ही जो उम्र दर्ज है, वह भी ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म के मामले में अंतरिम जमानत मिल सकती है। इसलिए उनके मुवक्किल को राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जमानत नहीं मिलती है, उसमें सांसद नहीं आते है। वहीं पीड़िता पक्ष के अधिवक्ता शैलेंद्र मिश्र बड़कऊ ने कहा कि एमपी का पद जिसकी सहमति से संविधान तक में हस्तक्षेप हो सकता है। ऐसे मामले में उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए। सांसद के बेटे और उनके साथियों ने सुलह किए जाने का दबाव बनाते हुए सोशल मीडिया पर पीड़िता व उसके परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया है। इसको लेकर केस भी दर्ज हुआ है। ऐसे में कांग्रेस सांसद को जमानत नहीं मिलनी चाहिए।

## पुलिस ने एक वारन्टी को किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सराय दारा शिकोह उर्फ मिझूरा निवासी सुनील सिंह पुत्र वंशबहादुर सिंह को न्यायालय के द्वारा जारी किये गया गैर जमानती वारंट में गुरुवार को बहरिया पुलिस उसको घर से गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय भेज दिया । गिरफ्तारी टीम में मुख्य रुप से सब इंस्पेक्टर उमेश यादव रहे ।

# खो खो, कबड्डी और एथलेटिक्स में छात्राओं ने दिखाया दम

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वार्षिक खेल स्कूल प्रतियोगिता का तीसरा दिन

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज मैं आज वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन का आयोजन मदन मोहन मोहन मालवीय स्टेडियम में किया गया। आज होने वाली प्रतियोगिताओं में खो खो, कबड्डी एवं एथलेटिक्स की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शामिल रहीं।

प्रतियोगिता का आरंभ में संगीत विभाग की छात्राओं ने हम होंगे कामयाब गीत प्रस्तुत किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो आशिमा घोष एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ अंजलि शिवहरे ने मुख्य अतिथि प्रो शोनाली चतुर्वेदी, वनस्पति विज्ञान विभाग, इ. सी. सी. प्रयागराज को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय क्रीड़ा



अधिकारी प्रेम कुमार एवं मुख्य अतिथि प्रो शोनाली चतुर्वेदी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष ने बताया की 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिवस भी है जिसे पराक्रम दिवस के रुप में मनाया जाता है।

प्रतियोगिता के दौरान खेल कूद क्रियाकलाप समिति के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे

# पथ संचलन में दिखा देशभक्ति का जज्बा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विद्या भारती काशी प्रांत की ओर से सेक्टर नौ में लगाए गए महाकुम्भ दर्शन शिविर में चार दिवसीय क्षेत्रीय घोष वर्ग का समापन गुरुवार को हुआ। लगभग 2000 छात्र-छात्राओं के पथ संचलन में देशभक्ति का जज्बा दिखा। पथ संचलन का शुभारम्भ अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र, क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र एवं क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बिगुल, ड्रम, बांसुरी आदि वाद्ययंत्रों को बजाते हुए पूरे अनुशासन के साथ विद्यार्थियों का दल निकला तो हर कोई रुककर उन्हें देखने लगा। छात्र-छात्राओं के साथ महापुरुषों (सुभाषचन्द्र बोस, अहिल्याबाई आदि) की मनमोहक झांकियां, रथ, घोड़ा, बग्गी आदि शोभा बढ़ाती रही। पथ संचलन मेला क्षेत्र में विभिन्न मार्गो से होते हुए अपने शिविर में आकर समाप्त हुआ।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख राम लाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने, सामाजिक कौशल को विकसित करने और रचनात्मक विचारों को साझा करने का अवसर मिलता है। अतिथियों का स्वागत प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी ने और प्रांत प्रचार प्रमुख तथा ज्वाला देवी सिविल लाइंस के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज, कानपुर के प्रांत संगठन मंत्री रजनीश, एवं स्वामी सुधारानन्द उपस्थित रहे।

# स्वाधीन भारत निर्माण के सैन्य क्रांति के प्रकाश थे सुभाष चंद्र बोस- संजय भट्टाचार्य

## सुभाष चंद्र बोस एवं ठाकुर रोशन सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** ओल्ड कालीबाड़ी, राजरूप पुर प्रयागराज के तत्वाधान में मां भारती के अमर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वीं जन्म जयंती आज ओल्ड कालीबाड़ी के ट्रस्टी मेंबर्स, जनरल मेंबर्स एवं राजरूप पुर के निवासियों ने सुभाष चन्द बोस और महान क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह की 1330वीं जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर ओल्ड कालीबाड़ी राजरूप पुर के सचिव संजय भट्टाचार्य ने कहा कि स्वाधीन भारत के निर्माण में सुभाष चंद्र बोस पराक्रम एवं उनका समर्पण मां भारती की आजादी के प्रति रहा उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए सैन्य क्रांति के बल पर अंग्रेजी शासन की नींव को हिला कर दिया उनके द्वारा दिल्ली चलो का नारा, एवं तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा का नारा इस देश को नौजवानों को राष्ट्र की आजादी के प्रति प्रेरित किया

इस अवसर उन्होंने क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह के जीवन पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक संजय भट्टाचार्य रहे।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों श्री संजय भट्टाचार्य, कमल गुहा, नरेश वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, शिवजी श्रीवास्तव, सुखुमोई मित्र, जयंतो डे, पी के चक्रवती, परेश गांगुली , एम आर सेन एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर हुआ भंडारा



**सीतापुर।** श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर पीरपुर ग्राम में शंकर जी के मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर रामजानकी जी की भव्य झांकी निकाली। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गांव के लोगों ने मंदिर परिसर में चल रहे भंडारे प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष, भाजपा नेता व प्रधान गुजरा संजय लोधी मनीष ने कहा कि प्रभु श्रीराम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ सभी देशवासियों के लिए भक्ति और उत्साह का दिन है। आज के ही दिन हमारे आराध्य भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अवधेश लोधी, भाजपा नेता रामचंद्र राठौर, रमेश राठौर, मुनेन्द्र, छत्रपाल सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# सक्षम संस्था ने लाजवंती का कराया नेत्रदान

## सक्षम संस्था महाकुंभ में 06 फरवरी से 26 फरवरी तक लगाई नेत्र शिविर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** आर्य नगर निवासी लाजवंती देवी पत्नी स्व. दुलीचंद अग्रवाल का 90 वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। मृत्यु के बाद उनके पुत्र विजय अग्रवाल एवं पौत्र ऋषभ ने सक्षम संस्था के पदाधिकारियों को फोन करके अवगत कराया। इसके बाद संस्था के संदीप भरतिया ने आंख अस्पताल फोन करके चिकित्सकों को अवगत कराया। इसके बाद सक्षम संस्था के मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल व अरुणेश मिश्रा द्वारा डॉक्टरों की टीम का गठन करके आर्य नगर पहुंचे। जहां एक छोटे से ऑपरेशन करके उनकी दोनों कॉर्निया सुरक्षित कर ली



गई। जो दो जरूरतमंद लोगों को निशुल्क लगा दी जाएगी। उनकी अंधेरी जिंदगी में सदैव के लिए उजाला आ जाएगा। महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सक्षम संस्था महाकुंभ में 06 फरवरी से 26 फरवरी तक एक नेत्र कैंप का आयोजन कर रही है। इसमें लगभग 05 लाख लोगों का निशुल्क आई परीक्षण, 2 लाख चश्मो का मुक्त वितरण एवं नेत्र परीक्षण के बाद जरूरतमंदों का निशुल्क ऑपरेशन करेंगा। 2019 के कुंभ में भी 2 लाख लोगों का निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण किया गया था, 155000 चश्मो का वितरण किया गया था वह 23000 लोगों का मुफ्त आपरेशन किया गया था। कोषाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल ने बताया की संस्था ने 250 लोगों का नेत्रदान करवा लिया है। भविष्य में इस संख्या को जल्दी ही 500 तक पहुंचाया जाएगा। सीतापुर के लोग अब बहुत ही जागरूक हो रहे हैं और नेत्रदान लगातार हो रहे है । सुभाष अग्निहोत्री ने कहा कि नेत्रदान से बड़ा कोई दान नहीं है। जिसमें जीव निजीव होकर भी दूसरों के काम आ सकता है। इस मौके पर विजय अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, शिव शंकर अग्रवाल, प्रहलाद राय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, हरि ओम, विशाल अग्रवाल, मन्नू, रजनीश अग्रवाल, लालता गोयल, अंचल अग्रवाल, शिव मोहन, अंकित, मोनू जैन, राजेश अग्रवाल, संदीप भरतीया, अशोक अग्रवाल, क्षितिज, मोनू, डॉ अशोक कपूर,अरविन्द अग्रवाल, सुनील,ईशु मेहरोत्रा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# महाकुंभ में निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ

**महाकुंभनगर।** आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन प्रयागराज द्वारा महाकुंभ में सेक्टर नंबर छह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन गुरुवार को मुख्य अतिथि एसडीएम फूलचंद



यादव एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 भंवर सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया।मुख्य अतिथियों को डॉ अखिल निगम, डॉ आनंद प्रकाश सिंह, डॉ संतोष यादव, डॉ अंकित जायसवाल ने कुम्भ कलश स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।शिविर प्रभारी डा0 सुनील पटेल ने बताया कि माघी पूर्णिमा तक सभी श्रध्दालुओं को निशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण किया जाएगा। डा0 राजेश श्रीवास्तव ने समस्त आगन्तुक मुख्य अतिथियों एवं चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से डा0 जी.के शांगलू, डा0 बी बी मिश्रा ,डा0 कपूर केसरवानी, डा0 भगवान केशरी, डा0 संजय सिंह, डा0 एस एन मिश्रा ,डा0 सागर, डा0 पंकज विश्वकर्मा, राजकुमार, विनोद कुमार यादव आदि शामिल रहे।

# पार्थवर्धन का शतक, ईशान का बहुमुखी खेल

**प्रयागराज।** वाईएमसीए क्लब और गंगा डिग्री कॉलेज क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 एवं 16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इसमें वाईएमसीए के पार्थवर्धन सहायक के शतक (136 नाबाद, 72 गेंद, 19 चौके, चार छक्के) और ईशान सिंह के बहुमुखी खेल (66 नाबाद एवं 4-0-27-5) और गंगा डिग्री कॉलेज के अभिताभ (4-0-22-3) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर



पार्थवर्धन सहायक ईशान सिंह अभिताभ

गुरुवार को खेले गए मैच में वाईएमसीए क्लब ने 20 ओवर में बिना विकेट खोए 215 रन (पार्ववर्धन सहायक 136 नाबाद, ईशान सिंह 66 नाबाद) बनाए। जवाब में डीएसए क्लब की टीम 17.1 ओवर में 109 रन (मोहम्मद फैज 32, ईशान सिंह 5/27, पार्थवर्धन, अश्मित सरोज व लक्ष्य यादव एक-एक विकेट) पर सिमट गई। ईशान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे मैच में गंगा डिग्री कॉलेज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 165 रन (दिलीप कुमार 67 नाबाद, सुधांशु 33, आर्यन 30, आकाश सिंह 22, वंश 3/20, शोएब खान 2/37) बनाए। जवाब में एसके साहू क्लब की टीम 20 ओवर में 122 रन (गुलाम अली खान 40, यशराज 23, अभिताभ 3/22, अनुराग पटेल 2/20, आकाश 2/25) पर सिमट गई। अभिताभ को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# नीलम करवरिया कप की तैयारियों पर हुई चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अगले वर्ष अक्टूबर माह में प्रस्तावित नीलम करवरिया क्रिकेट प्रतियोगिता की आयोजन समिति की बैठक पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के कल्याणी देवी स्थित आवास पर हुई। बैठक में ट्रायल के लिए मैदानों का चयन, उनके निरीक्षण और टीमों के कोच व मैनेजर के नाम तय करने पर चर्चा हुई।

आयोजन सचिव सक्षम करवरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपाध्यक्ष गौरव करवरिया एवं अन्य सदस्यों ने



तय किया कि टीमों का ट्रायल उनके विधानसभा के नजदीक ही किसी मैदान पर कराया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति की टीम सभी विधानसभा में जाकर मैदान का निरीक्षण करेगी।

बैठक में यह भी तय हुआ कि विधानसभावार बनने वाली प्रत्येक टीम का कोच कोई सीनियर खिलाड़ी या कोचिंग डिप्लोमा धारक ही रखा जाए, टीम का मैनेजर स्थानीय विधानसभा का हो सकता है। प्रतियोगिता की अन्य रूप रेखा 21 फरवरी को होने वाली अगली बैठक में तय की जायेगी। बैठक में सक्षम करवरिया, बीके मिश्रा, देवेश मिश्र, केबी काला, परवेज आलम, अजय कुशवाहा, खुर्शीद अहमद राईन, शिशिर मेहरोत्रा, एसपी सिंह, मोहम्मद नबी, पवन वर्मा, विजय तिवारी, मुकेश भारतीय, आदि मौजूद रहे।